


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 रोहित शर्मा को उम्मीद, नए चेहरे आईपीएल में शुरू से ही छाप छोड़ेंगे ...

न्यूजीलैंड ने 3 रन से जीता तीसरा विमेंस टी-20 11



वर्ष : 14 | अंक : 312 | नई दिल्ली, सोमवार, 25 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## आवश्यक सूचना

प्रातः किरण परिवार की तरफ से आप सभी को रंगों के त्योहार होली की ढेरों सारी बधाई व शुभकामनाएं। होली के अवसर पर 25 मार्च एवं 26 मार्च 2024 को प्रातः किरण का दफ्तर बंद रहेगा। अतः आप सभी पाठकों को प्रातः किरण का अगला अंक 28 मार्च 2024 को मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम मोदी ने देशवासियों को दी होली की शुभकामनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं और कामना की स्नेह और सद्भाव के रंगों से सजा यह पारंपरिक पर्व सभी के जीवन में नई ऊर्जा व नया उत्साह लेकर आए। देश में सोमवार को होली मनाई जाएगी, जबकि कुछ हिस्सों में मंगलवार को होली का त्योहार मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, देश के मेरे सभी परिवारजनों को होली की अनेकानेक शुभकामनाएं। स्नेह और सद्भाव के रंगों से सजा यह पारंपरिक पर्व आप सभी के जीवन में नई ऊर्जा और नया उत्साह लेकर आए।

### जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में दो आतंकवादी गिरफ्तार

श्रीनगर। सुरक्षा बलों ने रविवार को कहा कि उसने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में आतंकवादियों के दो सहयोगियों को हथियारों और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया है। सेना ने कहा कि सुरक्षा बलों ने जिले के लुखभवन और लारकीपोरा इलाकों में रात को ऑपरेशन चलाया, इस दौरान दोनों को गिरफ्तार किया गया। जब्त किए गए हथियारों और गोला-बारूद में एक पिस्तौल, हथगोला, आईईडी और अन्य सामग्री शामिल हैं। सेना ने कहा, आगे की जांच जारी है। गिरफ्तार किए गए दोनों आतंकवादी किस आतंकी संगठन से जुड़े हुए हैं, ये जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

### शार्ट सर्किट से लगी आग में झुलसकर चार बच्चों की मौत

मेरठ। उत्तर प्रदेश के मेरठ में किराये के मकान में रहने वाले एक मजदूर के घर में मोबाइल की बैट्री फटने से लगी आग में झुलसकर उसके चार बच्चों की मौत हो गयी है। पुलिस ने रविवार को बताया कि मुजफ्फरनगर जिले के सिखेड़ा निवासी 41 वर्षीय जॉनी मजदूरी करता है और यहां मोदीपुरम क्षेत्र की जनता कॉलोनी में किराये के मकान में रहता है। जहां उसकी पत्नी बबीता और चार बच्चों सारिका, निहारिका, गोलू और कल्लू साथ रहते थे। शनिवार रात मोबाइल चार्ज करने की कोशिश के दौरान शार्ट सर्किट से विस्फोट के साथ आग लग गई। आग में घिरे बच्चों की चीख पुकार सुनकर जॉनी और बबीता उन्हें बचाने दौड़े।

**सूची में 6 पिछड़ा वर्ग, 5 अतिपिछड़ा वर्ग, 1 महादलित वर्ग, 3 सामान्य वर्ग, 1 मुस्लिम वर्ग एवं 2 महिला वर्ग शामिल**

# जदयू ने 16 उम्मीदवारों के नामों का किया ऐलान

## शिवहर से लवली आनंद तो सीवान से विजया लक्ष्मी महिला उम्मीदवार



- जदयू ने 12 पुराने चेहरे पर जताया भरोसा
- सीतामढ़ी, सीवान और किशनगंज में बदले गये उम्मीदवार

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड लोकसभा चुनाव के लिए अपने 16 उम्मीदवारों के नामों की सूची जारी कर दी है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हस्ताक्षर से रविवार को जारी सूची में पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में जीते अपने 12 उम्मीदवारों पर एक बार फिर भरोसा जताया है, लेकिन सीतामढ़ी, सीवान और किशनगंज में पार्टी ने अपना उम्मीदवार बदल दिया है। वहीं, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दलों के बीच सीटों के तालमेल में गया (सु) सीट इस बार हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा को दे दी गई है। इसी तरह जदयू खाते वाली काराकाट सीट इस बार राष्ट्रीय लोक मोर्चा के हिस्से में गई है। इसके बदले में भाजपा की जीती हुई सीट शिवहर जदयू को दी गई है। पार्टी ने मुंगेर से राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, सीतामढ़ी से देवेश चंद्र ठाकुर, झंझारपुर से रामप्रीत मंडल, सुपौल से दिलेश्वर कामत, वाल्मिकीनगर से सुनील कुमार, किशनगंज से मुजाहिद आलम, कटिहार से दुलाल चंद गोस्वामी, पूर्णिया से संतोष कुमार, मधेपुरा से दिनेश चंद्र यादव, गोपालगंज से आलोक कुमार सुमन, सीवान से विजया लक्ष्मी देवी, भागलपुर से अजय कुमार मंडल, बांका से गिरिधारी यादव, नालंदा से कौशलेंद्र कुमार, जहानाबाद से चंदेश्वर प्रसाद और शिवहर से लवली आनंद को उम्मीदवार बनाया है।

गौरतलब है कि बिहार में लोकसभा की 40 सीटों पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ओर से भारतीय जनता पाटी 17, जदयू 16, चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी लोजपा-रामविलास 6, उपेंद्र कुशवाहा और जीतनराम मांझी की पार्टी एक-एक सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। जदयू उम्मीदवारों की घोषणा रविवार को पार्टी कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वशिष्ठनारायण सिंह ने किया।। सिंह ने कहा कि पार्टी ने गहन विचार-विमर्श के बाद अपने उम्मीदवारों चयन किया है। जदयू सहित एनडीए के सभी उम्मेदवारों को हम प्रचंड जीत की हार्दिक शुभकामनायें देते हैं। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव संजय झा ने बताया कि भाजपा से बातचीत कर जदयू ने उम्मीदवारों की सूची जारी की है। भाजपा भी आज उम्मीदवारों के नाम जारी करेगी। दोनों पार्टियों ने आपस में बातकर पूरी सूची तैयार की है। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा कि एनडीए एकजुट है। सीटों के बंटवारे से लेकर उम्मीदवारों के चयन में कहीं कोई विवाद नहीं हुआ। दूसरी ओर, महागठबंधन में सिर फुटव्वल की स्थिति है। कोई सिंबल लेकर भाग रहा है तो कोई सीट बंटवारे के लिए गिड़गिड़ा रहा है। इससे साफ है कि एनडीए बिहार में 40 की 40 सीट जीतने वाली है। मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि सभी वर्ग का विकास एवं उनका कल्याण नीतीश कुमार की प्राथमिकता रही है। प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह ने कहा कि 2019 में एक सीट की जो कसर रह गई थी। इस बार वो कसर भी पूरी हो जाएगी। सीटों के बंटवारे के बाद जदयू के हिस्से में 16 सीटें आई थी। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जदयू कोटे की सभी 16 सीटों के लिए उम्मीदवारों का नाम भी तय कर दिया है।

### समाज के सभी वर्गों को मिला प्रतिनिधित्व : संजय

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि लोकसभा उम्मीदवारों की सूची में समाज के सभी वर्गों को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने प्रतिनिधत्व देने का काम किया है। कुल 16 उम्मीदवारों की सूची में 6 पिछड़ा वर्ग, 5 अतिपिछड़ा वर्ग, 1 महादलित वर्ग, 3 सामान्य वर्ग, 1 मुस्लिम वर्ग एवं 2 महिला वर्ग शामिल है। उन्होंने कहा कि किशनगंज से हमारे प्रत्याशी मुजाहिद आलम के रूप में हमनें युवा प्रत्याशी भी दिया है।



**भाजपा ने जारी की पांचवी सूची, 111 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान**

# भाजपा ने की अपने कोटे के सभी 17 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा

## अश्विनी चौबे, छेदी पासवान व अजय निषाद का टिकट कटा

प्रात : किरण संवाददाता



- तीन सांसदों का कटा टिकट, 13 पुराने चेहरे पर पार्टी ने खेला दांव
- नवादा से विवेक ठाकुर होंगे मैदान में

पटना। लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने पांचवी लिस्ट जारी कर दी है। इसमें बिहार से 17 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया गया है। सूची के मुताबिक पश्चिम चंपारण से संजय जयसवाल, पूर्वी चंपारण से राधा मोहन सिंह, मधुबनी से अशोक कुमार यादव, अररिया से प्रदीप कुमार सिंह, दरभंगा से गोपाल जी ठाकुर, मुजफ्फरपुर से राजभूषण निषाद को उम्मीदवार बनाया गया है।

वहीं, महाराजगंज से जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, सारण से राजीव प्रताप रूढ़ी, उजियारपुर से नित्यानंद राय, बेगूसराय से गिरिराज सिंह, पटना साहिब से रविशंकर प्रसाद, पाटलिपुत्र से रामकृपाल यादव, आरा से आरके सिंह, बक्सर से मिथिलेश तिवारी, सासाराम से शिवेश राम, औरंगाबाद से सुशील सिंह, नवादा से विवेक ठाकुर के नाम का ऐलान किया गया है।

सूची में तीन सांसदों का टिकट कट गया है। बक्सर से अश्विनी चौबे के बदले मिथलेश तिवारी, मुजफ्फरपुर से अजय निषाद के बदले राजभूषण निषाद और सासाराम से छेदी पासवान के बदले शिवेश राम को टिकट दिया गया है। 2024 के रण में बीजेपी ने लोकसभा की 111 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया। यूपी, बिहार, गुजरात समेत कई राज्यों में उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। बीजेपी की ओर से ये 5वीं लिस्ट जारी की गई है।

**मंडी से चुनाव लड़ेगी कंगना रनौत :** हिमाचल प्रदेश के मंडी से अभिनेत्री कंगना रनौत चुनाव लड़ेंगी। कुरुक्षेत्र से नवीन जिंदल का टिकट कंफर्म हो गया है। उन्होंने रविवार को ही चुनाव कांग्रेस छोड़कर बीजेपी का दामन थामा है। नई लिस्ट में अरुण गोविल को मेरठ से बीजेपी ने चुनाव मैदान में उतारा है। झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन को भी बीजेपी ने टिकट दिया है। वो दुमका से दावेदारी करती नजर आएंगी।

**वरूण गांधी का टिकट कटा, मेनका का लिस्ट में नाम :** वरूण गांधी का नाम लिस्ट में नहीं है, वो पीलीभीत से सांसद थे। उनकी जगह इस बार जितिन प्रसाद को पीलीभीत से चुनाव मैदान में उतारा गया है। वहीं उनकी मां मेनका गांधी को सुल्तानपुर सीट से टिकट दिया गया है। बीजेपी की पांचवीं सूची के आने से पहले कानपुर के मौजूदा सांसद बीजेपी नेता सत्यदेव पचौरी ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को भेजी गई चिट्ठी सार्वजनिक की। इसमें उन्होंने लिखा कि मेरी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाए। गाजियाबाद से सांसद वीके सिंह ने भी चुनाव लड़ने से इनकार किया था। उनकी जगह अतुल गर्ग को बीजेपी ने चुनावी रण में उतारा है।

**17 उम्मीदवारों की सूची :**

पश्चिम चंपारण - संजय जायसवाल
पूर्वी चंपारण- राधा मोहन सिंह
अररिया- प्रदीप कुमार सिंह
औरंगाबाद- सुशील कुमार सिंह
मधुबनी-अशोक कुमार यादव
दरभंगा-गोपाल जी ठाकुर
मुजफ्फरपुर - राज भूषण निषाद
महाराजगंज- जनार्दन सिंह सिग्रिवाल
सारण-राजीव प्रताप रूडी
उजियारपुर - नित्यानंद राय
बेगूसराय - गिरिराज सिंह
नवादा - विवेक ठाकुर
पटना साहिब - रविशंकर प्रसाद
पाटलिपुत्र - रामकृपाल यादव
आरा- राजकुमार सिंह
बक्सर - मिथिलेश तिवारी
सासाराम - शिवेश राम

# जदयू नेता अली अशरफ फातिमी ने थामा राजद का दामन

## मधुबनी से उम्मीदवार बनाए जाने की प्रबल संभावना

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व केन्द्रीय मंत्री मो अली अशरफ फातिमी और फरहाज फातिमी ने राजद का दामन थाम लिया है। दोनों नेताओं को राबड़ी आवास में राजद की सदस्यता दिलायी गयी। इस मौके पर राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, मीसा भारती सहित राजद के तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद थे। राजनीतिक हलकों में अशरफ फातिमी को मधुबनी से उम्मीदवार बनाये जाने की चर्चा है। राजद आवास से बाहर निकलने के बाद अली अशरफ फातमी ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल मेरा घर है। कुछ समय के लिए मैं इधर- उधर चला गया था। अब मैं वापस घर लौट गया हूं। हमारे नेता ने मुझपर भरोसा जताया है। जनता इस बार महागठबंधन को जीता रही है। भाजपा और जदयू का सच जनता अच्छे से जान चुकी है। जदयू पर तंज कसते हुए अली अशरफ फातमी ने कहा कि जदयू में लोग परेशान हैं और सिर्फ जदयू हीं नहीं भाजपा से भी कई लोग महागठबंधन में आएंगे। पिछले 17 महीने से विकास वाली सरकार चल रही थी। तेजस्वी यादव के नेतृत्व में पांच लाख लोगों को नौकरियां दी गई। इस विकास ने सीएम नीतीश कुमार अस्थिर कर दिया। वह काफी दबाव में थे। वहीं, दरभंगा सीट से ललित यदव को प्रत्याशी बनाने की अटकलें भी तेज है। वहीं, शिवहर से लोकसभा चुनाव में टिकट को लेकर अपनी दावेदारी करने राबड़ी आवास पहुंचे पूर्व सांसद रमा सिंह ने बताया कि अभी हम लालू प्रसाद यादव से मिले हैं फैसला उन्हीं को करना है। कौन कहां से चुनाव लड़ेगा यह फैसला खुद राजद सुप्रीमो ही करेंगे। चुनाव में अभी समय है समय आते ही सब कुछ बता दिया जाएगा। वहीं, पूर्व मंत्री ललित यादव ने कहा कि राजद सुप्रीमो का जो भी आदेश होगा मैं उसे मानूंगा। बता दें कि फातमी चार बार दरभंगा लोकसभा के सांसद रह चुके हैं। वे दो बार जनता दल और दो बार राजद से सांसद रह चुके है।

# मजबूत भाजपा के सामने कांग्रेस का कमजोर दांव

देहरादून। एक तरफ भाजपा का मजबूत संगठन, तो दूसरी तरफ कांग्रेस की लचर स्थिति। एक तरफ भाजपा के त्रिवेंद्र सिंह रावत जैसा अनुभवी चेहरा, तो दूसरी तरफ कांग्रेस का विरेंद्र रावत जैसा अनजान और अनुभवहीन चेहरा। एक तरफ मोदी लहर, तो दूसरी तरफ बिखरा-बिखरा पस्त विपक्ष। उत्तराखंड की प्रतिष्ठित हरिद्वार लोकसभा सीट पर अपने बेटे विरेंद्र रावत को टिकट दिलाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का दबाव कांग्रेस पर बहुत भारी पड़ना तय है। कहने का मतलब कि सत्ताधारी दल भाजपा को परिवारवाद का मुद्दा बनाकर कांग्रेस पर हमला करने का एक और अवसर प्राप्त हो गया है। चुनाव प्रचार अभियान में कांग्रेस से बहुत आगे निकल चुकी भाजपा के खेमे में कांग्रेस के टिकट के ऐलान के बाद खुशी का माहौल है लंबे इंतजार के बाद कांग्रेस का हरिद्वार सीट पर चेहरा घोषित तो हो गया है, लेकिन यह कांग्रेस कार्यकताओं में उत्साह जगाने वाला नहीं है। एक ओर विरेंद्र रावत न तो कांग्रेस संगठन के भीतर और न ही हरिद्वार क्षेत्र में कभी सक्रिय रहे हैं, दूसरा कांग्रेस के इस कदम ने भाजपा को पार्टी के परिवारवाद पर और आक्रामक होने का मौका दे दिया है। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव की बात छोड़ दें, जबकि हरीश रावत खुद ही इस सीट से चुनाव लड़कर सांसद बने थे, बाकी दो मौकों पर उन्होंने अपने परिजनों को ही टिकट के मामले में आगे बढ़ाया है। वर्ष 2014 में हरीश रावत की पत्नी रेणुका रावत को इस सीट से कांग्रेस ने टिकट दिया था। हालांकि वह भाजपा उम्मीदवार डा. रमेश पोखरियाल निशंक से हार गई थीं। इसके बाद वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में हरीश रावत ने हरिद्वार ग्रामीण सीट से अपनी बेटी अनुपमा रावत को टिकट दिलाया था, जो विजयी रही थीं।

# गैस सिलेंडर लदे ट्रक से टकराई कार, दो की मौत

## हादसे में कार के परखचे उड़ गए, तीन गंभीर रूप से जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। राजधानी पटना से सटे फतुहा में भीषण सड़क हादसे की खबर प्रकाश में आया है। हादसे में दो लोगों की मौत की सूचना है। जानकारी के मुताबिक पटना के फतुहा स्थित महारानी चौक के नजदीक रविवार की अहले सुबह गैस सिलेंडर लदे ट्रक और कार की सीधी टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखचे उड़ गए। इसमें कार सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हो गए। सभी घायलों को पटना के पीएमसीएच में रेफर कर दिया गया। सभी की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही फतुहा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस ने गैस लदे ट्रक को भी जब्त कर लिया है। घटना के बाद मौके पर घंटो सनसनी का माहौल बना रहा। बताया जा रहा है कि फतुहा थाना क्षेत्र के नोहटा निवासी कार चालक सूरज कुमार अपनी कार से पांच दोस्तों के साथ फतुहा के रेलवे यार्ड जा रहे थे। बताया जा रहा है कि इसी क्रम में विपरीत दिशा से एक ट्रक तेज रफ्तार से आ रही थी। अचानक महारानी चौक के पास कार और ट्रक की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। इस हादसा में कर के आगे सीट पर बैठे मनीष कुमार एवं कार चला रहे सूरज कुमार की मौत हो गई, जबकि पीछे सीट पर बैठे सीताराम, धर्मेश कुमार एवं गुड्डू कुमार घायल हो गए।

**दुश्मनों से रक्षा करते हुए सभी सैनिक हमारे लिए किसी रक्षक देवता से कम नहीं**

# जवानों को रंग-गुलाल लगाकर रक्षा मंत्री ने मनाई होली

## मौसम से लोहा लेकर दुश्मन की आंखों में आंखें डालने के लिए देश ऋणी रहेगा

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को चीन की सीमा पर लेह में सशस्त्र बल के जवानों के साथ होली मनाई। रक्षा मंत्री ने जवानों को रंग-गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर उन्हें होली की बधाई दी। पहले उन्हें सियाचिन में सैनिकों के साथ होली मनाने के लिए जाना था लेकिन आज सुबह विपरीत मौसम के चलते अचानक उनका कार्यक्रम बदल दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारे देवी-देवता किसी न किसी तरीके से हमारी रक्षा ही करते हैं।

उसी तरह दुश्मनों से हमारी रक्षा करते हुए सभी सैनिक भी हमारे लिए किसी रक्षक देवता से कम नहीं हैं। रक्षा मंत्री दीपावली और होली का त्योहार देश की किसी न किसी सीमा पर जाकर सैनिकों के साथ मनाते हैं। उन्होंने पिछले साल 06 मार्च को स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस ह्यविक्रांतह्ल पर तैनात नौसैनिकों को गुलाल लगाकर उनके साथ होली की खुशियां साझा कीं थीं। इस बार उन्हें दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर तैनात जवानों के साथ होली मनाने के लिए जाना था लेकिन विपरीत मौसम के चलते राजनाथ सिंह उत्तरी सीमा पर लेह में सशस्त्र बल के जवानों के साथ होली मनाने के लिए पहुंचे। होली से एक दिन पहले रक्षा मंत्री ने जवानों को रंग-गुलाल लगाया और त्योहार की बधाई दी। उन्होंने कहा कि पांच साल पहले रक्षा मंत्रालय का दायित्व मिलने के बाद मेरा पहला दौरा सियाचिन का ही हुआ था। आज मौसम खराब होने के कारण सियाचिन जाना संभव नहीं हो पाया, इसलिए वहां तैनात सभी सैनिकों को यहीं लेह से होली की शुभकामनाएं देता हूं। वैसे तो अनेक अवसरों पर सेना के जवानों से मिलता रहता हूं लेकिन होली के अवसर पर आप लोगों से मिलना और आपके साथ होली खेलना मेरे लिए सबसे सुखद क्षणों में से एक है। उन्होंने कहा कि आप सभी सैनिक होने के नाते भारत के प्रत्येक परिवार के सदस्य हैं।

मैं भारत के सभी परिवारों के प्रेम का रंग लिए आपके बीच आया हूं। आप भले ही मुझे रक्षा मंत्री के रूप में यहां देख रहे हैं लेकिन मैं आपके स्वजन के रूप में होली के दिन अपने परिवार वालों से मिलने आया हूं। मैं देशवासियों की होली की शुभकामनाओं के साथ-साथ आपके लिए उनका आशीर्वाद लाया हूं। भारतीय सेना इच्छाशक्ति और साहस का दूसरा नाम है। आपके बीच आकर मुझे ऐसा लग रहा है कि मेरे रगों में रक्त की नई धारा का संचार होने लगा है। आप जिस ऊंचाई पर खड़े होकर इतनी विषम परिस्थिति में देश की सेवा करते हैं, वह अतुलनीय है।राजनाथ ने कहा कि हड्डियों को कंपा देने वाली सर्द हवाएं जब इन वादियों में बहती हैं, तो हर कोई अपने घरों में दुबक जाना चाहता है। इसके बावजूद विपरीत परिस्थिति में भी आप मौसम से लोहा लेकर दुश्मन की आंखों में आंखें डालकर खड़े होते हैं।

इस अटूट इच्छाशक्ति का प्रदर्शन करने के लिए देश सदैव आपका ऋणी रहेगा। आने वाले समय में जब राष्ट्रीय सुरक्षा का इतिहास लिखा जाएगा, तब बफीर्ले ठंडे ग्लेशियर में उबाल लाने वाली आपकी वीरता के कार्यो को गौरव के साथ याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी त्योहार पहले सियाचिन और कारगिल की चोटियों पर, राजस्थान के तपते रेतीले मैदान में, हिंद महासागर की गहराई में स्थित पनडुब्बी में सवार भारतीय नौसैनिकों के साथ मनाए जाने चाहिए।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ 31 मार्च को विपक्ष की रैली

## रैली में इंडिया गठबंधन के सभी दल शामिल होंगे

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ कांग्रेस, आम आदमी पार्टी व अन्य विपक्षी दल दिल्ली में 31 मार्च को रैली करेंगे। इस रैली में इंडिया गठबंधन के सभी दल शामिल होंगे। रविवार को कांग्रेस, लेफ्ट और आम आदमी पार्टी ने एक संयुक्त प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली और लेफ्ट नेताओं ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अपना विरोध जताया। गोपाल राय ने कहा कि 31 मार्च की रैली रामलीला मैदान में आयोजित की जाएगी। इसके लिए पुलिस व प्रशासन से अनुमति ली जाएगी। यह रैली रविवार 31 मार्च सुबह 10 बजे बुलाई गई है। गोपाल राय ने कहा कि जिस कथित शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है उसमें आज तक कोई मनी ट्रेल सीबीआई या ईडी नहीं ढूंढ पाई है। राय ने कहा कि चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी के खाते सीज कर दिए गए। आज कांग्रेस पार्टी चुनाव प्रचार के लिए अपने ही खातों के पैसों का इस्तेमाल नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि यदि इतनी पुरानी पार्टी का खाता सीज हो सकता है तो इनको चंदा देने वाले व्यापारियों का खाता भी सीज किया जा सकता है। लोगों की स्वतंत्रता का हनन हो रहा है। वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि हम देश में लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई में अपने गठबंधन के सभी साथियों के साथ मजबूती से खड़े हैं। लवली ने कहा कि चुनाव में सभी को समान अवसर नहीं मिल रहे। चुनाव जीतने के लिए चुने हुए मुख्यमंत्रियों, चाहे वह हेमंत सोरेन हों या अरविंद केजरीवाल, उनको गिरफ्तार किया जा रहा है। उन्होंने सत्ता पक्ष से प्रश्न करते हुए कहा कि आप किस तरह का लोकतंत्र देश में स्थापित करना चाहते हैं। लवली ने कहा कि 31 तारीख को होने वाली रैली में गठबंधन के सभी शीर्ष नेता होंगे। यह रैली कोई राजनीतिक रैली नहीं होगी, बल्कि यह देश में लोकतंत्र को बचाने का एक कदम है। उन्होंने कांग्रेस के कार्यकताओं के अलावा सभी सामाजिक संगठनों, आरडब्लूए व सिविल सोसाइटी के लोगों से इस रैली में पहुंचने का अनुरोध किया।

वहीं लेफ्ट ने भी अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए आम आदमी पार्टी को अपना पूरा समर्थन देने का ऐलान किया है।

# 'आप' के प्रदर्शन के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा बढ़ाई

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं और कार्यकताओं के रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन से पहले दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। 'आप' ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा बृहस्पतिवार को पार्टी प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ कैंडल मार्च निकालने और केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार का पुतला जलाने का फैसला किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "हमें जानकारी मिली है कि 'आप' के कार्यकर्ता और नेता विरोध प्रदर्शन करेंगे। कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए हमने राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा बढ़ा दी है। हम दिल्ली पुलिस के कर्मियों के अलावा अर्धसैनिक बलों की तैनाती सुनिश्चित करेंगे।" अधिकारी ने कहा, "वरिष्ठ अधिकारी अपने-अपने जिलों में स्थिति की निगरानी करते रहेंगे। थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र में कड़ी नजर रखने और किसी भी विरोध प्रदर्शन के बारे में पता चलने पर अपने वरिष्ठ अधिकारियों को इस बारे में तुरंत सूचित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।" भाजपा मुख्यालय, आईटीओ की ओर जाने वाले मार्गों और प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय के सामने पहले से ही बड़ी संख्या में कर्मियों को तैनात किया गया है और बहुस्तरीय अवरोधक लगाए गए हैं। इन स्थानों पर 'आप' सदस्यों के मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में इकट्ठा होने की संभावना है। कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अर्धसैनिक बलों के दंगा-रोधी उपकरणों से लैस जवानों को भी तैनात किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### एएसआई और उनकी पत्नी ने पावर लिफ्टिंग में जीता गोल्ड

**हरिद्वार, एजेंसी।** उत्तराखंड स्टेट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में हरिद्वार में तैनात अपर उप निरीक्षक और उनकी पत्नी ने गोल्ड जीतकर मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बधाई देते हुए एएसआई की पीठ थपथपाई। प्रमाणपत्र सौंपकर सम्मानित भी किया। 15 से 17 मार्च तक ऊधमसिंह नगर में उत्तराखंड स्टेट पावर लिफ्टिंग ओपन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें हरिद्वार पुलिस में संचार में तैनात एएसआई मोहम्मद सलीम ने 83 किलो कैटेगरी में कुल 330 किलो वजन उठाकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उनकी पत्नी शफक रहमान ने 57 किलो कैटेगरी में प्रतिभाग करते हुए 192.50 किलो वजन उठाकर गोल्ड मेडल जीतकर हरिद्वार का मान बढ़ाया है। इससे पूर्व शफक रहमान ने नॉर्थ इंडिया पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2024 में भी कांस्य पदक जीता था। शनिवार को एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने एएसआई मोहम्मद सलीम से अपने कार्यालय में मुलाकात की। उन्होंने आगामी ऑल इंडिया पुलिस खेलों के लिए उन्हें प्रेरित किया और शुभकामनाएं दीं। मो. सलीम की पत्नी शफक रहमान गृहिणी हैं।

### लिफ्ट देना पड़ा मंहगा, बाइक और मोबाइल लूटा

**ऋषिकेश, एजेंसी।** घर लौट रहे एक युवक को रात में बाइक से लिफ्ट देना भारी पड़ गया। अज्ञात व्यक्ति ने लिफ्ट के बहाने युवक की बाइक और मोबाइल छीनकर फरार हो गए। युवक के पिता ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक विनोद गुंसाई ने बताया कि प्रदीप कुमार डिमरी निवासी वार्ड 99 देहरादून ने बताया कि 22 मार्च की रात को उनका पुत्र ईशांक डिमरी घोड़ा फैक्टरी बालावाला क्रिकेट टूर्नामेंट देखने गया था। रात करीब 12 बजे के घर लौटते समय दो अज्ञात लोगों ने उसे कुआंवाला तक छोड़ने का अनुरोध किया। बेटे ने दोनों को अपनी बाइक में बिठा लिया। कुआंवाला में आरोपियों ने उनके पुत्र के साथ मार-पिटाई की और बाइक और मोबाइल फोन छीनकर भाग गए। कोतवाल ने विनोद गुंसाई ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

### जरनल ओपीडी में एक ही चिकित्सक होने मरीज रहे परेशान

**रूड़की, एजेंसी।** सिविल अस्पताल रुड़की की जरनल ओपीडी में तीन में से केवल एक ही चिकित्सक नजर आए। एक ही चिकित्सक के ओपीडी में होने से मरीजों को काफी परेशानी हुई। सुबह से आए मरीज घंटों तक अपनी बारी का इंतजार करते रहे। सिविल अस्पताल रुड़की में जरनल ओपीडी में सामान्य दिनों में तीन चिकित्सक बैठते हैं लेकिन शनिवार को मुख्यमंत्री का कार्यक्रम होने के चलते अस्पताल के कुछ चिकित्सक और स्टाफ की ड्यूटी कार्यक्रम में लगाई गई थी। इसके चलते जरनल ओपीडी में केवल डॉ. राव अकरम बैठे हुए थे जबकि ओपीडी में 200 मरीज पहुंचे थे। इनमें अधिकांश मरीज खांसी, जुकाम, बुखार आदि से पीड़ित थे। एक ही चिकित्सक होने के चलते मरीजों को अपनी बारी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। हालांकि बालरोग विशेषज्ञ, स्त्रीरोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, ऑर्थोसर्जन आदि अपनी ओपीडी में तैनात रहे। सीएमएस डॉ. संजय कंसल ने बताया कि वीवीआईपी ड्यूटी आ जाने के कारण शनिवार को कुछ असुविधा मरीजों को झेलनी पड़ी है। उन्होंने बताया कि जरनल ओपीडी में चिकित्सकों की संख्या बढ़ाई जाएगी ताकि यदि किसी चिकित्सक की कहीं और ड्यूटी या फिर उनके छुट्टी पर होने की स्थिति में मरीजों को कोई परेशानी न उठानी पड़े।

### अल्मोड़ा-सोमेश्वर हाईवे पर मिट्टी का ढेर बन रहा मुसीबत

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** अल्मोड़ा-सोमेश्वर हाईवे पर राममंदिर गुड़कांडे के पास कलमठ निर्माण के चलते मिट्टी का ढेर लग गया है। इससे आवाजाही के दौरान वाहन चालकों और यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। मिट्टी का ढेर लगने से लोगों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि एक महीने से मिट्टी डालने से सड़क संकरी हो गई है, इससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। वहीं लोनिवि के जेई गणेश जोशी ने बताया कि कलमठ का कार्य पूर्ण होने पर मिट्टी का ढेर हटा दिया जाएगा।

## इस बार पूर्णागिरि धाम में आकर्षण का केंद्र रहेगी मां सती की नाभि

**टनकपुर, एजेंसी।** उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि मेला 26 मार्च से शुरू हो रहा है। इस बार का मेला श्रद्धालुओं के लिए खास रहने वाला है। अन्नपूर्णा की चोटी पर स्थित मंदिर में मां पूर्णागिरि की प्रतिमा के आगे नाभि का हिस्सा श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुला रहेगा। नाभि पर रंग बिरंगी लाइटों से रोशनी डाली जाएगी, ताकि श्रद्धालु रात के समय भी आसानी से दर्शन कर सकें। पूर्णागिरि धाम में सती की नाभि गिरी थी, जिसके कारण यहां नाभि का काफी अधिक महत्व है। पूर्णागिरि धाम देश के 52 शक्तिपीठों में शामिल है। जब सती ने अपनी पिता दक्ष के यज्ञ में अपमानित होकर स्वयं को जला डाला था तो भगवान शिव उनके पार्थिव शरीर को आकाश मार्ग से ले जा रहे थे। इस दौरान मां की नाभि अन्नपूर्णा चोटी पर गिरी। जिसके बाद से यह स्थल मां पूर्णागिरि शक्तिपीठ के लाम से जाना जाता है।



मां पूर्णागिरि धाम के पुजारी कैलाश पांडेय ने बताया कि यह नाभि पूर्णागिरि धाम से नदी की तलहटी तक करीब 800 मीटर तक लंबी है। काफी समय पूर्व नाभि खुले होने से श्रद्धालुओं द्वारा उसमें सोना, चांदी के सिक्के, रुपये, नारियल आदि चढ़ाए जाते थे। कालांतर में नाभि का मुंह बंद हो गया।

अब श्रद्धालु नाभि के सामने चढ़ावा चढ़ाते हैं। जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी भगवत पाटनी ने बताया कि अधिकांश श्रद्धालुओं को नाभि के बारे में पता नहीं चल पाता है। इस बार जिला पंचायत नाभि के हिस्से पर आकर्षक रोशनी करेगी ताकि श्रद्धालु उसके दर्शन करने के साथ चढ़ावा चढ़ा सकें।

इसके अलावा अन्नपूर्णा चोटी के ऊपर लाइट की पूरी व्यवस्था होगी। चोटी पर मां का चक्र होगा जो रात के समय लाल, पीली, नीली, हरी रोशनी से जगमगाता रहेगा। इससे श्रद्धालु मां पूर्णागिरि की चोटी के दर्शन नागा क्षेत्र से ही कर सकेंगे।

पूर्णागिरि मेले की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का काम अंतिम चरण में है। मेला क्षेत्र को आग की घटनाओं से बचाने के लिए इस बार विशेष इंतजाम किए गए हैं। गत वर्ष जंगल में लगी आग मुख्य मंदिर तक पहुंच गई थी। इस बार ऐसी कोई घटना न हो इसकी भी पूरी तैयारी की जा रही है।

पूर्णागिरि धाम जंगलों के बीच में स्थित है। गर्मी के सीजन में वनाग्नि की लपटें मंदिर तक पहुंच जाती हैं, जिससे मेले के दौरान अनहोनी की आशंका बनी रहती है। आग से बचाव के लिए मुख्य मंदिर, काली मंदिर में पर्याप्त संख्या में आग बुझाने के सिलिंडर, अग्निशमन यंत्र के साथ ही कर्मचारी तैनात रहेंगे।

चार फायर वाहन और एक पंप भी मौके पर रहेगा। अन्य जिलों से तीन यूनिट फायर कर्मियों की डिमांड की गई है। प्रत्येक पूजा सामग्री की दुकान पर एक आग बुझाने का सिलिंडर, रेत, पानी की व्यवस्था रहेगी।

गर्मी से राहत के लिए इस बार जिला पंचायत द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पानी के 10 प्याऊ लगाए जाएंगे। जिससे पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 18 टिन शेड भी तैयार किए जा रहे हैं।

## टिनशेड की बल्ली पर फंदे में लटकी मिली किशोरी

**रुद्रपुर, एजेंसी।** क्षेत्र के भदईपुरा में एक किशोरी कमरे में फंदे पर लटकी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अंदेशा जताया जा रहा है कि किशोरी ने आत्महत्या की है। जानकारी के अनुसार भदईपुरा में पप्पू सिंह पांच बच्चों के साथ रहते हैं। शुक्रवार सुबह उनकी 15 साल की बेटी गौरी टिनशेड की बल्ली पर साड़ी के फंदे पर लटकी थी। लड़की को फंदे पर लटका देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर एसएचओ धीरेंद्र कुमार, एसएसआई केसी आर्य और रंपुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी मौके पर पहुंचे और परिजनों से मामले की जानकारी ली। परिजनों ने बेटी से झगड़े और किसी प्रकार के तनाव से इन्कार किया है। गौरी पांच भाई बहनों में सबसे बड़ी थी।

एसएचओ ने बताया कि परिवार का किराएदार के साथ छेड़खानी को लेकर विवाद हुआ था और पुलिस के पास मामला आने के बाद दोनों पक्षों के बीच राजीनामा हो गया था। किशोरी ने यह कदम क्यों उठाया, इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। गौरी सरकारी स्कूल में नवीं कक्षा की छात्रा थी। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।

खेत में पानी लगाने गए एक व्यक्ति की संदिग्धावस्था में मौत हो गई। हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रामनगर रोड स्थित ग्राम धनौरी निवासी विष्णु (38) पुत्र गरीब दास बृहस्पतिवार सुबह घर से खेत में पानी लगाने धनौरी में स्थित एक व्यक्ति के फार्म हाउस गया था। देर रात तक जब वह घर नहीं लौटा तब परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रात लगभग 10-11 बजे उसके शव फार्म हाउस के खेत में पड़ा मिला। इससे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

शुक्रवार को मृतक विष्णु के परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बताया विष्णु घर से खेत पर पानी लगाने की बात कहकर गए थे, लेकिन जब देर रात तक नहीं लौटे तब तलाश शुरू की। इस दौरान उनका शव खेत में पड़ा मिला।

### होली में ड्यूटी करने पर रोडवेज कर्मियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** होली के दौरान ड्यूटी करने वाले रोडवेज कर्मियों के लिए उत्तराखंड परिवहन निगम ने प्रोत्साहन योजना शुरू की है। इस योजना के तहत 10 दिन तक लगातार ड्यूटी करते हुए मैदानी मार्गों पर 2662 किमी, मिश्रित मार्गों पर 2200 किमी और पर्वतीय मार्गों पर 1980 किमी बस संचालन करने पर 1500 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

नियमित, संविदा, आउटसोर्स के चालक, परिचालक इस योजना का लाभ ले सकेंगे। योजना के तहत होली के दिन ड्यूटी करने वाले चालक, परिचालकों को उस दिन का 300 रुपये अतिरिक्त दिया जाएगा। इस अवधि में जिन चालक, परिचालकों का लोड फैक्टर 85 प्रतिशत से अधिक होगा उन्हें 500 रुपये अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

डिपो कार्यशाला के तकनीकी कार्मिकों, काउंटर पर बुकिंग करने वाले लिपिकों, चेकिंग लिपिक, समयपाल बैग इन आउट लिपिक, संचालन कार्य में लगे डीजल लिपिक, कैशियर, स्टोर कीपर, कार्यशाला में आउटसोर्स से लिए गए कार्मिकों को 11 दिन की अवधि में एक अवकाश लेकर 10 दिन ड्यूटी करने पर एक हजार रुपये प्रोत्साहन राशि मिलेगी। कार्यशाला में आउटसोर्स के जो कार्मिक एक अवकाश लेकर 10 दिन ड्यूटी करेंगे उन्हें 750 रुपये मिलेंगे। सभी कार्मिकों, चालक, परिचालकों को भुगतान योजना समाप्ति के बाद 10 दिन के भीतर किया जाएगा।

### बाइक सवार के पास मिले एक लाख रुपये, पुलिस ने जब्त किए

**नैनीताल, एजेंसी।** नैनीताल के पहाड़पानी में बनाए गए चेकिंग बेरियर पर देर रात पुलिस और एसएसटी की टीम ने चेकिंग की। इस दौरान एक बाइक सवार युवक के पास से एक लाख की धनराशि बरामद की गई। पुलिस ने धनराशि को कब्जे में ले लिया है। लोकसभा चुनाव को लेकर पहाड़पानी में बनाए गए चेकिंग बेरियर पर शुक्रवार की देर रात पुलिस और एसएसटी की टीम ने चेकिंग की। इस दौरान एक बाइक सवार युवक के पास से एक लाख की धनराशि बरामद की गई। टीम ने बाइक सवार सौरभ रस्तोगी निवासी अल्मोड़ा की ओर से धनराशि को लेकर कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं देने पर बरामद की गई धनराशि को कब्जे में ले लिया है। मुक्तेश्वर थानाध्यक्ष कमित जोशी ने बताया कि पहाड़पानी में चेकिंग टीम ने शुक्रवार की देर रात अल्मोड़ा से हल्द्वानी जा रहे बाइक सवार सौरभ रस्तोगी यूके 06 एयू 2352 को रोककर चेकिंग की। चेकिंग के दौरान युवक के बैग से टीम को एक लाख रुपये की धनराशि मिली। युवक की ओर से संतोषजनक जवाब और प्रमाण नहीं दिखा पाने पर धनराशि को टीम ने अपने कब्जे में लिया है।

## दहेज हत्या के दोषी पति को दस साल की सजा, डेढ़ साल पहले हुआ था मुस्कान का कत्ल

ऊधम सिंह नगर, एजेंसी। हल्द्वानी स्थित बनभूलपुरा में विवाहिता की मौत के मामले में मृतका के पति को दहेज हत्या में दस साल के कठोर कारावास व अलग-अलग धाराओं में सजा सुनाई गई है। ये सजा जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुबीर कुमार ने सुनाई है।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुबीर कुमार ने डेढ़ साल पहले हल्द्वानी स्थित बनभूलपुरा में विवाहिता की मौत के मामले में मृतका के पति को दहेज हत्या में दस साल के कठोर कारावास व अलग- अलग धाराओं में सजा सुनाई है।

तीन अगस्त 2022 को शाहिस्ता पत्नी आजाद खान निवासी काबुल का गेट इंद्रानगर, हल्द्वानी ने बनभूलपुरा थाने में मो. राशिद पुत्र मो. आबिद निवासी इन्द्रा नगर बनभूलपुरा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में शुक्रवार को अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार शर्मा ने तथ्यों को साबित करने के लिए दस गवाह पेश किए।

शर्मा ने न्यायालय को बताया कि विधि विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट में भी यह साबित हुआ है कि मुस्कान की मृत्यु जहर के कारण हुई थी। अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में यह भी



साबित किया कि राशिद शादी के बाद से ही दहेज में टीवी, फ्रिज, मोटर साइकिल व एक लाख रुपये नकदी की मांग को लेकर मुस्कान के साथ मारपीट करता था। दोनों पक्षों को सुनने के बाद विद्वान न्यायाधीश ने दस साल का कारावास और पांच हजार रुपये जुर्माना तथा जुर्माना अदा न करने पर तीन माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई।

### तहसील में नालियां चोक, वकील परेशान

**रूड़की, एजेंसी।** तहसील परिसर में गंदगी से अटी नालियां वकीलों की परेशानी का सबब बनने लगी हैं। यहां भरे पानी में जहां एक ओर मच्छर पनप रहे हैं, वहीं वकीलों और अन्य लोगों को काम करने में भी दिक्कत हो रही है। रुड़की रोडवेज बस अड्डे के सामने स्थित पुरानी तहसील में पानी निकासी के लिए नालियों को हाईवे से गुजर रहे नाले से जोड़ा गया है। अब तक पूरी तहसील से निकलने वाला पानी बड़े नाले में डाला जा रहा था लेकिन कुछ समय से हाईवे से गुजर रहा नाला धीरे-धीरे गंदगी से चोक होने लगा है। इससे ओवरफ्लो होने लगा है।

ऐसे में कुछ दिनों से तहसील की नालियों का पानी नाले में जाने की बजाय वहीं ठहर गया है। कई बार मुख्य नाले में पानी ज्यादा आने से पानी छोटी नालियों से निकलकर तहसील की सड़कों पर भरने लगता है। इसके चलते यहां काम करने वाले वकील और स्टांप विक्रेताओं के साथ ही आने-जाने वाले लोग परेशान हो रहे हैं।

वकील व स्टांप विक्रेता संदीप त्यागी, नरोत्तम त्यागी, प्रमोद कुमार, जावेद अली, विजय, अंशुल चौहान ने बताया कि रुके हुए पानी में अब मच्छर पनपने लगे हैं। ऐसे में चेंबर में बैठना दूभर हो गया है। वहीं यहां कामकाज के लिए आने वाले लोग भी सड़क पर पानी भर होने के चलते परेशान हो रहे हैं। कई बार मांग किए जाने के बाद भी समस्या का हल नहीं हो पा रहा है।

## 25 गांवों की प्यास बुझाने वाली योजनाओं का 50 फीसदी काम अब भी अधूरा

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** गर्मी बढ़ते ही जल संकट गहराने लगा है और इस समस्या के समाधान के लिए बन रही पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो रहा है। जिले की 18 हजार से अधिक की आबादी की प्यास बुझाने वाली निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं का दो साल में केवल 50 फीसदी काम ही पूरा हो पाया है।

नगर के आसपास तलारबाड़ी, पहल, माल, खत्याड़ी, सेनार, लोधिया सहित 25 से अधिक गांवों के लिए दो साल पूर्व 38.15 करोड़ रुपये से भगतोला, कसारदेवी, सिनतोला औश्र खत्याड़ी पेयजल योजनाओं का निर्माण



शुरू हुआ था। अब भी इन योजनाओं का सिर्फ 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो सका है। ऐसे में जल संकट से जूझते इन क्षेत्रों के लोग पानी के लिए अब भी प्राकृतिक जल स्रोतों पर निर्भर हैं। गर्मी बढ़ने के साथ ही लोगों की दिक्कत भी बढ़ने लगी है। हालात यही रहे तो लोगों को इस गर्मी भी जल संकट से छुटकारा नहीं मिलेगा।

नगर के आसपास की सबसे अधिक आबादी की प्यास बुझाने वाली खत्याड़ी पेयजल योजना वन विभाग की स्वीकृति के फेर में लटक गई। डोलीडाना में योजना का 1700 किलो लीटर का टैंक बनना था, इसे लंबे समय तक वन विभाग की स्वीकृति नहीं मिल सकी। किसी तरह स्वीकृति मिलने के बाद योजना का निर्माण कार्य तो शुरू हुआ है, लेकिन इसे पूरी तरह से धरातल पर उतरने के लिए और इंतजार करना होगा।

## चमोली में दर्दनाक हादसा, खाई में गिरी कार; तीन सवारों की मौके पर दर्दनाक मौत

**गोपेश्वर, एजेंसी।** चमोली जिले के गोपश्वर में शुक्रवार देर रात दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक वाहन खाई में गिर गया और हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक थाना नंदा नगर घाट में शुक्रवार मध्य रात्रि को कार के खाई में गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई है।

बताया गया कि रात करीब एक बजकर 15 मिनट पर दूरभाष से सूचना मिली कि ग्राम मणखी के पास एक मारुति सुजुकी कार सड़क से करीब 300 मीटर नीचे गिर गई है, जिसमें तीन व्यक्ति सवार थे।

सूचना पर थाना नंदा नगर पुलिस टीम रेस्क्यू उपकरण के साथ मौके पर पहुंची और रेस्क्यू किया। बताया गया कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस द्वारा शवों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नंदा नगर घाट लाया गया। जहां से पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। नई टिहरी में भागिरथीपुरम के पास पेड़ से टकराने से कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को मारुति ब्रीजा



कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार चालक विजय नेगी 52 पुत्र जनार्दन निवासी पिपलडाली गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोग घायल को लेकर भागिरथीपुरम अस्पताल लेकर गए । जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## काशीपुर में हवा में घुलते जहर से निकल रहा लोगों का दम

**काशीपुर, एजेंसी।** काशीपुर की हवा में तेजी से प्रदूषण बढ़ रहा है। वायु प्रदूषण ज्यादा पाए जाने के चलते इसका देश के 300 शहरों में चयन हुआ है और राष्ट्रीय क्लीन एयर प्लान के तहत यहां सुधार के कई कदम उठाए जा रहे हैं। प्रशासन ने अलग-अलग विभागों को सुधारात्मक कार्य करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए करीब चार करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

100 का एक्यूआई मान आम तौर पर प्रदूषक के लिए राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता मानक से मेल खाता है। काशीपुर के अलग-अलग स्थानों पर इन दिनों एक्यूआई 125 से 135 तक पाया जा रहा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी नरेश गोस्वामी ने बताया कि देश में 300 ऐसे शहरों का चयन किया गय,ा जहां वायु प्रदूषण सामान्य से ज्यादा है। इनमें काशीपुर भी शामिल है। इसलिए नेशनल क्लीन एयर प्लान के तहत कई सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।

अगले महीने से शुरू हो रहे चैती मेले से पहले नगर निगम करीब साठ लाख रुपये से चैती चौराहे के आसपास सड़क किनारे टाइल्स लगवा रहा है। सड़क के दोनों और 100-100 मीटर क्षेत्र में टाइल्स लगवाई जा रही है। नगर आयुक्त विवेक राय ने बताया कि टाइल्स लगाने का यह काम नेशनल क्लीन एयर प्लान के अंतर्गत किया जा रहा है। इससे पहले टांडा तिराहा और मुरादाबाद मार्ग पर भी यह कार्य कराया जा चुका है। इससे न केवल मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को धूल से राहत मिलेगी बल्कि वायु प्रदूषण को नियंत्रित भी किया जा सकेगा।

खाद्य और आपूर्ति विभाग की ओर से महिलाओं को इस अभियान के तहत भोजन बनाने के लिए लकड़ी और कोयले का कम से कम प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया है। काशीपुर नगरीय क्षेत्र की पूर्ति निरीक्षक अल्पना बजाज ने बताया कि इस तरह की गतिविधि समय-समय पर चलाई जाती है लेकिन विशेष अभियान का अभी आदि नहीं मिला है। यदि आदेश आएगा तो उसके अनुरूप कार्य किया जाएगा।

परिवहन विभाग की ओर से लोगों को अधिक से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विमल पांडे ने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहन का क्रेज बढ़ रहा

### शॉर्ट सर्किट से भाजपा नेता के घर में लगी आग

**रुद्रपुर, एजेंसी।** शहर के रंपुरा में शॉर्ट सर्किट के चलते भाजपा नेता के घर में आग लग गई। आग से सारा सामान जल गया। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल और भाजपा नेता अनिल चौहान ने पीड़ित से नुकसान की जानकारी ली। रंपुरा वार्ड 24 में भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार कोली अपने परिवार के साथ रहते हैं। शुक्रवार दोपहर घर पर परिजन थे। इस दौरान शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। परिजन किसी तरह घर से बाहर निकले और आसपास के लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की। जब तक आग बुझती तब तक सब कुछ जल गया गया।

## रेडियोलॉजिस्ट की ड्यूटी लगा दी पोस्टमार्टम में, अल्ट्रासाउंड के लिए भटकती रहीं गर्भवतियां

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** जिला अस्पताल में तैनात एकमात्र रेडियोलॉजिस्ट की ड्यूटी पोस्टमार्टम में लगाए जाने से यहां व्यवस्था बिगड़ गई। रेडियोलॉजिस्ट पोस्टमार्टम के लिए चले गए और मरीज, गर्भवतियां अल्ट्रासाउंड के लिए भटकती रहीं।

इन दिनों मेडिकल कॉलेज में रेडियोलॉजिस्ट न होने से और महिला अस्पताल में निर्माण कार्य के चलते अल्ट्रासाउंड ठप हैं। जिला अस्पताल में तैनात एकमात्र रेडियोलॉजिस्ट पर मरीजों और गर्भवतियों के अल्ट्रासाउंड की जिम्मेदारी है। दोनों अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड ठप होने से जिला अस्पताल में मरीजों और गर्भवतियों का दबाव बढ़ गया है। यहां हर रोज 120 से अधिक मरीज और गर्भवतियां अल्ट्रासाउंड के लिए पहुंचती हैं। शुक्रवार को यहां तैनात रेडियोलॉजिस्ट की ड्यूटी पोस्टमार्टम में लगा दी गई। ऐसे में यहां अल्ट्रासाउंड ठप हो गए। मरीज और गर्भवतियां रेडियोलॉजिस्ट का इंतजार करती रहीं। घंटों बाद भी जब रेडियोलॉजिस्ट अस्पताल नहीं पहुंचे तो उन्हें निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ा। तीन घंटे बाद रेडियोलॉजिस्ट पोस्टमार्टम से वापस लौटे तो कुछ मरीजों और गर्भवतियों के अल्ट्रासाउंड हो सके।

### महिलाओं ने लिया जल स्रोतों के संरक्षण का संकल्प

**रानीखेत (अल्मोड़ा), एजेंसी।** स्याल्दे के कपलटाना गांव में विश्व जल दिवस पर नौला फाउंडेशन की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया, इसमें क्षेत्र की महिलाओं ने भागीदारी निभाई। उन्होंने प्राकृतिक जल स्रोतों की सफाई की। आसपास फैले कूड़े को एकत्रित कर इसका निस्तारण कर जल स्रोतों के संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में झोड़े-चांचरी का भी गायन किया। यहां कमला देवी, रेखा देवी, राधा देवी, लक्ष्मी देवी, कौशल्या देवी, सोनू, चना देवी सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

# इंडिया गठबंधन का एलान, केजरीवाल के समर्थन में 31 मार्च को महारैली कर देशवासियों से मिलकर लोकतंत्र बचाने का करेगा आह्वान

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




इंडिया गठबंधन ने आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के समर्थन में आगामी 31 मार्च (रविवार) को दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली करने का बड़ा एलान किया है। इस महारैली में इंडिया गठबंधन देश की जनता से एकजुट होकर अपने लोकतंत्र की रक्षा के लिए इस जन आंदोलन को तेज करने का आह्वान करेगा। इस महारैली में इंडिया गठबंधन के घटक दलों के अधिकतर बड़े नेता शामिल होंगे। इंडिया ने देश से प्यार करने वाले लोगों से भारी संख्या में आकर इस महारैली को सफल बनाने और लोकतंत्र बचाने की लड़ाई को मजबूत करने की अपील की है। इंडिया का कहना है कि प्रधानमंत्री ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए सीएम केजरीवाल को गिरफ्तार किया। और इससे देश की जनता में भारी आक्रोश है। रविवार को इंडिया गठबंधन के घटक दलों में शामिल आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय, दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली, सीपीआई-एम के राजीव कुंवर, दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा और कैबिनेट मंत्री आतिशी व सौरभ भारद्वाज ने संयुक्त प्रेसवार्ता कर इस फैसले की जानकारी दी।

आज लोगों को डरा-धमकाकर, विधायकों को खरीदकर और विपक्ष के नेताओं को फर्जी मुकदमें में जेल भेजने की साजिश हो रही है- गोपाल राय आप दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने जिस तानाशाहीपूर्ण रवैये के तहत लोकतंत्र की हत्या करके दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया है, उससे देश में संविधान, लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं से मोहब्बत करने वाले लोगों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि बात केवल अरविंद केजरीवाल की नहीं है। आज प्रधानमंत्री पूरे देश में एक-एक करके संपूर्ण विपक्ष को खत्म करने के लिए एजेंसियों का दुरुपयोग कर रहे हैं। षड्यंत्र करके विधायकों की खरीद फरोख्त की जा रही है और लोगों को डराया धमकाया जा रहा है। प्रधानमंत्री या तो विपक्ष को पैसे देकर खरीद रहे हैं या ईडी, सीबीआई से धमका कर अपनी पार्टी में शामिल करवा रहे हैं। जो लोग डरने-बिकने और झुकने के लिए तैयार नहीं हैं, उन सभी विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ फर्जी मुकदमा करके उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है। इस तानाशाही के खिलाफ दिल्ली समेत पूरे देश में यह जन आंदोलन और तेज होगा- गोपाल राय

उन्होंने कहा कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से पहले हम सबने देखा कि झारखंड के सीएम को गिरफ्तार किया गया। आज चाहे वो पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी हों, बिहार में तेजस्वी यादव हो या चाहे वो देश के अलग-अलग हिस्सों में इंडिया गठबंधन के नेता हों, सभी पर फर्जी मुकदमे लगाकर ये कोशिश की जा रही है कि या तो उन्हें चुप कर दिया जाए या फिर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे डाल दिया जाए। जबसे सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई है तबसे न सिर्फ आम जनता बल्कि पूरा विपक्ष एकजुट होकर इस तानाशाही के खिलाफ खड़ा हुआ है। न सिर्फ दिल्ली की सड़कों पर, बल्कि देश के अलग-अलग हिस्सों में इसके खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। आने वाले दिनों में ये आंदोलन और तेज होगा।

शहीदी दिवस पर भगत सिंह, राजगुरु और सुखेदव को श्रद्धांजलि देने जा रहे इंडिया गठबंधन के नेताओं के साथ पुलिस ने अपराधियों जैसा सलूक किया गया- गोपाल राय

आप प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि एक तरफ इन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लिया, और दूसरी तरफ पूरी दिल्ली को छावनी में तब्दील कर दिया है। रात में मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी हुई। बाद में चुने हुए विधायकों को भी हिरासत में ले लिया गया। सुबह-सुबह हमारे मंत्री और विधायक जब सीएम आवास पर उनके परिवार से मिलने पहुंचे। सीएम अरविंद केजरीवाल के परिवार को हाउस अरेस्ट कर लिया गया था, किसी को एंट्री तक नहीं दी गई। सभी समर्थक शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन इन्होंने आम आदमी पार्टी के कार्यालय को छावनी में तब्दील कर दिया। देश में इस समय आचार संहिता लागू है, ऐसे समय में एक राष्ट्रीय पार्टी के कार्यालय को सील कर दिया गया। मैं पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष हूं लेकिन मुझे वहां जाने की अनुमति नहीं थी। हमारे किसी विधायक और मंत्री को अंदर नहीं जाने दिया गया। जिसने भी जाने की कोशिश की ये आईटीओ चौक पर बैरिकेडिंग करके दिनभर उनको हिरासत में लेते रहे। उन्होंने कहा कि शनिवार को भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का बलिदान दिवस था। शहीदी पार्क में उनको श्रद्धांजलि देने के लिए हमे काफी मशक्कत करनी पड़ी। पंजाब के सीएम भगवंत मान के साथ वहां हमारे सभी मंत्री, विधायक और इंडिया गठबंधन के नेता मौजूद थे। हमारे साथ ऐसा बर्ताव किया जा रहा था जैसे हम अपराधी हों। ऐसे लग रहा था कि हम उन शहीदों को श्रद्धांजलि देने नहीं, बल्कि कोई अपनाध करने आए हैं। एक तो इन लोगों ने चोरी की है और उसके ऊपर सीना जोरी हो रही है। भाजपा घोटाले का आरोप इधर लगा रही है, लेकिन 60 करोड़ का मनी ट्रेल उसी के खाते में मिले हैं- गोपाल राय

गोपाल राय ने कहा कि बीजेपी बार-बार कह रही है कि हम अरविंद केजरीवाल और विपक्ष के नेताओं को इसलिए गिरफ्तार कर रहे हैं, क्योंकि उन्होंने भ्रष्टाचार किया है। वहीं, इलेक्टोरल बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने भाजपा के लगाए जा रहे भ्रष्टाचार के आरोपों की धज्जियां उड़ा दी हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए चंदा चोरी का काला चिट्ठा देश के सामने आ गया है। ये लोग पिछले दो सालों से शराब घोटाले की जांच करवा रहे हैं। जब कोर्ट सबूत के बारे पूछता है तो कहते हैं कि हम अभी मनी ट्रेल ढूंढ रहे हैं। सीबीआई, ईडी और आईटी कोई सबूत नहीं ढूंढ पाई। आखिरकार जब सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद चंदे की डीटेल चुनाव आयोग की वेबसाइट पर डाली गई और मनी ट्रेल सामने आया तो पता चला कि घोटाले के आरोप आप पर लगाए जा रहे हैं और करीब 60 करोड़ रुपए का मनी ट्रेल बीजेपी के खाते में मिले हैं। जिस शरथ चंद्र रेड्डी को इन्होंने पहले गिरफ्तार किया,

## श्री ब्रह्मण सभा पश्चिमी दिल्ली ने होली उत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया




**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

पश्चिम विहार स्थित गोरी शंकर मंदिर में श्री ब्रह्मण सभा पश्चिमी दिल्ली ने होली उत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में परिवार सहित लोग शामिल हुए।सभी का कहना था की हमारे बच्चों को भारत के सनातन व सांस्कृति का ज्ञान रहे। इसलिए सभी उत्सव पर ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते रहें। वहीं श्री ब्रह्मण सभा पश्चिमी दिल्ली के अध्यक्ष व दिल्ली पंचायत संघ के सह प्रमुख सुनील शर्मा ने कहा की अब समय ऐसा चल रहा है की हम अपने धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपने बच्चों को लाने व खुद भी आने की रूचि नहीं रखते।जिसके चलते बच्चों को धार्मिक व सांस्कृतिक उत्सवो के बारे में जानकारी नहीं होती। घर पर ही सभी मोबाइल फोन पर व्यस्त रहते हैं। इस मौके पर सेवानिवृत्त सहायक पुलिस आयुक्त दिनेश शर्मा ने कहा की श्री ब्रह्मण सभा पश्चिमी दिल्ली लगातार धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करती आ रही है।सबसे बड़ी बात यह है की इन कार्यक्रमों में परिवार सहित लोग आ रहे हैं।ओर ये सराहनीय प्रयास है की अपने बच्चों को भारतीय सनातन परम्परा व भारतीय उत्सवो के बारे में अवगत करा रहे है। इस मौके पर महामन्त्री श्री ब्रह्मण सभा पश्चिमी दिल्ली संजय भारद्वाज,कोषाध्यक्ष भारत भारद्वाज उपाध्यक्ष अनिल गौतम,महावीर प्रसाद शर्मा,हरीश शर्मा,आशा शर्मा, निर्देश शर्मा,रमेश शर्मा, डीके शर्मा,अरविंदर शर्मा सहित सभी पदाधिकारी ओर गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## केजरीवाल ने ईडी की हिरासत से अपनी सरकार को निर्देश दिया

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत से अपनी सरकार को निर्देश दिया। उन्होंने दिल्ली में पानी और सीवरेज की समस्या का समाधान करने के लिए जल मंत्रालय को निर्देश जारी किया। श्री केजरीवाल के निर्देश पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आप नेता और मंत्री आतिशी ने कहा, इस स्थिति में भी श्री केजरीवाल अपने बारे में नहीं, बल्कि दिल्ली की जनता और उनकी समस्याओं के बारे में सोचते हैं। दिल्ली का काम नहीं रुकेगा; यह चलता रहेगा। मैं भाजपा को बताना चाहती हूं कि वे श्री केजरीवाल को गिरफ्तार कर जेल में डाल सकते हैं, लेकिन वे उनके प्यार और जिम्मेदारी को सीमित नहीं कर सकते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा लिखे गए एक नोट को पढ़ा जिसमें लिखा गया है कि मैं दिल्ली के कुछ क्षेत्रों में पानी और सीवरेज सहित महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में चिंतित हूं। अगर मैं जेल में भी हूं तो इस कारण लोगों को थोड़ी भी परेशानी नहीं होनी चाहिए। श्री केजरीवाल ने कहा कि जैसे गर्मियां बढ़ रही हैं वैसे-वैसे कुछ क्षेत्रों में पानी की कमी हो रही है, पर्याप्त संख्या में टैंकरों की व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने मंत्री से कहा कि वह मुख्य सचिव सहित अन्य अधिकारियों को निर्देश दें कि जनता को कोई असुविधा न हो और लोगों की समस्याओं का तत्काल और उचित समाधान किया जाए। श्री केजरीवाल ने कहा कि अगर आवश्यक हो तो उपराज्यपाल से भी सहायता मांगें। गौरतलब है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया है।

### रैली भ्रष्टाचार से ध्यान भटकाने का प्रयास : वीरेंद्र सचदेवा

नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को कहा कि इंडिया गठबंधन की ओर से 31 मार्च को रैली की घोषणा भ्रष्टाचार से ध्यान भटकाने का प्रयास है। भ्रष्टाचार के आरोप में मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई है। महारैली की घोषणा करने वाले नेता जनता को यह बताना चाहते हैं कि मुख्यमंत्री निर्दोष हैं, जबकि उन्हें किसी भी अदालत ने राहत नहीं दी है। उन्हें जमानत तक नहीं मिल रही है। कांग्रेस सहित गठबंधन के अधिकांश दल के नेता घोटालों की जांच से परेशान हैं। केजरीवाल की गिरफ्तारी ने पूरे गठबंधन को विचलित कर दिया है। भाजपा केजरीवाल के भ्रष्टाचार के प्रमाणों को दिल्ली के अंतिम व्यक्ति तक लेकर जाएगी। इस्तीफे की मांग को लेकर 26 मार्च को पूरी दिल्ली में प्रदर्शन किया जाएगा। हर मंडल, जिला, विधानसभा और संसदीय क्षेत्र में आम आदमी पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा। हर बूथ पर भाजपा भ्रष्टाचारी सत्ता की पोल खोलेगी।

# सिसोदिया, संजय से लेकर केजरीवाल तक... कैसे शराब घोटाले में फंसे आप के दिग्गज नेता

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




दिल्ली आबकारी नीति घोटाला आम आदमी पार्टी (आप) के लिए गले की फांस बन गया है। आप के दो वरिष्ठ नेता महीनों से जेल में हैं और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी गुरुवार रात को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में पहुंच गए हैं। जहां ईडी मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल से मामले की जांच कर रही है। वहीं सीबीआई भी मामले से जुड़ी हुई है। आइए जानते हैं इस पूरे मामले पर विस्तार से...

क्या है दिल्ली आबकारी नीति घोटाला? दिल्ली सरकार ने शराब की बिक्री में गड़बड़ी रोकने और राजस्व बढ़ाने के लिए नवंबर 2021 में अपनी नई उत्पाद शुल्क नीति में सुधार करती है। पहले दिल्ली में शराब की खुदरा बिक्री सरकारी और निजी ठेके के बीच समान तरीके से होती थी। इससे उत्पाद शुल्क विभाग को हर साल लगभग 4,500 करोड़ रुपये मिलता था।

दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 में सरकार ने खुदरा कारोबार को पूरी तरह से निजीकरण कर दिया। इस तरह उत्पाद शुल्क की चोरी और अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लग गया। इससे 10,000 करोड़ रुपये के राजस्व की कमाई का लक्ष्य रखा गया। राजधानी के सभी 272 नगरपालिका वार्डों में से प्रत्येक में कम से कम दो शराब की दुकानें खोली जानी थी।

दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार ने जुलाई 2022 में नई आबकारी नीति को लेकर जांच की। उन्होंने बताया कि नीति में जानबूझकर और गंभीर खामियां बरती गई और लाइसेंसधारियों को अनुचित लाभ दिया गया। इसके बाद उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सीबीआई जांच की सिफारिश कर दी। मुख्य सचिव की जांच के कुछ मुद्दे सीबीआई एफआईआर का हिस्सा बन गए। मामले में डिप्टी सीएम और आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया, तीन ब्यूरोक्रेट और 11 अन्य आरोपी बनाए गए। रिपोर्ट में शीर्ष राजनीतिक स्तर पर वित्तीय मदद के बदले ठेके संचालकों को लाभ देने का आरोप लगाया गया। इसमें कहा गया कि सिसोदिया ने कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए बड़े फैसले लिए और उत्पाद शुल्क नीति को अधिसूचित किया। इसके बदले उन्होंने बड़ा लाभ कमाया।

इन आरोपों पर दिल्ली सरकार का कहना है कि नई आबकारी नीति फरवरी 2021 में दिल्ली कैबिनेट द्वारा गठित मंत्रियों के समूह (जीओएम) की एक रिपोर्ट के आधार पर तैयार की गई थी। नीति और इसके नियमों और शर्तों को कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गई थी। हालांकि अधिकांश निर्णय डिप्टी सीएम सिसोदिया द्वारा लिए गए थे।

हालांकि बाद में इसे जीओएम ने भी अनुमोदित कर दिया। इन्हें वित्त और कानून विभागों द्वारा अनुमति दिए जाने के बाद इसे कैबिनेट नोट में मंजूरी के लिए भेजा गया। मंत्रिपरिषद ने भी उत्पाद विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। नवंबर 2021 में नीति को एलजी द्वारा अनुमोदित कर दिया गया। इसके बाद इसे लागू कर दिया गया।

नीति को लेकर अअढ पर क्या हैं आरोप? अअढ पर शराब के लाइसेंसधारियों से धन प्राप्त करने और इसे पंजाब और गोवा में 2022 की शुरूआत में होने वाले विधानसभा चुनाव अभियानों में खर्च करने का आरोप लगाया है। अअढ संचार प्रभारी विजय नायर और हैदराबाद स्थित व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली को नवंबर 2022 में गिरफ्तार किया गया।

उस समय मनीष सिसोदिया के पास वित्त और उत्पाद शुल्क का विभाग था। ऐसे में उनपर गाज गिरना लाजमी था। उन्हें फरवरी 2023 में गिरफ्तार कर लिया गया। इसी मामले में बाद में राज्यसभा सांसद संजय सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया गया। ईडी ने आरोप लगाया कि निजी थोक विक्रेताओं को 6% किकबैक के बदले में 12% मार्जिन की अनुमति दी गई। यह पूरा घोटाला 292 करोड़ रुपये से अधिक का है। इसमें यह भी आरोप लगाया गया है कि अअढ नेताओं को ह्यसाउथ ग्रुपह्न से 100 करोड़ रुपये की रिश्वत मिली थी। हाल ही में, बीआरएस नेता और तेलंगाना के पूर्व सीएम के चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता को इस ह्यसाउथ ग्रुप का हिस्सा होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। आखिर सीएम केजरीवाल पर क्यों लटकी तलवार?

ईडी ने सबसे पहले केजरीवाल को 2 नवंबर को मामले में पूछताछ के लिए समन भेजा था। ईडी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह शराब घोटाले में रिश्वत के लाभार्थी के रूप में मामले की जांच कर रही है और सीएम को आरोपी बनाने पर विचार कर रही है। ईडी ने केजरीवाल के निजी सहायक विभव कुमार और डीडीसी के उपाध्यक्ष जैस्मीन शाह से पूछताछ करने क बाद सीएम से पूछताछ का आधार तैयार किया। अगले पांच महीनों में ईडी ने केजरीवाल को कुल नौ समन भेजे, लेकिन वह इससे दूरी ही बनाए रखी।

मामले में के. कविता को गिरफ्तार करने के बाद ईडी ने आरोप लगाया कि केजरीवाल इस मामले में किंगपिन थे और के. कविता आप के नेताओं को 100 करोड़ रुपये देने में शामिल रही थीं। ईडी ने यह भी आरोप लगाया था कि केजरीवाल ने खुद मुख्य आरोपियों में से एक समीर महेंद्रू से वीडियो कॉल पर बात की और विजय नायर को अपना आदमी बताया था।

मामले पर सीएम केजरीवाल का क्या है बयान? सीएम अरविंद केजरीवाल ने मामले पर कहा कि भाजपा के इशारे पर उन्हें समन भेजे जा रहे थे। उन्होंने तर्क दिया कि ईडी ने यह नहीं बताया कि उन्हें किस हैसियत से पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा है- एक व्यक्ति, एक मुख्यमंत्री या आप के राष्ट्रीय संयोजक के रूप में। केजरीवाल का कहना था कि बीते दो साल से चल रही जांच में किसी भी जांच एजेंसी को कुछ नहीं मिला है। ऐसे में उन्हें सिर्फ राजनीतिक तौर पर निशाना बनाया जा रहा है। उनका कहना था कि दिल्ली एलजी के नियंत्रण में काम करने वाले अधिकारियों के बयानों के आधार पर मामले में उनका नाम जोड़ा गया।

### हिट एंड रन मामले में युवक दोषमुक्त करार

नई दिल्ली। रोहिणी कोर्ट ने 2019 में मॉडल टाउन के हिट एंड रन मामले में आरोपी युवक को दोषमुक्त करार दिया है। बचाव पक्ष के वकील प्रशांत प्रकाश ने बताया कि अदालत ने आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष ने केवल एक प्रत्यक्षदर्शी गवाह के आधार पर आरोप पत्र दाखिल किया। इस दौरान पुलिस ने एक भी स्थान पर यह स्पष्ट नहीं किया कि घटना के समय कार कौन चला रहा था। ऐसे में आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए हत्या के प्रयास और लापरवाही से गाड़ी चलाने की धाराओं से आरोप मुक्त करार दिया जाता है। रोहिणी कोर्ट परिसर स्थित स्पेशल जज धीरेंद्र राणा ने 21 मार्च को दिए अपने आदेश में कहा कि एक सितंबर 2019 को एक कार में सवार दो लोगों की स्थानीय लोगों के साथ लापरवाही से गाड़ी चलाने के दौरान बहस हो गई। चालक ने कार को बैक करते हुए एक युवक को घायल कर दिया और फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज से कार की पहचान करने के बाद पुलिस ने कार मैकेनिक इकबाल की जानकारी ली। इस दौरान इकबाल की ही गैराज में कार रिपेयरिंग के लिए पहुंची थी। जहां दोनों आरोपियों अरुण और प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया गया। ट्रायल के दौरान अरुण की मौत हो गई थी। इसके बाद केवल प्रदीप के खिलाफ ट्रायल चल रहा था। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर पाया कि घटना के समय आरोपी कार चला रहा था।

# जेएनयू : स्वाति सिंह ने अनशन तोड़ा

## बैठक के बाद कहा नहीं हो सकता दोबारा चुनाव



नई दिल्ली। जवाहर लाल नेहरू छात्र संघ चुनाव में नामांकन रद्द होने के बाद अनशन पर बैठी स्वाति सिंह ने अनशन तोड़ दिया है। वह वाम संगठनों के संयुक्त गठबंधन की तरफ से सचिव पद की प्रत्याशी थी। लगभग 35 घंटे बाद उन्होंने रविवार को मतगणना के दौरान सुबह 4 बजे अनशन तोड़ा। चुनाव समिति ने एक अधिसूचना जारी कर कहा कि महासचिव पद के लिए पुनर्निर्वाचन असंभव है, क्योंकि ऐसा करने से लिंगदोह समिति की सिफारिशों का उल्लंघन होगा। स्वाति सिंह ने नामांकन रद्द होने के बाद फिर से सचिव पद पर नामांकन प्रक्रिया करने और फिर से चुनाव कराने की मांग की थी। उनके ऊपर कई आरोप थे। बताया जा रहा है कि कुछ मामलों में उन्होंने प्रशासन द्वारा सजा भी हुई थी। चुनाव समिति द्वारा जारी सूचना में कहा गया है कि सभी संगठनों की बैठक के बाद स्वाति सिंह द्वारा पुनः नामांकन एवं पुनः निर्वाचन अनुरोध के संबंध में स्पष्टीकरण दिया गया कि इस मामले में फिर से नामांकन या चुनाव नहीं हो सकता है। लिंगदोह समिति के दिशानिर्देशों और जेएनयूएसयू संविधान के अनुसार पुनः नामांकन और पुनः चुनाव का कोई प्रावधान नहीं है। इसके अलावा, चुनाव आयोग यह जोड़ना चाहेगा कि नामांकन की तारीख से परिणाम घोषित होने तक की समयसीमा 10 दिन है, जो 24 मार्च, 2024 को समाप्त हो रही है। चुनाव समिति इस समय सीमा का पालन करने के लिए बाध्य है और इसे पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है।

# होली उत्सव पर ब्राह्मण सभा ने आयोजित किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

नई दिल्ली। पश्चिम विहार स्थित गौरी शंकर मंदिर में ब्रह्मण सभा पश्चिमी दिल्ली ने होली उत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में परिवार सहित लोग शामिल हुए और रंग, अबीर, फूलों के साथ होली खेली। ब्रह्मण सभा पश्चिमी दिल्ली के अध्यक्ष व दिल्ली पंचायत संघ के सह प्रमुख सुनील शर्मा ने इस अवसरपर कहा की अब समय ऐसा चल रहा है की हम अपने धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपने बच्चों को लाने व खुद भी आने की रूचि नहीं रखते। इससे बच्चों को धार्मिक व सांस्कृतिक उत्सवों की जानकारी नहीं होती। घर पर ही सभी मोबाइल फोन पर व्यस्त रहते हैं। सेवानिवृत्त सहायक पुलिस आयुक्त दिनेश शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम में बच्चों व उनके माता-पिता सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं यह देखकर अच्छा लगता है। होली पर हुडदंग नहीं, पानी को व्यर्थ न बहाने के संकल्प हमें और जिम्मेदारी का अहसास करवाते हैं। कार्यक्रम में ब्राह्मण सभा पश्चिमी दिल्ली के संजय भारद्वाज, कोषाध्यक्ष भारत भारद्वाज, उपाध्यक्ष अनिल गौतम, महावीर प्रसाद शर्मा, हरीश शर्मा, आशा शर्मा, निर्देश शर्मा, रमेश शर्मा, डीके शर्मा,अरविंदर शर्मा सहित सभी पदाधिकारी व गणमान्य जन मौजूद रहे।

# हवाला के तीन करोड़ रुपये जब्त, चार गिरफ्तार



नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही हवाला के जरिए पैसों का लेनदेन बढ़ गया है। दिल्ली कैंट थाने की सुब्रोतो पार्क पुलिस चौकी ने शनिवार रात चुनाव में खर्च करने के लिए दिल्ली लाए जा रहे तीन करोड़ रुपये जब्त किए हैं। बताया जा रहा है कि ये पैसे गुरुग्राम से लाए गए थे, जिन्हें शाहदरा इलाके में ले जाना था। पुलिस ने रकम के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से दो स्कूटी और तीन फोन बरामद हुए। मामले की सूचना आयकर विभाग और चुनाव आयोग को दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि अब आगे की जांच आयकर विभाग की टीम करेगी। पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि दिल्ली कैंट थाना एसएचओ विपिन कुमार की टीम को सूचना मिली थी कि गुरुग्राम से दो स्कूटी सवार लोग हवाला की रकम लेकर आ रहे हैं। पैसों को एनएच- 48 से लाया जाएगा। इसके बाद हेडकांस्टेबल ओमवीर, हंसराज और चौकी इंजार्च की टीम बनाई गई। पुलिस टीम ने एनएच-48 पर झरेरा गांव के पास पिकेट लगाकर वाहनों की जांच शुरू की। करीब 100 वाहनों की जांच के बाद गुरुग्राम की तरफ से आ रही दो स्कूटी रोकी गईं। इन पर दो बड़े बैग रखे हुए थे। चालकों से जब बैग में रखी तीन करोड़ रकम के बारे में पूछा गया और जरूरी कागजात मांगे गए तो वे पेश नहीं कर सके।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आरोपियों में मोहम्मद सोमीन, जीशान, दानिश और संतोष शामिल हैं। चारों लोग कांति नगर एक्सटेंशन, शाहदरा के रहने वाले हैं। आरोपियों ने बताया कि यह रकम हवाला की है, जो शाहदरा निवासी मोहम्मद वकील की है। मोहम्मद वकील का स्क्रैप का काम है। इसके पास चारों आरोपी पिछले एक साल से काम कर रहे हैं। पुलिस सूत्रों की मानें तो आरोपी अब तक 150 करोड़ से ज्यादा रुपये लेकर आ चुके हैं।

# केजरीवाल का ईडी की हिरासत से पहला निर्देश- जल मंत्री को कहा कि दिल्ली में सीवर और पानी की समस्याओं का हो समाधान

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी की हिरासत से पहला लिखित आदेश भेजा है। उन्होंने जल मंत्री आतिशी को दिल्ली में सीवर और पानी की समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए है। अपने आदेश में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि, मैं जेल में हूँ, पर दिल्ली के लोगों जरा भी तकलीफ नहीं होनी चाहिए; गर्मियाँ भी आ रही है, जहां भी पानी की कमी है, वहाँ उचित संख्या में टैंकरों का इंतजाम होना चाहिए। साथ ही जलमंत्री मुख्य सचिव समेत अन्य अधिकारियों को आदेश दे ताकि जनता को किसी तरह की परेशानी न हो; जनता की हर समस्या का तुरंत और समुचित समाधान होना चाहिए।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी की हिरासत से जल मंत्री आतिशी को आदेश देते हुए कहा है कि,- मुझे पता चला है कि दिल्ली के कुछ इलाकों में पानी और सीवर की काफी समस्याएँ हो रही है। इसे लेकर मैं चिंतित हूँ। चूँकि मैं जेल में हूँ, इस वजह से लोगों जरा भी तकलीफ नहीं होनी चाहिए। गर्मियाँ भी आ रही है। जहां भी पानी की कमी है, वहाँ उचित संख्या में टैंकरों का इंतजाम कीजिए। मुख्य सचिव समेत अन्य अधिकारियों को उचित आदेश दीजिए ताकि जनता को किसी तरह की परेशानी न हो। जनता की समस्या का तुरंत और समुचित समाधान होना चाहिए। जरूरत पड़ने पर उपराज्यपाल महोदय का भी सहयोग लें। वे आपकी जरूर मदद करेंगे।

मुख्यमंत्री द्वारा ईडी हिरासत से भेजे गये इस लिखित आदेश के विषय में साझा करते हुए जल मंत्री आतिशी ने कहा कि, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी ने ईडी की हिरासत से मुझे बतौर जल मंत्री आदेश भेजे है। उन्होंने कहा कि, कल जब मुख्यमंत्री जी की ओर से ये निर्देश मेरे पास आए तो मेरी आँखों में आँसू आ गए। मैंने सोचा कि कौन ऐसा व्यक्ति है जो इतनी विकट परिस्थिति में, जब उन्हें गिरफ़्तार कर लिया गया है, कैद कर लिया गया है और उन्हें पता नहीं है कि वो जेल से कब बाहर आयेंगे। कौन ऐसा व्यक्ति है को अपने बारे में न सोचकर दिल्ली वालों के बारे में सोचता है। कौन ऐसा व्यक्ति है जो अपनी इतनी बड़ी तकलीफ के बारे में न सोचकर दिल्लीवालों के छोटे-छोटे पानी और सीवर से जुड़ी समस्याओं के बारे में सोचता है। उन्होंने कहा कि, ऐसा व्यक्ति सिर्फ. अरविंद केजरीवाल ही हो सकते है क्योंकि अरविंद केजरीवाल जी अपने आप को सिर्फ. दिल्ली का मुख्यमंत्री नहीं मानते है बल्कि दिल्ली के 2 करोड़ लोगों को अपना परिवार मानते है। उन्होंने 9 सालों से दिल्ली की सरकार को ऐसे चलाया है जैसे कोई अपने परिवार की देखरेख करता है।

जल मंत्री आतिशी ने कहा कि, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के लिए दिल्ली के लोग सिर्फ.वोटर नहीं है, वो दिल्ली वालों के लिए सिर्फ. मुख्यमंत्री नहीं है। अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली के लोगों को अपने परिवार का सदस्य मानते है। उन्होंने दिल्ली की सरकार को एक बेटे की तरह, एक भाई की तरह एक परिवार की तरह चलाया है। और यही कारण है कि आज इतनी मुश्किल परिस्थिति में होते हुए भी हर दिल्लीवाले के लिए सोच रहे है।

### भोरगढ़ इंडस्ट्रियल एरिया की जूता फैक्टरी में आग लगी

नई दिल्ली। भोरगढ़ इंडस्ट्रियल एरिया में रविवार को तीन मंजिला जूता फैक्टरी में भीषण आग लग गई। दमकल की 30 गाड़ियों ने करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। अभी तक शॉर्ट सर्किट को हादसे का कारण माना जा रहा है। पीएमसी आफिस के पास करीब 350 गज में तीन मंजिला जूता फैक्टरी है। इसकी पहली मंजिल पर आग लग गई और ऊपर फैलती चली गई। करीब 12 बजे दमकल की टीम को सूचना मिली और 30 गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। इस हादसे में बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर को छोड़कर पूरी इमारत जल गई। दमकल अधिकारी ने बताया कि प्लास्टिक का सामान और केमिकल होने की वजह से आग भड़कती चली गई। फिलहाल दमकल की तीन गाड़ियां कूलिंग ऑपरेशन में लगी हुई हैं। इसके बाद तलाशी अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान मौके पर स्थानीय पुलिस और कैट्स एम्बुलेंस भी पहुंच गई। स्थानीय पुलिस भीड़ को नियंत्रित करने में जुट गई। इस दौरान कोई ऐसा शख्स नहीं आया था जिसका परिजन लापता था।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक कार्यालय

प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली – 110 001

Mail ID : salenr365@gmail.com

संख्या :– 117–एस / सेल / ऑक्शन प्रोग्राम / 2024–25 दिनांक : 22.03.2024

नीलामी सूचना सं०– जून / 24

रद्द लोहा, अलोह, अन्य विविध स्क्रैप, कन्डम लोको कोचेज तथा वैगन्स, स्क्रैप रेल एवं अन्य रेल पथ सामग्री के निस्तारण हेतु ई–नीलामी की जायेगी। लैड एसिड बैटरीज / यूज्ड ऑयल / रियूज्ड ऑयल केवल उन्हीं सम्भारणकर्ताओं को बिक्री किया जायेगा जो कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधीन पंजीकृत होंगे.

जून' 2024 की ई–नीलामी

| सं० | नीलामी करने वाला डिपो | समय | प्रथम चरण | द्वितीय चरण | तृतीय चरण | चतुर्थ चरण | पंचम चरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आलमबाग / लखनऊ 0522-2451257 | 10:00 | 3 | 10 | 18 | 24 | 29 |
| 2 | शकुरबस्ती 011-27015387 | 10:00 | 5 | 12 | 19 | 26 | 29 |
| 3 | जगाधरी 01732-252388 | 10:00 | 4 | 11 | 18 | 25 | 29 |
| 4 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / लखनऊ 0522-2234756 | 10:00 | 4 | 11 | 18 | 25 | 28 |
| 5 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / फिरोजपुर 01632-244154 | 10:00 | 6 | 13 | 20 | 27 | 28 |
| 6 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / अम्बाला 0171-2611203 | 10:00 | 5 | 12 | 19 | 26 | 28 |
| 7 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / मुरादाबाद 0591-2413141 | 10:00 | 6 | 13 | 20 | 27 | 28 |
| 8 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / दिल्ली 011-23365311 | 10:00 | 3 | 10 | 18 | 24 | 28 |

नोटः नीलामी में बेचे जाने वाले सामग्री का विवरण www.ireps.gov.in पर दिये कैटलॉग पर उपलब्ध होंगे 1. इच्छुक खरीददार उपरोक्त वर्णित सामग्री को नीलामी के पूर्व नामित स्थान पर कार्य दिवस में देख सकते हैं। 2. पूर्व नीलामी में बेचे गये सामग्री का विवरण www.nr.railnet.gov.in पर उपलब्ध है। 3. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए, क्रेता को ireps पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। ई–नीलामी की विस्तृत जानकारी, रजिस्ट्रेशन एवं अन्य नियम व शर्तों के लिए कृपया रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in देखें।

913/2024 (अनिल कुमार राय) उप मुख्य सामग्री प्रबंधक / एस एवं पी

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, सोमवार,25 मार्च, 2024

# जेएनयूएसयू चुनाव की मतगणना जारी

## डेढ़ हजार मतों की गणना के बाद एबीवीपी को बढ़त

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ चावन के लिए चुनाव के लिए मतों की गणना जारी है। 1421 मतों की गिनती पूरी हो चुकी है। शुरूआती दौर में एबीपी को बढ़त मिलती दिखाई दे रही है। अब तक किसे मिले कितने वोट? एबीपी के अध्यक्ष पद प्रत्याशी उमेश अजमीरा को 626 वोट, उपाध्यक्ष पद की प्रत्याशी दीपिका शर्मा को 462 वोट, सचिव पद के प्रत्याशी अर्जुन आनंद को 695 वोट और संयुक्त सचिव पद के प्रत्याशी गोविंद दांगी को 734 वोट प्राप्त हुए हैं। इनके मुकाबले दूसरे नंबर पर लेफ्ट गठबंधन है।

इनके अध्यक्ष पद प्रत्याशी धनंजय को 471 वोट, उपाध्यक्ष प्रत्याशी अभिजीत घोष को 386 वोट, सचिव प्रत्याशी प्रियांशी आर्य को 487 वोट और संयुक्त सचिव प्रत्याशी मोहम्मद साजिद को 448 वोट प्राप्त हुए हैं। अभी तीन हजार से अधिक वोटों की गिनती बाकी है। स्कूल आफ लैंग्वेज और स्कूल आफ सोशल साइंस में लेफ्ट का दबदबा रहा है।

1,995 मतपत्रों की गिनती के बाद-

अध्यक्ष

अभिजीत कुमार (आईएनडीपी)- 17

अफरोज आलम (सीआरजेडी)- 7

आराधना यादव (एससीएस)- 98विश्वजीत मिंजी (BAPSA)- 90

धनंजय (बाएं)- 737

जुनैद रजा (एनएसयूआई)- 83

सार्थक नायक (दिशा)- 29

उमेश चंद्र अजमीरा (एबीवीपी)- 812 नोटा- 66

उपाध्यक्ष

अंकुर राय (आईएनडीपी)- 472

अविजीत घोष (बाएं)- 636

दीपिका शर्मा (एबीवीपी)- 661मोहम्मद अनस (BAPSA)- 194 नोटा - 72महासचिव

अर्जुन आनंद (एबीवीपी)- 917

फरीन जैदी (एनएसयूआई)- 181

प्रियांशी आर्य (इअढरअ, वाम समर्थित) - 754

नोटा - 89संयुक्त सचिव

गोविंद दांगी (एबीवीपी)- 966

मो साजिद (बाएं) - 705

रूपक कुमार सिंह 131 नोटा-159

उल्लेखनीय है कि जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव के लिए शुक्रवार को हुए मतदान में लगभग 73 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके नतीजे आज रविवार रात 9 बजे घोषित किए जाएंगे। नतीजों की घोषणा विश्वविद्यालय की चुनाव समिति द्वारा की जाएगी। केंद्रीय पैनल में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव और महासचिव के पद शामिल हैं। फिलहाल वोटों की गिनती जारी है और रुझानों में कोई स्पष्ट विजेता नहीं दिख रहा है।

## आगे की रणनीति पर चर्चा के लिए आप विधायकों, पार्षदों की दिल्ली में बैठक

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी (आप) रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में अपने विधायकों और पार्षदों की बैठक करेगी। आप सूत्रों ने बताया कि पार्टी के सचिव (संगठन) संदीप पाठक के नेतृत्व में होने वाली बैठक का मकसद पार्टी के लिए आगे की रणनीति तैयार करना है। इस मीटिंग में प्रमुख नेताओं, विधायकों, पार्षदों और प्रमुख अधिकारियों सहित आप के कई नेता हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद यह आप की पहली बड़ी मीटिंग है। पार्टी के बड़े नेता की गैर मौजूदगी में होने वाली बैठक में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच राजनीतिक परिदृश्य को समझने की कोशिश की जाएगी। पार्टी सूत्रों ने कहा कि मीटिंग के प्रमुख एजेंडे में पार्टी के लिए भविष्य की रणनीति तैयार करना शामिल है। दिल्ली शराब नीति मामले में सीएम केजरीवाल को शुक्रवार को दिल्ली की एक अदालत ने 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है। आम आदमी पार्टी (आप) नेता ने सभी आरोपों का खंडन किया है और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर राजनीतिक मकसद से एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है।

# होली पर देश के 9 राज्यों में पड़ेगी तेज गर्मी की मार! अमेरिकी एजेंसी की इस स्टडी ने बढ़ाई चिंता

- शोधकर्ताओं ने देश भर में तापमान डेटा का विश्लेषण किया, जिसमें मार्च और अप्रैल, होली वाले महीनों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



अमेरिकी एजेंसी क्लाइमेट सेंट्रल द्वारा किए गए नए अध्ययन ने चिंताजनक तस्वीर पेश की है। रंगों का त्योहार होली, जो परंपरागत रूप से मार्च के अंत में मनाया जाता है, इस बार चिलचिलाती गर्मी की चपेट में आ सकता है। देश के नौ राज्यों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो सकता है। इस अध्ययन के अनुसार, इस संभावित गर्मी का कारण जलवायु परिवर्तन है। शोधकर्ताओं ने देश भर में तापमान डेटा का विश्लेषण किया, जिसमें मार्च और अप्रैल, होली वाले महीनों पर ध्यान केंद्रित किया गया। उनके निष्कर्षों से एक परेशान करने वाला रुझान सामने आया है।

तापमान में यह बदलाव चिंताजनक पूरे देश में महत्वपूर्ण रूप से तापमान बढ़ रहा है, खासकर हाल के दशकों में। क्लाइमेट सेंट्रल के विज्ञान विभाग के उपाध्यक्ष डा एंड्रयू पर्शिंग ने कहा, तापमान में अचानक बड़ा दलाव देखा जा रहा है। सर्दियों जैसे तापमान से सीधे बहुत गर्म परिस्थितियों में बदलाव चिंताजनक है। भारत में तापमान में यह वृद्धि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का एक स्पष्ट संकेत हैं।

पहले क्या था स्थिति?

अध्ययन न केवल समग्र तापमान वृद्धि का विश्लेषण करता है बल्कि होली के दौरान अत्यधिक गर्मी की घटनाओं के बढ़ते जोखिम का भी विश्लेषण करता है। 1970 के दशक की शुरूआत में, मार्च के अंत में 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तापमान का सामना करना बेहद दुर्लभ था। महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और बिहार में ऐसे तापमान का अनुभव होने की संभावना पांच प्रतिशत से अधिक है।

विश्लेषण से पता चला कि 40 डिग्री सेल्सियस पहुंचने की संभावना तब से बढ़कर नौ राज्यों तक बढ़ गई है- महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, बिहार, राजस्थान, गुजरात, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, ओडिशा और आंध्र प्रदेश। महाराष्ट्र में सबसे अधिक 14 प्रतिशत संभावना है।

11 शहरों में 10 प्रतिशत या उससे अधिक की संभावना

इस परिवर्तन को दिखाने के लिए, शोधकताओं ने मार्च और अप्रैल में वार्मिंग दर के बीच अंतर की गणना की, जिसे 1970 के बाद से औसत तापमान में परिवर्तन के रूप में व्यक्त किया गया। शोधकताओं ने कहा कि कुल 37 शहरों में अब 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक तापमान का अनुभव करने की कम से कम एक प्रतिशत जबकि 11 शहरों में 10 प्रतिशत या उससे अधिक संभावना है। पूरे भारत में गर्म हो रहे मार्च व अप्रैल विश्लेषण से पता चला कि मदुरै को छोड़कर, चार डिग्री सेल्सियस से ऊपर तापमान का सबसे अधिक जोखिम वाले 15 शहर मध्य भारत में है। बिलासपुर में सबसे अधिक 31 प्रतिशत जोखिम है और इसके 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना अब 1970 के दशक की तुलना में 2.5 गुना अधिक है।

इंदौर में 8 प्रतिशत संभावना के साथ बड़ा बदलाव दिखाता है, जो पहले की तुलना में 8.1 गुना अधिक है। क्लाइमेट सेंट्रल ने कहा कि मार्च व अप्रैल पूरे भारत में गर्म हो रहे हैं।

माना गया है कि प्रत्येक क्षेत्र में मार्च और अप्रैल दोनों के दौरान नेट वार्मिंग थी। मार्च के दौरान, उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों में सबसे तेज गर्मी होती है, 1970 के बाद मार्च में सबसे बड़ा परिवर्तन जम्मू और कश्मीर (2.8 डिग्री सेल्सियस) में हुआ है।

स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष महेश पलावत ने कहा, इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि बढ़ते पारे के स्तर के पीछे जलवायु परिवर्तन है। मार्च में लू दुर्लभ थीं, लेकिन बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग के साथ, लू की संभावना या उच्च तापमान में वृद्धि हुई है। हमें इस साल भी ऐसी ही मौसम की स्थिति देखने को मिलेगी। यह प्रवृत्ति आने वाले दिनों में भी जारी रहेगी और हमें आगे भीषण गर्मी के मौसम के लिए तैयार रहना चाहिए।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ 31 मार्च को विपक्ष की रैली

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ कांग्रेस, आम आदमी पार्टी व अन्य विपक्षी दल दिल्ली में 31 मार्च को रैली करेंगे। इस रैली में इंडिया गठबंधन के सभी दल शामिल होंगे। रविवार को कांग्रेस, लेफ्ट और आम आदमी पार्टी ने एक संयुक्त प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली और लेफ्ट नेताओं ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अपना विरोध जताया। गोपाल राय ने कहा कि 31 मार्च की रैली रामलीला मैदान में आयोजित की जाएगी। इसके लिए पुलिस व प्रशासन से अनुमति ली जाएगी। यह रैली रविवार 31 मार्च सुबह 10 बजे बुलाई गई है। गोपाल राय ने कहा कि जिस कथित शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है उसमें आज तक कोई मनी ट्रेल सीबीआई या ईडी नहीं ढूंढ पाई है। राय ने कहा कि चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी के खाते सीज कर दिए गए। आज कांग्रेस पार्टी चुनाव प्रचार के लिए अपने ही खातों के पैसों का इस्तेमाल नहीं कर पा रही है।

उन्होंने कहा कि यदि इतनी पुरानी पार्टी का खाता सीज हो सकता है तो इनको चंदा देने वाले व्यापारियों का खाता भी सीज किया जा सकता है। लोगों की स्वतंत्रता का हनन हो रहा है।

वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि हम देश में लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई में अपने गठबंधन के सभी साथियों के साथ मजबूती से खड़े हैं। लवली ने कहा कि चुनाव में सभी को समान अवसर नहीं मिल रहे। चुनाव जीतने के लिए चुने हुए मुख्यमंत्रियों, चाहे वह हेमंत सोरेन हों या अरविंद केजरीवाल, उनको गिरफ्तार किया जा रहा है। उन्होंने सत्ता पक्ष से प्रश्न करते हुए कहा कि आप किस तरह का लोकतंत्र देश में स्थापित करना चाहते हैं। लवली ने कहा कि 31 तारीख को होने वाली रैली में गठबंधन के सभी शीर्ष नेता होंगे। यह रैली कोई राजनीतिक रैली नहीं होगी, बल्कि यह देश में लोकतंत्र को बचाने का एक कदम है। उन्होंने कांग्रेस के कार्यकताओं के अलावा सभी सामाजिक संगठनों, आरडब्लूए व सिविल सोसाइटी के लोगों से इस रैली में पहुंचने का अनुरोध किया। वहीं लेफ्ट ने भी अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए आम आदमी पार्टी को अपना पूरा समर्थन देने का ऐलान किया है।

# आतिशी ने कहा, ईडी की हिरासत के बावजूद केजरीवाल खुद से ज्यादा लोगों को प्राथमिकता देते हैं

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




दिल्ली की मंत्री आतिशी ने रविवार को कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में होने के बावजूद खुद से ज्यादा लोगों के बारे में चिंता करते हैं।

आतिशी ने कहा, ईडी की हिरासत में रहते हुए, अरविंद केजरीवाल ने जल मंत्री के रूप में मुझे दिल्लीवासियों के सामने आने वाले पानी और सीवेज के मुद्दों को तुरंत देखने और गर्मियों के दौरान पर्याप्त संख्या में पानी के टैंकरों की व्यवस्था करने के निर्देश भेजे हैं। जब मैंने ये आदेश पढ़ा तो मेरी आँखों में आंसू आ गए। मुझे आश्चर्य हुआ कि वह कैसा व्यक्ति है, जो इतनी विपरीत परिस्थितियों में भी अपने बारे में नहीं, बल्कि दिल्ली के लोगों के बारे में सोच रहा है।

उन्होंने आगे कहा, अरविंद केजरीवाल सिर्फ खुद को दिल्ली का मुख्यमंत्री नहीं मानते, वह हर दिल्लीवासी को अपने परिवार का सदस्य मानते हैं। इसलिए, एक बेटे के रूप में, एक बड़े भाई के रूप में, हिरासत में रहते हुए भी, वह दिल्ली में दो करोड़ लोगों के अपने परिवार की लगातार चिंता करते हैं। वह केवल दिल्लीवासियों के कल्याण के बारे में सोच रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने ईडी की हिरासत से पहला आदेश जारी किया जो जल आपूर्ति से संबंधित था, और इसे मुख्यमंत्री ने दिल्ली की मंत्री आतिशी को भेजा जो इस विभाग की मंत्री हैं।

# बीजेपी के नेताओं ने फूंका अरविंद केजरीवाल का पुतला, दिल्ली के सीएम को बताया भ्रष्टाचार का पर्याय

नई दिल्ली। आबकारी घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय की रिमांड में चल रहे दिल्ली के केजरीवाल का आज बीजेपी ने पुतला दहन किया। दिल्ली भाजपा के नेता करीब 20 स्थान पर होली का दहन के साथ अरविंद केजरीवाल का भी पुतला दहन किया। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कनॉट प्लेस स्थित पालिका बाजार के सामने सीएम केजरीवाल का पुतला फूंका। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने जो घोटाला किया है, उससे दिल्ली वाले बहुत रोष में है और केजरीवाल के गिरफ्तार होने से नागरिक खुश हैं। आज दिल्ली के नागरिक होली का दहन के दौरान भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुके अरविंद केजरीवाल का पुतला भी दहन किया। केजरीवाल के पापों का घड़ा भर गयाः सचदेवा वीरेंद्र सचदेवा ने एक्स पर पोस्ट किया- आज कनॉट प्लेट में पार्टी कायकताओं के साथ केजरीवाल के भ्रष्टाचार की होलिका दहन की। भ्रष्टाचारी केजरीवाल के पापों का घड़ा भर गया था और उन्हें उनके द्वारा किए गए कुकर्मों की सजा मिल रही है। अभी तो केजरीवाल का शराब घोटाला ही खुला है, जिस दिन दिल्ली जल बोर्ड का घोटाला खुल जाएगा, वो इससे कई गुना बड़ा होगा। आप के खिलाफ लोगों में भारी आक्रोशः सचदेवा सचदेवा ने लिखा- दिल्ली की जनता में भ्रष्टाचारी केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के खिलाफ भारी आक्रोश है। हम तब तक चुप नहीं रहेंगे, जब तक केजरीवाल के घोटाले की पूरी कहानी नहीं निकाल देते। भाजपा का संघर्ष जारी रहेगा- एक भी भ्रष्टाचारी नहीं बचेगा। केजरीवाल इस्तीफा दो!

## दिल्ली के मुखर्जी नगर में शख्स ने लड़की को चाकू मारा



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने मुखर्जी नगर इलाके में एक लड़की को चाकू मारने के आरोप में 22 साल के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को कहा, लड़की को मामूली चोटें आई हैं और वह खतरे से बाहर है। यह घटना 22 मार्च को हुई। इसका सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में अमन नाम के आरोपी को लड़की के पास आते और उसे चाकू मारते हुए देखा जा सकता है। जब दो लोग उसे रोकने की कोशिश करते हैं, तो अमन मौके से भागने से पहले उन पर भी हमला करने का प्रयास करता है। पुलिस के मुताबिक लड़की इसी इलाके की लाइब्रेरी में पढ़ने आती थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, आरोपी ने पुलिस को बताया कि लड़की ने एक बार उसका मजाक उड़ाया था, जिससे वह क्रोधित हो गया और उसने सब्जी की गाड़ी से चाकू उठा कर उस पर हमला कर दिया। संयोग से, हमले में लड़की को कोई गंभीर चोट नहीं आई। आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# केजरीवाल को ईडी की कस्टडी में पानी और सीवर की याद आई : मनोज तिवारी

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि जिसने दिल्ली को रूलाया, वो जेल में है। साथ ही उन्होंने कहा कि केजरीवाल को 9 साल बाद खराब सीवर की याद आई है। जनता का विश्वास केजरीवाल ने खो दिया है। मनोज तिवारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो संदेश जारी करते हुए लिखा, दिल्ली में पानी और सीवर गड़बड़ है, यह अरविंद केजरीवाल को 9 साल बाद ईडी की कस्टडी में जाकर याद आया है, गजबे है!

भाजपा सांसद ने वीडियो में कहा कि ईडी की कस्टडी में एक मुजरिम और उसका संदर्भ लेकर एक कहानी रची गई। दिल्ली में पानी और सीवर गड़बड़ है और ये व्यवस्थित नहीं है। यह तब हुआ जब उनकी (अरविंद केजरीवाल) गिरफ्तारी पर दिल्ली का कोई भी व्यक्ति उनके समर्थन में आना तो छोड़िए, दुख भी नहीं जता रहा है। दिल्ली के लोग उनकी गिरफ्तारी पर खुशी मना रहे हैं और मिठाईयां बांटी जा रही हैं, पटाखे फोड़े जा रहे हैं। जिसने दिल्ली को रूलाया वो जेल में गया। क्योंकि आज दिल्ली की स्थिति अगर जाननी है तो आप गलियों में जाकर देखें। नालियों की स्थिति, गलियों का पानी सड़क और घरों में प्रवेश कर रहा है। घरों के नल से पीने का गंदा पानी मिल रहा है। ये तब समझ में आता है जब आप जेल में जाते हैं।

केजरीवाल पर निशाना साधते हुए मनोज तिवारी ने आगे कहा कि आपको 9 साल बाद पता चला है कि दिल्ली का पानी और सीवर गड़बड़ है। अभी आपको याद आएगा बुजुर्गों को पेंशन न देने की हाय क्या होती है, अभी आपको याद आएगा कि गरीब का राशन कार्ड न बनाने की हाय क्या होती है, ये सब समझ आएगा वो भी 9 साल के बाद। आगे मनोज तिवारी ने कहा, अरविंद केजरीवाल, बहुत देर हो चुकी है, एक मुजरिम के रूप में आप जेल के अंदर गए हैं। एक स्क्रिप्ट निकलकर आ रही है। अब दिल्ली उसको सुनने वाली नहीं है। दिल्ली की जनता के बीच आप विश्वास खो चुके हैं। उन्होंने आज स्वीकार किया कि 9 साल में दिल्ली की व्यवस्था बद से बदतर हो गई है। फिर सहानुभूति के लिए ना तो कोई शब्द और ना ही प्रदर्शन देखने को मिलेगा।

# ISSPA दिल्ली रीजन 2024 में सफलतापूर्वक खुशियों का मिलन कार्यक्रम हुआ संपन्न

**जितेंद्र शर्मा**



इंडियन पेंट इंडस्ट्री की प्रगति और एकजुटता का जश्न मनाने के लिए दिल्ली रीजन की इंडियन स्मॉल स्केल पेंट एसोसिएशन एक विशाल व अद्भुत सम्मेलन का आयोजन करती आई है। लेकिन इस साल ISSPA दिल्ली रीजन ने अब तक का सबसे ग्रैंड कार्यक्रम 23 मार्च की दोपहर को रोहिणी स्थित क्राउन प्लाजा में खुशियों का मिलन होली मिलन कार्यक्रम बेहद पारिवारिक अंदाज और धूमधाम से मनाया। ISSPA दिल्ली रीजन के अध्यक्ष डॉ. अशोक गुप्ता जी ने समारोह की अध्यक्षता की एवं प्रबंधन सकरनी ग्रुप द्वारा किया गया। खुशियों का मिलन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित करढअ के पूर्व अध्यक्ष श्री सुनील कुमार, श्री एस. के. वत्स, श्री संजय जैन, श्री सुरेंद्र अग्रवाल, श्री सतीश यादव, श्री मुकेश गोयल और अन्य कमेटी के महत्वपूर्ण सदस्यों ने दिल्ली रीजन के ISSPA परिवार संग मिलकर रंगों का जश्न मनाया। इसी के साथ पेंट इंडस्ट्री के कई दिग्गज व्यापारियों ने भी समारोह में अपनी खास शिरकती दी। नारी शक्ति को प्रोत्साहित करते हुए यहाँ उपस्थित महिलाओं ने द्वीप प्रज्वलित करके खुशियों का मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही होली के शानदार समारोह में डॉ. अशोक गुप्ता जी ने 250+ शामिल हुए मेहमानों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली एक ऐसा त्यौहार है जो आपसी प्रेम, एकजुटता, और सद्भावना का संदेश देती है।

कार्यक्रम में सभी ने एक साथ मिलकर खूबसूरत यादों को संजोया। जिसमें लजीज ब्रेकफास्ट, लंच, गीत-संगीत, शायरों की महफि ल, और फूलों की होली का लुत्फ भी उठाया गया। सिर्फ. यही नहीं यहाँ उपस्थित लोगों को आकर्षक तोहफे भी प्रदान किए गए।

# आप कार्यकताओं ने आईटीओ पुल पर प्रदर्शन किया, पुलिस ने हटाया

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकताओं ने पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ रविवार को आईटीओ फुटओवर ब्रिज पर प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकताओं ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ नारेबाजी की। बहरहाल, दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटा दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुल से एक बैनर लटकाया था जिस पर मैं भी केजरीवाल लिखा था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, हमने कानून व व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए आईटीओ में एक फुटओवर ब्रिज से पांच से छह कार्यकताओं को हटा दिया। इस बीच, भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भी केजरीवाल के खिलाफ एक प्रदर्शन की अगुवाई करते हुए आबकारी नीति मामले में उन्हें सख्त सजा देने की मांग की। भाजपा कार्यकताओं ने आम आदमी पार्टी के नेताओं का एक पुतला भी फूंका।

## जरूरतमंदों को किया रिक्शा भेंट



नई दिल्ली : हेल्पिंग हैंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंद लोगों को ठेली और रिक्शा ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश गर्ग द्वारा भेंट किए गए सतीश गर्ग का कहना है कि यदि हम ऐसे ही जरूरतमंदों की सहायता करते रहें तो समाज जरूर प्रोन्नति करेगा जितना हो सके जरूरतमंदों की मदद करिए इससे पहले भी यह ट्रस्ट महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित कर चुकी है और समय-समय पर ऐसे सोशल काम करती रहती है

# दिल्ली शराब घोटाले के किंगपिन सरथ चंद्र रेड्डी से 60 करोड़ लेकर भाजपा चुप क्यों?- आप

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




आम आदमी पार्टी ने तथाकथित शराब घोटाले के किंगपिन सरथ चंद्र रेड्डी से इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए 60 करोड़ रुपए लेने के खुलासे के बाद से भारतीय जनता पार्टी की चुप्पी पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। आप ने प्रश्न किया है कि अब स्मृति इरानी, अनुराग ठाकुर और मनोज तिवारी समेत भाजपा के तमाम नेता चुप क्यों हैं? इस संबंध में आप ने भाजपा से तीन गंभीर प्रश्न पूछे हैं। पहला, भाजपा मनी लॉड्रिंग के आरोपी सरथ चंद्र रेड्डी को कैसे जानती है, उससे भाजपा का कौन मंत्री या नेता मिला। दूसरा, भाजपा ने सरथ रेड्डी से 60 करोड़ रुपए क्यों लिए और तीसरा, इतनी गंभीर बात को भाजपा ने ईडी-सीबीआई और देश की जनता से क्यों छिपाकर रखा? आप ने कहा कि संभव है कि हमारे ये तीनों प्रश्न भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तक न पहुंचे। इसलिए हमने चिट्ठी भेजकर इन तीनों प्रश्नों पर उनसे जवाब मांगा है। पार्टी भाजपा से मिले जवाब को दिल्ली की जनता तक पहुंचाएगी। वहीं, अगर हमारे सवालों के जवाब नहीं मिलते हैं तो यह साफ हो जाएगा कि भाजपा रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ी गई है। लिहाजा पीएम मोदी को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए।

आप के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज, मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ और वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह पार्टी मुख्यालय में संयुक्त प्रेसवार्ता की। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि शनिवार को हमने पूरे देश को बताया था कि बीजेपी ने किस तरह से तथाकथित आबकारी मामले के आरोपी सरगना से पर्दे के पीछे चोरी छिपे इलेक्टोरल बॉन्ड लिए। बीजेपी ने आरोपी सरथ चंद्र रेड्डी से लगभग 60 करोड़ रुपए का चंदा इलेक्टोरल बॉन्ड के परदे के पीछे छिपकर लिया। ये आरोप नहीं, बल्कि तथ्य है। कुछ लोगों को गलतफहमी है कि हम बीजेपी पर आरोप लगा रहे हैं, लेकिन यह आम आदमी पार्टी का बीजेपी पर आरोप नहीं है, बल्कि हमने सबूत दिखाए हैं। ये बात चुनाव आयोग की वेबसाइट से प्रमाणित होती है कि प्रमुख आरोपी सरथ चंद्र रेड्डी को तथाकथित आबकारी मामले का सरगना बताया गया और उनको गिरफ्तार करने के बाद बीजेपी ने उनसे 55 करोड़ रुपए का चंदा लिया है।

उन्होंने कहा कि कमाल की बात ये है कि बीजेपी अबतक इसपर चुप है। जो पार्टी दिन में सात-सात प्रेस कॉन्फ्रेंस करती है, उसके बड़े नेता और मंत्री इस बात पर बिल्कुल चुप हैं। इसपर अनुराग ठाकुर और स्मृति ईरानी भी नहीं बोल रहे हैं। मनोज तिवारी और वीरेंद्र सचदेवा भी इसपर चुप हैं। भाजपा के हर नेता के मुंह में दही जम गई है कि ये क्या हुआ, ये बात कैसे खुल गई? अखबारों में भी ये बात छप रही है कि आबकारी मामले के प्रमुख आरोपी से इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए बीजेपी द्वारा 55 करोड़ रुपए का चंदा उसके आरोपी बनने के बाद लिया गया। जब ईडी और केंद्र सरकार ने खुद कहा है कि सरथ चंद्र रेड्डी पीएमएलए के तहत मनी लॉन्ड्रिंग का आरोपी है। यानि बीजेपी के प्रवक्ता जिस व्यक्ति का नाम लेकर रोज कह रहे हैं कि इसने मनी लॉन्ड्रिंग द्वारा आम आदमी पार्टी को 100 करोड़ रुपए दिए, उसी सरथ चंद्र रेड्डी से भाजपा ने 55 करोड़ रुपए लिए। ये बात अखबारों में भी छप रही है कि बीजेपी इसपर चुप है। भाजपा के लोग अब तक तो नैतिकता के पहाड़ पर चढ़कर अरविंद केजरीवाल को गाली दे रहे थे, तो अब चुप क्यों हो गए? आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीजेपी को प्रेस कॉन्फ्रेंस करने का बहुत शौक है। मैं उन्हें निमंत्रण देता हूं कि वो प्रेस कॉन्फ्रेंस करके हमारे तीन सवालों के जवाब दें,

# लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली कैंट से 3 करोड़ रुपये की नकदी बरामद, पुलिस ने चार युवकों को दबोचा



पश्चिमी दिल्ली। लोकसभा चुनाव को लेकर जारी की गई आचार संहिता के बीच दिल्ली कैंट थाना पुलिस ने हवाला के तीन करोड़ रुपये जब्त कर चार आरोपितों को पकड़ा है। आरोपितों की पहचान शाहदरा के मोहम्मद शोमीन, जिशान, दानिश व संतोष के रूप में हुई है। यह पैसा शाहदरा इलाके के ही स्क्रैप डीलर के पास ले जाया जा रहा था। चारों आरोपित स्क्रैप डीलर के मकान में ही परिवार के साथ किराये पर रहते हैं। पुलिस ने इसकी जानकारी आयकर विभाग को दे दी है। पुलिस स्क्रैप डीलर को पकड़कर पैसे के स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रही है। गुरुग्राम से लेकर आए थे नकदी

पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर को दिल्ली कैंट थाने के हेड कांस्टेबल ओमबीर, हंसराज व कांस्टेबल राजेश ने शक होने पर झरेरा फ्लाईओवर पर दो स्कूटी पर सवार होकर जा रहे चार युवकों को रोका।जब उनके काले रंग के बैग की तलाशी ली गई तो तीन करोड़ रुपये नकदी बरामद हुई।

इन चारों से पैसों के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे गए तो वह नहीं दिखा सके। फिर चारों को दिल्ली कैंट थाने की सुब्रतो पार्क चौकी पर लाया गया। पूछताछ के दौरान आरोपितों ने बताया कि बैग में हवाला के तीन करोड़ रुपये हैं। स्क्रैप डीलर का बताया नाम

ये रुपये शाहदरा में स्क्रैप डीलर का काम करने वाले मोहम्मद वकील मलिक के हैं। वह चारों उसके मकान में ही रहते हैं। पैसे, मोबाइल व स्कूटी जब्त कर चुनाव आयोग के निर्देश को ध्यान में रखते हुए यह जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों, चुनाव फ्लाइंग स्क्वाड टीम और आयकर विभाग के अधिकारियों को दे दी गई और उपरोक्त कथित व्यक्तियों और उनके फोन को उपरोक्त अधिकारियों को सौंप दिया गया। अब आयकर विभाग मोहम्मद वकील मलिक का पता लगाने की कोशिश कर रहा है। विभाग पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि यह पैसे कहां से भेजे गए व इनको कहां पर इस्तेमाल किया जाना था। विभाग इसकी भी जांच करेगा कि कहीं यह पैसा किसी दूसरे देश से तो कनेक्ट नहीं हो रहा है। फिलहाल पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## नरेला की एक फैक्ट्री में लगी भीषण आग, कई मजदूरों के फंसे होने की आशंका

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

बाहरी दिल्ली के नरेला स्थित भोरगढ़ औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में रविवार दोपहर में भीषण आग लग गई। फैक्ट्री के अंदर कई मजदूरों के फंसे होने की आशंका हैं। मौके पर कई दमकल की गाड़ियां पहुंची। दमकल कर्मी आग बुझाने में जुटे हुए हैं। दमकल अधिकारियों ने बताया कि दोपहर 12 बजे के आसपास नरेला के भोरगढ़ स्थित एक फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद मौके पर 25 दमकल की गाड़ियां भेजी गई। फिलहाल इसमें किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। आग कैसे लगी, इसकी भी जानकारी नहीं है। फिलहाल आग पर काबू पाने की कोशिश हो रही है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 25 मार्च, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### सब्जी हाट से बाइक हुई चोरी

चौसा (मधेपुरा) थाना से महज एक सौ गज की दूरी पर अवस्थित सब्जी हाट से शनिवार की देर शाम बदमाशों ने एक बाइक की चोरी कर फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित बाइक चालक ने थाने को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।बताया गया कि चौसा पूर्वी पंचायत अंतर्गत वार्ड 15 के नरधु टोला निवासी महेश मोदी सब्जी की खरीदारी करने थाना चौक से महज एक सौ दूरी पर अवस्थित सब्जी हाट पर गया था। हाट पर अपनी होंडा शाइन ग्रीन कलर की बाइक बी 43 एए 9478 को लॉक कर सब्जी की खरीदारी करने लगा। सब्जी खरीदनी पूरी होने के बाद वह जब अपने बाइक के पास आया तो वहां से बाइक पहले ही गायब हो चुका था। थानाध्यक्ष मुमताज अंसारी ने कहा कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

### पुलिस ने नाबालिग लड़की को किया बरामद

शेरघाटी।थाना क्षेत्र के एक गांव से गायब नाबालिग लड़की के साथ एक लड़का को पुलिस ने गया से बरामद किया है. थानाध्यक्ष शिवम धाकड़ ने बताया कि नाबालिक लड़की के गायब हो जाने की शिकायत परिजनों ने पिछले सप्ताह थाने में दर्ज करवाया था. पुलिस ने नीतीश कुमार नामक एक लड़के को भी गिरफ्तार किया है. पुलिस की हथे चढ़ा लड़का नवादा गांव का रहने वाला है।

# शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में उत्साह एवं उमंग के साथ मनाएं होली का त्योहार : जिलाधिकारी

● समाहरणालय सभा कक्ष में हुई जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक

प्रात : किरण, संवाददाता



हाजीपुर। जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा और पुलिस अधीक्षक श्री हर किशोर राय द्वारा आज रविवार को संयुक्त रूप समाहरणालय सभागार में होली के अवसर पर विधि-व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैंठक की गई। इस बैठक में जिला शांति समिति के सभी तीनों अनुमंडल के सदस्यगण उपस्थित थे। शांति समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा द्वारा कहा गया कि इस वर्ष होली के साथ रमजान का महीना भी है और लोक सभा का आम चुनाव भी है। इसलिए पदाधिकारियों के साथ साथ अमन पसंद शांति समिति के सदस्यों का दायित्व भी बढ़ जाता है। जिला पदाधिकारी द्वारा कहा गया कि आप सभी के सहयोग से वैशाली में हर पर्व, त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ है। जिला प्रशासन को आप सभी अपेक्षित सहयोग करें। उम्मीद है होली त्योहार को भी शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने में अपनी सहभागिता देंगे। जिला पदाधिकारी महोदय ने कहा कि वर्तमान समय में लोक सभा आम निर्वाचन-2024 की घोषणा की जा चुकी है जिसके आलोक में पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता एवं धारा 144 लागू है। जिलान्तर्गत होली त्योहार के अवसर पर संवेदनशील स्थलों को चिन्हित किया गया है। पूरे जिला में करीब 400 दण्डाधिकारी और इतने ही पुलिस पदाधिकारी एवं बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। इसके अतिरिक्त करीब 300 सेक्टर पदाधिकारी होलिका दहन से लेकर होली समाप्ति तक गतिशील और सजग रहेंगे। जिला पदाधिकारी ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में उन्होंने पुलिस अधीक्षक के साथ पूरे जिला का भ्रमण कर होली और चुनाव को लेकर सभी पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि डीजे दिखने पर उसे जब्त करें और एफआईआर करें। अश्लील गाना बजाने वालों , हुरदंगबाजों, लहरिया कट बाइकर्स और ट्रिपल लोडिंग पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। होली के समय असामाजिक तत्व सक्रिय रहते हैं, उनकी सूचना वॉट्सएप पर दें। उनपर कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि गाड़ी के साथ साथ गाड़ी से उतर कर पैदल भी गश्त लगाए। जिला मुख्यालय एवं सभी अनुमंडल मुख्यालयों में नियंत्रण कक्ष कार्यरत है। नियंत्रण कक्ष में रिजर्व दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं बल रखे गये है। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु क्यू0आर0टी0 का गठन किया गया है।जिलान्तर्गत सभी अग्निशमन वाहनों को तैयारी की हालत में रखा गया है। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा कहा गया कि इस त्योहार में धार्मिक उन्माद वाले नारों एवं अश्लील गाना नहीं बजायेंगे। होलिका दहन विवादित स्थलों पर नहीं हो, इसे सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि होली त्योहार के मद्देनजर अफवाह फैलाने वालों, विधि-व्यवस्था को प्रभावित करने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि शांति एवं सदभाव के साथ होली का त्योहार सम्पन्न कराना है। समाज में शांति सदभाव कायम रहे, इस हेतु सभी को सार्थक प्रयास करना है।

# हाजीपुर के ऐतिहासिक कोनहारा घाट पर खेली गई मसान भस्म होली



प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर के कोनहारा घाट पर वैसे तो सालो भर गमगीन माहौल होता है । वजह है इस जगह के मृत्य से जुड़े होने का यानी कोनहारा घाट को शमशान घाट के तौर पर जाना जाता है । लेकिन होली के मौके पर यंहा एक खास आयोजन हुआ जिसमे हजारो की भीड़ हुई ।राख और गुलाल से होली मना कर जीवन और मृत्यु का उत्सव एक साथ म नाते दिखे । दरअसल ये खास उत्सव होली की जुड़े एक खास आयोजन का था जिसे मसान होली कहते है । शमशान में राख और गुलाल से मनाये जाने वाला ये खास उत्सव वनारस के साथ बिहार के हाजीपुर में मनाया जाता है । बताया जाता है की ये परम्परा पौरांणिक काल से स्थापित है , लेकिन करीब 600 साल पहले मुगलो के समय से इस परम्परा को बंद करा दिया गया था ।सैकड़ो साल बाद इस साल होली के मौके पर इस परम्परा को जिवंत किया गया और वनारस के साथ हाजीपुर में इस मसान होली का आयोजन किया गया है । हाजीपुर के कोनहारा घाट पर इस आयोजन के लिए शमशान की 108 क्विंटल लकड़ियों से होलिका बनाया गया और इस होलिका के दहन के साथ लोग झूमते गाते और राख और गुलाल से जश्न मनाते दिखे ।

# स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी सह होली मिलन कार्यक्रम आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर ।महेंद्र नाथ सिंह विद्यालय, पंचदमिया , लालगंज के बच्चों के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी , आनंद मेला एवं होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों के द्वारा वायु प्रदूषण, पर्यावरण सुरक्षा ,जल संरक्षण , नाव पर घर, ग्रीन हाउस निर्माण ,बैंकिंग, गृह वाटिका, प्राकृतिक खेती, विद्यालय में होने वाली गतिविधियां ,स्वास्थ्यवर्धक जानकारी के बारे में विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से बताया गया। आनंद मेला में बच्चों के द्वारा मोटा अनाज से बने खाद्य पदार्थ, अंकुरित अनाज ,लिट्टी - चोखा, भुजा ,चाट , झगोलगप्पा, मिठाई, पोहा ,दही, लस्सी, जूस आदि का स्टॉल लगाया गया । होली गीत का गायन- ,वादन एवं होली मिलन का कार्यक्रम किया गया । कार्यक्रम का उद्घाटन महेंद्र नाथ सिंह ,विद्यालय के निदेशक ,डॉ अभय नाथ सिंह ने किया । इस अवसर पर योग शिक्षक अमरेश कुमार सिंह, प्राचार्य ,अक्षय नाथ सिंह ,प्रवीण कुमार ,धर्मेंद्र राय चुनमुन पांडे ,रानी शर्मा ,चुनमुन देवी ,प्रिया सिंह ,सुनील कुमार प्रियांशी ,करीना ,श्रुति ,श्रेया देवांचना ,सुहानी ,रौशन ,अंकुश ,आयुष ,अतुल, दिव्यांशु ,निशांत कोमल ,पीहू आदि उपस्थित थे।

# मतदान कार्मिकों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा दो पालियों में मतदान का सामान्य प्रशिक्ष ईवीएम व वीवीपैट का




प्रात : किरण संवाददाता

गया। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को पूरी अच्छी तरह संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम की उपस्थिति में चंदौती हाई स्कूल में रविवार को तृतीय मतदान कार्मिकों पी०3एव दुतिये मतदान कार्मिकों पी०2 का प्रथम प्रशिक्षण शुरू हो गया है। मतदान कार्मिकों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा दो पालियों में मतदान का सामान्य प्रशिक्षण और ईवीएम व वीवीपैट का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बडा लोकतांत्रिक देश है। देश की निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल होना हम सबके लिए गर्व की बात है। उन्होंने सभी मतदान कार्मिकों को पूरे मनोयोग से निर्वाचन के सभी पहलुओं से संबंधित प्रशिक्षण को गहनता से पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि सभी संबंधित कार्मिक आप मतदान के दौरान उपलब्ध करवाए जाने वाले ईवीएम को सीधे पोलिंग बूथ पर ले जाएंगे, पोलिंग बूथ के बाहर किसी भी कीमत पर नही लेकर जाएंगे, इसे ध्यान में रखे। ईवीएम हैंडलिंग अच्छे से करने का पूरी तरह परीक्षण प्राप्त कर ले। पूरी सावधानी से ईवीएम हैंडलिंग करना होगा। मॉक पोल के बाद हर हाल में सीआरसी बटम दबाना होगा। मतदान समाप्ति के पश्चात हर हाल में क्लोज बटम को दबाना होगा। इस बार आपसभी के साथ साथ पुलिस की टीम भी दिया जा रहा है। हर हाल में ईवीएम को गंतव्य स्थान अर्थात बूथ के अलावा कही और नही ले जाये। सभी प्रकार की व्यव्हारिक बातों को अच्छे से समझ ले। प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी सह अपर समाहर्ता राजस्व परितोष कुमार ने सभी मतदान कार्मिकों को कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के जो भी गाइडलाइंस,दिशा निर्देश हैं, उसे पूरी अच्छी तरह पालन करना है। आज से मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाना प्रारंभ है। पी-1, पी -2 एवं पी-3 कर्मियों को 24 मार्च से 29 मार्च तक ट्रेनिंग दिया जाएगा। प्रथम प्रशिक्षण हेतु कुल आठ स्थानों यथा राजकीय कन्या उच्च विद्यालय रमना में 480 कर्मियों का, जिला स्कूल में 960 कर्मियों का, हरिदास सेमिनरी प्लस टू उच्च विद्यालय में 720 कर्मियों का, टी मॉडल प्लस टू उच्च विद्यालय में 1200 कर्मियों का, कासमी प्लस टू उच्च विद्यालय में 1360 कर्मियों का, उच्च विद्यालय चंदौती में 1440 कर्मियों का, महावीर मध्य विद्यालय में 400 कर्मियों का एवं महावीर उच्च विद्यालय में 1040 कर्मियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रकार ट्रेनिंग में कुल 7600 कर्मी भाग लेंगे। इस ट्रेनिंग दो पालियों में संपन्न कराया जाएगा। प्रथम पाली सुबह 10:00 से सुबह 12:30 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 1:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक चलेगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पी-3 एव पी-2 को 24 मार्च, पी-1 एव पी-2 को 28 मार्च तथा प्रेजाइडिंग ऑफिसर एवं माइक्रो आब्जर्वर को 29 मार्च को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि ट्रेनिंग में अनुपस्थित होने वाले कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। सभी कर्मियों का ट्रेनिंग के दौरान अटेंडेंस लेने की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण में उपस्थिति हर हाल में अनिवार्य है।

# व्यवहार बदलेंगे तो जीवन में मिलेगी खुशी : शिक्षिका रिचा कुमारी

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा उ० म० वि मुसहरनियारही के शिक्षिका रिचा कुमारी ने बच्चों से कहा कि खराब व्यवहार को बदलना बेहद मुश्किल होता है। पुरानी बातें याद करें, जब इस व्यवहार की शुरूआत हुई थी। कैसे इस व्यवहार की शुरूआत हुई थी। कैसे आप इससे अलग व्यवहार करके अपनी जरूरतें पूरी कर सकते हैं। यह काम आसान नहीं है और इसमें समय भी लग सकता है। लेकिन इस तरह आपको ज्यादा संतोषजनक जीवन जीने में कुछ मदद मिल सकती है। वहीं शिक्षिका सोनी कुमारी ने कहा सफलता आपके प्रयास पर ही निर्भर करती है ठोकर खाने का मतलब असफल होना नहीं, खुद को मजबूत बनाना है। यह हमें सिखाता है कि हम एक-एक कदम आगे बढ़ा कर कैसे सफल हो सकते हैं। व्यक्ति कोशिश बंद करने से असफल होता है और ज्यादातर लोग सफलता के आखिरी पड़ाव पर हार मान लेते हैं। सफलता आपके प्रयास पर निर्भर करती है। कोशिश बंद करना, सफलता के दरवाजे बंद करने जैसा है। इच्छाएं तुरंत पूरी नहीं होतीं। इनमें समय लगता है। आज लोगों में संतोष नहीं है। लोग अपनी इच्छाएं झटपट पूरी करना चाहते हैं, धैर्य कम हो रहा है। हर काम जल्दी करना चाहते हैं। हर काम का परिणाम हमें तुरंत ही चाहिए होता है। इच्छाएं तुरंत पूरी करने की चाहत पीछे धकेलती है। इच्छाओं को जल्दबाजी में पूरी करने के बारे में न सोचें, ईमानदारीपूर्वक काम करते रहें। अगर आप लोगों को केवल इसलिए प्रभावित करते हैं कि वे आपको पसंद करें, तो आप लंबे समय तक सफल नहीं हो सकते। इस तरह अविश्वास पैदा होगा और आपके हर काम को शक की नजर से देखा जाएगा। अगर विश्वास नहीं है तो नींव ही नहीं है। आपका चरित्र आपके शब्द और कार्यों से अधिक ऊंचे स्वर में बोलता है। वहीं शिक्षिका रिचा कुमारी और सोनी कुमारी ने सभी छात्र और छात्राओं को 12 वी में उत्तीर्ण होने पे बधाई देते हुए कहा कि बच्चो की कड़ी मेहनत का फल मिला है। उन्होंने सभी बच्चो को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# सड़क पर गिरा बिजली का तार दादा पोता घायल, लोगों ने किया सड़क जाम



प्रात : किरण संवाददाता

चौसा (मधेपुरा) मुख्य मार्ग 58 पर रविवार की दोपहर बिजली के तार गिरने से दादा पोता घायल हो गया। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जामकर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा किया। हालांकि अधिकारियों की टीम के द्वारा हस्तक्षेप के बाद लोगों ने जाम हटाया और यातायात को बहाल कराया। घटना के संदर्भ में बताया गया कि चौसा पूर्वी पंचायत के बसैठा विलास सिंह अपने पोता 5 वर्ष आयुष कुमार के साथ किसी कार्य से बाजार आया हुआ था इसी दौरान मुरली चौक पर अचानक से बिजली का तार टूट कर गिर गया जिससे झटका लगते हैं दोनों दादा पोता घायल हो गया। घटना की जानकारी लोगों के द्वारा बिजली विभाग को देखकर बिजली आपूर्ति को बाधित कराया गया और घायल दादा पोता को अस्पताल में भर्ती करते हुए मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए यातायात को बाधित कर दिया और जर्जर बिजली के तार को बदलने का मांग करने लगा। उधर सड़क जाम की जानकारी मिलते ही बीडीओ बृजेश कुमार दीपक, सीओ शशिकांत यादव, थाना अध्यक्ष मुमताज अंसारी ने भारी संख्या में पुलिस बल के साथ जाम स्थल पर पहुंचकर आक्रोशित लोगों से वार्ता करते हुए तत्काल सड़क के बीचों बीच से गुजरी जर्जर तार को हटाते हुए लोगों का जाम तुड़वाया और यातायात को बहाल कराया गया। इधर घटना में घायल दादा- पोता का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौसा में कराया गया। जहां इलाज कर रहे चिकित्सक ने खतरे से बाहर बताया।

# अशोका इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस अमारूत के विद्यार्थियों ने इंटरमीडिएट परीक्षा में अपना परचम लहराया




प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी। गया जिला के डोभी प्रखंड अंतर्गत अशोका इंस्टिट्यूट आफ साइंस अमारूत (कोठवारा) के छात्रों ने 400 से अधिक अंक लाकर प्रखंड का नाम किया रौशन। विद्यार्थियों ने मेधा के परचम को बुलंदी पर लहराया। इस संस्थान से निकले विद्याथीर्यों ने स्वयं को नंबर वन बनाया। अशोका इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस के संचालकों से बातचीत करने पर पता चला कि प्रखंड क्षेत्र के राजशेखर कुमार ने 447 अंक लाकर प्रखंड क्षेत्र का नाम रौशन किया है। वही एक साथ अनेक तारे, बड़े-बड़े उत्तरोत्तरणों में नये रूपों में चमक रहे हैं। 447 अंक - राजशेखर कुमार (सर्वाधिक),446 अंक - सनी कुमार,442 अंक - रंजन कुमार, 437 अंक - आयुष कुमार,436 अंक - सोनम कुमारी, 431 अंक - प्रिंस कुमार,431 अंक - मेघा कुमारी,430 अंक - राहुल कुमार, 26 अंक - अंकित कुमार, 425 अंक - सानिया शेख,423 अंक - सुमन कुमारी,420 अंक - संजना कुमारी 420 अंक - दीपक कुमार,419 अंक - बबली कुमारी,418 अंक - अमित कुमार, 417 अंक - पुरुषोत्तम कुमार,415 अंक - अंशु ह्यकुमारी,412 अंक - अनिता कुमारी, 407अंक - मंटू कुमार, 405 अंक - माधुरी, कुमारी,401 अंक - संगीता कुमारी,400 अंक - दिपक कुमार, इस संस्थान से निकले लगभग 98% विद्याथीर्यों ने अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर एक नया इतिहास रचा है।

# आपसी भाईचारे एवं शांति के साथ रंगों का त्योहार होली मनायें:सत्येन्द्र रंजन

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। रंगों का त्योहार होली पर जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि रंगों का त्योहार होली आपसी सदभाव , आपसी भाईचारे , प्रेम , उत्साह , उमंग , हर्षोल्लास एवं शांति के साथ बनायें ।उन्होंने कहा कि होली का त्योहार आपसी गीले शिकवे भूलकर एक दूसरे को गले लगाने का त्योहार है । रंगों का त्योहार होली बदरंग न हो इसकी जिम्मवारी पुलिस प्रशासन के साथ - साथ समाज के प्रबुद्ध जन , सामाजिक कार्यकर्ता एवं राजनीतिक कार्यकताओं को भी है । होली के त्योहार में हुडदंग मचाने वाले एवं शरारती तत्वों पर पुलिस पैनी नजर रखें । रंगोंत्सव होली का महान त्योहार पूरे देश मे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है । यह त्योहार जाति , धर्म , सम्प्रदाय , लिंग , भेद से ऊपर का त्योहार है । इस त्योहार में सभी वर्ग के लोग एक दूसरे को रंग , अबीर गुलाल लगाकर बधाईयां देते हैं ।

# सद्भावना मंच द्वारा दावत ए इफ्तार का किया गया आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। माड़ीपुर स्थित होटल फाइव स्टार इन में सद्भावना मंच द्वारा दावत ए इफ्तार का आयोजन किया गया। समाज के सभी धर्म , संप्रदाय के सामाजिक कार्यकर्ता, बुधिजन एवं सामाजिक समरसता ,धार्मिक सद्भावना में विश्वास रखने वाले लोगों ने अच्छी संख्या में शिरकत किया । सामाजिक और धार्मिक समरसता को संबल प्रदान करने एवं आपस में भाईचारा के संदेश को प्रसारित करने और बंधुत्व के भाव को जगाए रखने के उद्देश से इस दावत ए इफ्तार का आयोजन किया गया । इफ्तार शुरू होने से पहले सद्भावना मंच के सचिव डा महमुदुल हसन ने ह्लसद्भावना मंचह्व गठन के उद्देश एवं मंच संदेश को आम जन तक ले जाने के प्रतिबद्धता की बात कही । संयुक्त सचिव मोहम्मद इश्तेयक ने सद्भावना मंच को जन जन तक ,जिला के ग्रामीण एवं पंचायत स्तर तक पहुंचने एवं इसके मिशन को आज के बिगरते राजनीतिक सामाजिक माहौल को पाटने और इसके खतरनाक चुनौतियों से निपटने के लिए सद्भावना मंच को गतिशील करने के कार्योजना पर जोड़ दिया । प्रो अरुण कुमार ने कहा कि भारत के हिंदू मुसलमानो सभी का डीएनए एक है और सैंकड़ों वर्षों के सामाजिक समरसता को कोई ताकत बिगाड़ नहीं सकता । वक्ताओं में वीरेंद्र राय ने कहा के हम जन्मजात यही के मिट्टी के वासी है ,धार्मिक सहिष्णुता हमारा धरोहर है । हरेंद्र कुमार चौधरी ,प्रो अवधेश , उप सचिव उमाशंकर सहनी, शाहिद कमाल, राकेश साहू ,शब्बीर अंसारी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए एवं इस ह्लदावत ए इफ्तार ह्ल में मौजूद जिला के सभी क्षेत्रों एवं सामाजिक ,राजनीतिक सरोकार के गणमान्यों में मनुवार आजम, आसिफ इकबाल, शाहिद इकबाल मुन्ना, जफीर फरियादी, सरफराज आलम, हमीद हुसैन, चंदेश्वर राम,आफताब आलम, नदीम खान,मकबूल अहमद, डा सैफ सुभानी, डा राजी अहमद, सैयद अहमद ,हेम नारायण विश्वकर्मा , कैसर आलम, तारिक जमाल,एहराज अहमद , श्रीमती वंदना ,सोनू साकार, पंकज सिंह ,अरुण झा, मोहम्मद रफी,आकाश कुमार ,रियाज अतीश ,संजर आलम, राजू पटेल, सुरेश कुमार गुप्ता आदि सहित लगभग 125 लोगो की शिरकत रही । हस्साम तारिक ने कार्यक्रम का संचालन किया । इफ्तार के बाद अपने धन्यवाद भाषण में सद्भावना मंच के संरक्षक प्रो अबूजर कमालुद्दीन ने रमजान की फजीलत , मानव जीवन में इसका उद्देश्य और मानव के अध्यात्मिक विकास में माह ए रमजान की भूमिका और मानव कल्याण को समर्पित इस पवित्र महीने की गरिमा और महत्व पर प्रकाश डाला।

# अलौकिक होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन




प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम) ।प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के द्वारा रविवार को सोवा बाबू चौक, (केनरा बैंक की बिल्डिंग की फर्स्ट फ्लोर पर) अलौकिक होली स्नेह मिलन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया ब्रह्माकुमारी अंजना दीदी जी ने आए हुए सभी भाई बहनों को होली के आध्यात्मिक अर्थ को बताया कि होली माना पवित्र। परमात्मा पवित्रता का सागर है उनके पवित्र रंगों में हमें स्वयं को रंगना है । होली अर्थात बीती बातों को भूल जाना हमें पूर्व मैं घटित घटनाओं को नहीं याद करना चाहिए होली अर्थात मैं आत्मा परमात्मा की हो ली ।

दीदी जी ने कहा कि हमें होली के अर्थों को जीवन में पूरे वर्ष के लिए अपनाना चाहिए ना कि एक दिन के लिए।

इसके पश्चात ब्रह्माकुमारी सोनी बहन ने बताया ल=लंड्डी ,ड=ड्ड४३ ,छ= 'ड्ड५ी, क= क्ल्ल , इन अर्थों को हमें समझना होगा हमें नेगेटिव चीजों को बाहर करना होगा और पॉजिटिव चीजों को स्वयं की जीवन में स्वीकारना होगाइसके पश्चात उन्होंने बहुत सुंदर कविता के माध्यम से होली की रहस्य का समझाया ।

होली स्नेह मिलन कार्यक्रम में मुख्य रूप से आईएमए प्रेसिडेंट डॉ एस एन कोलियार, प्रेम सोमानी, तारकेश्वर तोदी, मिना तोदी, अजय केशान, प्रमोद सिंगानिया, भाजपा जिला महिला अध्यक्ष सीमा माधो गरिया, और ब्रह्माकुमारी से जुड़े हुए नए भाई बहने इस कार्यक्रम को उमंग उत्साह से मनाए।

# शराब मामले में फरार कारोबारी को किया गिरफ्तार




मधुबनी

रहिका थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिला की ग्राम नवटोली पट्टी जगत में कांड के फरार शराब कारोबारी फिर से शराब रखकर खरीद बिक्री करने का कार्य कर रहा है सूचना की सत्यापन करने पहुंचे रहिका थाना पुलिस ग्राम नवटोली पट्टीजगत तो शराब कारोबारी पुलिस की वाहन देखते ही भागने की कोशिश करने लगा लेकिन दिव्यांग रहने के कारण भाग नही सका और पुलिस बल के द्वारा पकड़ लिया गया। रहिका पुलिस बल के द्वारा घर का तलाशी लिया गया तो टाट के फूस नुमा घर से 24 बोतल देशी नेपाली जिसकी कुल मात्रा 7.200 लीटर बरामद किया गया। गिरफ्तार शराब कारोबारी की पहचान नवटोली पट्टीजगत निवासी गुलटेंन चौपाल के पुत्र उमेश चौपाल के रूप में किया गया ।इस संदर्भ में रहिका थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध उत्पाद मद्य निषेध अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में लेने हेतु व्यवहार न्यायालय मधुबनी भेज दिया गया ।गिरफ्तार शराब कारोबारी के विरुद्ध 16 मार्च को शराब बरामदगी मामले में प्राथमिकी दर्ज किया गया था। उसके बाबजूद भी शराब रख कर चोरी छुपे शराब बिक्री करने का कार्य कर रहा था गुप्त सूचना के आधार पर प्राथमिकी के नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# पुलिस ने गायब छात्रा को किया बरमाद

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी। पुलिस ने थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव से गायब छात्रा को पुलिस ने गया से बरामद कर लिया है.जानकारी के मोताबिक बीते दो दिन पूर्व अपने घर से लड़की ट्यूशन पढ़ने के लिए निकली थी। जिसके बाद गायब हो गई थी परिजनों ने अपहरण की आशंका का जताते हुए स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज किया था, पुलिस ने लड़की के साथ एक गुरुआ के रहने वाले पवन कुमार को भी पकड़ा है, पुछताछ के बाद पुलिस ने युवक को जेल भेज दिया, वहीं लड़की का कोर्ट में बयान दर्ज करवाया है।

# होली मिलन समारोह में शामिल लोगों ने जमकर उड़ाए अबीर गुलाल



प्रात : किरण संवाददाता

महुआ महुआ प्रखंड क्षेत्र में होली पर्व को देखते हुए हाट बाजारों में काफी चहल-पहल बनी हुई है ।वही प्रखंड क्षेत्र की कई स्थानों पर लोगों के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन लगातार जारी है। इसी कड़ी में महुआ प्रखंड क्षेत्र के विशुनपुर हीराराम उर्फ पहाड़पुर पंचायत के मुखिया संजीत कुमार के द्वारा अपने निजी आवास पर रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया इस होली मिलन समारोह के मौके पर पंचायत के लोगों के साथ-साथ अन्य पंचायत के अनेकों लोग इस होली मिलन समारोह में मौके पर उपस्थित थे ।पंचायत के मुखिया सह वैशाली जिला मुखिया संघ के सचिव संजीत कुमार ने अपने वार्ड सदस्यों के बीच होली पर्व को लेकर उपहार का भी वितरण किया। इस होली मिलन समारोह के मौके पर उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए होली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारे और परस्पर एकता की भावना को भी जारी रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर पंचायत के मुखिया संजीत कुमार उपस्थित वार्ड सदस्यों के साथ-साथ कई अन्य लोगों को भी अबीर गुलाल लगाते हुए अपनी शुभकामनाएं दी वहीं बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस मौके पर डा यदुनंदन राय,डॉक्टर एस कुमार, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सह राजद नेता दरवेश्वर राम रमन,राजेश सोनी, महुआ की युवा समाजसेवी आदित्य कुमार मिश्रा उर्फ बंटी मिश्रा,सत्येंद्र कुमार, वार्ड सदस्य आशा देवी, वार्ड सदस्य ललिता देवी भुवनेश्वर राय, रामा सहनी,सर्वेश कुमार यादव रामनाथ प्रसाद यादव, वाल्मिकी कुमार, मोहन शर्मा, गोलू मुखिया, मनोज कुमार गुंजन, समेत अनेकों लोग शामिल थे।

# विचार मंथन

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, सोमवार,25 मार्च, 2024

सम्पादकीय

## होली का रंग भांग के संग

प्रबी कृष्णा ( ज्योतिषी, योग और अध्यात्मिक चिंतक )

विश्व का सबसे सुंदर त्योहार होली एक ऐसा त्योहार है जिसे हर आयु, हर वर्ण, हर जाति के लोग उमंग और उल्लास के साथ मनाते हैं इस वर्ष फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा 24/03/2024, दिन रविवार को होलिका दहन व पूजन होगा। इसके दूसरे दिन चैत्र कृष्ण प्रतिपदा, सोमवार 25/03/2024, को रंगों का त्योहार संपूर्ण भारत में मनाया जाएगा।

होली में अपने सारे गिले शिकवे को भूलकर एक दूसरे से हर्ष और उल्लास के साथ मिलना आपसी सौहार्द और समरसता का सन्देश देता है परन्तु कुछ अन्य बातें भी होती हैं जिसने मेरा ध्यान अपनी तरफ खींचोपहला तो यह कि इस दिन भांग का जमकर सेवन किया जाता है दूसरा यह कि इस रोज रिश्तों की वर्जनाएं भी टूटती है श्वसुर और बहु के बीच, जेठ और भावज के बीच भी जमकर रंगों की बरसात होती है

नशीले पदार्थ का सेवन और रिश्तों की वर्जनाओं का टूटना - आखिर हमारा समाज हमें किस और लेकर जाना चाहता है? इन दो बातों की खोज से हमें क्या मिला इसे आप सबके साथ साझा कर रही हूँ साथ ही साथ कुछ अन्य जीवन सूत्र जो होली हमें पकड़ता है, उसकी भी यहाँ चर्चा की गयी है

### स्वास्थ्य दर्शन

होली में भांग का सेवन -

अथर्ववेद में भांग को -प्रसन्नता देनेवाली और मुक्ति प्रदान करनेवाली बूटी बताया गया है यह कहा गया है कि इसकी पत्तियों में देवताओं का वास होता है यह सात्विक होता है मेरी जिज्ञासा और बढ़ी की जिसको पीकर लोग नशे में धुत्त हो जाएं वह सात्विक कैसे होगा? खोज से यह पता चला की भांग की पत्तियों में सूक्ष्म पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं मैगनीज, पोटैशियम, जिंक के अलावा प्रमुख पोषक तत्व भी काबोर्हायड्रेट और प्रोटीन के रूप में होते हैं

हमें मैंगनीज, पोटैशियम और जिंक की जरूरत क्यों है आइये इसे जानें-

मैंगनीज- यह शरीर का एक आवश्यक खनिज तत्व है जो हड्डी का निर्माण, कैल्शियम के अवशोषण, ब्लड शुगर के नियंत्रण के साथ साथ मस्तिष्क और तंत्रिकाओं के सामान्य एवं सुचारु रूप से क्रियाशील रहने के लिए आवश्यक है यह मल्टीपल एंजाइमों और एंजाइम एक्टिवेटरों का एक हिस्सा भी है।

पोटैशियम - हमारे शरीर की कोशिकाओं के भीतर तरल पदार्थ के सामान्य स्तर को बनाये रखने के लिए यह आवश्यक है मस्तिष्क, तंत्रिकाओं, हृदय और मांसपेशियों सहित शरीर के कई हिस्सों को ठीक से काम करने के लिए इसकी आवश्यकता होती है।

जिंक- घाव भरना, प्रतिरक्षा प्रणाली के कार्य का समर्थन करना,प्रजनन प्रणाली का विकास करना,इंसुलिन का उत्पादन और भंडारण के साथ साथ थायराइड और मेटाबॉलिज्म को ठीक से काम करने में मदद करना और प्रोटीन और डीएनए बनाने में मदद करता है

सुश्रुत संहिता के अनुसार, भांग रक्त को शुद्ध करने वाला है

समुचित मात्रा में इसके सेवन से शरीर में कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित रहता है

सुश्रुत संहिता में ही इसे जुकाम , बुखार, डायरिया के इलाज के लिए भी उपयोगी औषधि बताया गया है

इतना उपयोगी है भांगे इससे हमें समुचित स्वास्थ्य लाभ मिले इसके लिए इसके सही मात्रा में सेवन की जानकारी होनी चाहिऐ

होली में भांग के साथ साथ कुछ अन्य भोज्य पदार्थों का सेवन भी भरपूर होता है दही बड़ा, इमली की चटनी, मालपुआ, खीर, पूरी, सब्जी आदि

आयुर्वेद के अनुसार यदि हमारे भोजन में षडरस की उपस्थिति है तो हमें किसी भी डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं होगी होली में भोजन के रूप में इन छहो रसों को शामिल कर लिया गया है

आरोग्य और स्वास्थ्य का मंत्र देने वाला त्योहार है होली

भौहों के बीच माथे के केंद्र में स्थित आज्ञा चक्र पर चंदन का टीका या रंग का टीका लगाने का महत्व

आज्ञा चक्र भ्रू मध्य मतलब दोनों भौहों के बीच में केंद्रित होता है।इसे मास्टर ग्रंथि कहा जाता है जो हमारी पिट्यूटरी ग्रंथि को तो नियंत्रित करता ही है साथ ही साथ अन्य सभी अंतःस्त्रावी ग्रंथियों को नियंत्रित करता है ऋतु परिवर्तन का समय है होली इस समय शरीर में ताप की शनैः शनैः वृद्धि होती हैशरीर के ताप को नियंत्रित करने के लिए आज्ञा चक्र के पास चंदन का टीका, रंग का टीका लगाया जाता है

जीवन दर्शन : होली विश्व को बहुत मूल्यवान दर्शन देता है

1 - ब्रज की लट्ठमार होली में रिश्तों की कई वर्जनाएं टूटती हैं एक तरफ पीढ़ियों के बीच की दूरी समाप्त होती है तो दूसरी तरफ रिश्तों के बीच की दूरी भी समाप्त होती है हर आयु वर्ग के लोग के साथ साथ हर रिश्ते के लोग इस दिन एक दूसरे को रंग से सराबोर करते हैं

सारी वर्जनाएं तो टूटती है पर अश्लीलता को नहीं आने देता, यह इसकी खूबसूरती है

ऋग्वेद के इस मंत्र - संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम् की महत्ता को होली का यह त्योहार स्थापित करता है` महत्वपूर्ण जीवन सूत्र पकड़ाता है कि कोई ऊपर नहीं, कोई नीचे नहीं, मर्यादित रूप से सब साथ चलें, साथ विमर्श करें, एक दूसरे के मन को जानते हुए चलें

2 - खेलैं मसाने में होरी दिगंबर, खेले मसाने में होरी

पार्वती के साथ घर में होली परंतु अपने गणों के साथ महाश्मशान में होलो खेलते हैं

श्मशान में कोई होली खेलता है क्या? जीवन समाप्ति का कोई उत्सव मनाता है क्या?

हम मृत्यु से भयभीत होते हैं शिव यहाँ सूत्र पकड़ाते हैं कि जीवन नहीं समाप्त हुआ है इसकी यात्रा तो अनवरत जारी है, सिर्फ शरीर का नाश हुआ हैभगवद्गीता में भगवान कृष्ण कहते हैं- देहान्तर हुआ है आत्मा की यात्रा तो जारी ही है जिस क्षण जीवन का यह सूत्र हमें पकड़ में आ गया वह क्षण उत्सव का क्षण है जीवन को हर्ष और उल्लास के रंग से सराबोर करने का क्षण है

होली में क्या करें क्या न करें

कृत्रिम रंगों को न कहें हालाँकि ये पॉकेट फ्रेंडली होते हैं परन्तु स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं त्वचा को तो नुकसान पहुंचते ही हैं चिकित्सक के अनुसार कृत्रिम रंग किडनी को भी नुकसान पहुँचाते हैं

प्राकृतिक रंगों को अपनाऐं

रंग खेलने से पहले अपने शरीर पर सरसों तेल या नारियल तेल लगा लीजिये इससे त्वचा की नमी तो बानी ही रहेगी यह त्वचा पर रंगों को जमा होने से रोकेगो

अंत में सबसे महत्वपूर्ण बात

हमें आरोग्य और स्वास्थ्य की जानकारी, जीवन दर्शन की जानकारी किसी विश्वविद्यालय में जाकर नहीं लेनी पड़ रही है बल्कि बड़ी ही सहजता से उत्सव के माध्यम से हमें बता दिया गया है

होली के पीछे के दर्शन को समझते हुए खूब रंग खेलिऐ

बिहारी कह गए हैं

तंत्री नाद कवित्त रस सरस राग रति रंग, अनबूडे बूडे, तिरे ज्यों बूडे सब अंग।

हर तनाव से मुक्त होकर रंग और रस में डूब जाईये

## तेलुगू देशम पार्टी फिर एनडीए में

आंध्र प्रदेश में विधानसभा और लोक सभा के चुनाव भाजपा, तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) और जनसेना पार्टी (जेएसपी) मिलकर लड़ेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से लगातार दूसरे दिन बैठक करने के उपरांत तीनों दलों ने संयुक्त बयान जारी करके इस बाबत जानकारी दी। इस प्रकार एनडीए परिवार में दो और दल शामिल हो गए हैं, और तीनों जल्द ही सीट शेयरिंग के तौर-तरीकों को लेकर बातचीत करेंगे। दरअसल, भाजपा दक्षिण भारत में ज्यादा से ज्यादा लोक सभा सीटें जीतने की रणनीति पर गहन मंथन करती रही है। अपनी इसी रणनीति के तहत उसने आंध्र प्रदेश की एक बड़ी पार्टी तेदेपा और बनिस्बत एक छोटे दल को साथ लेकर बढे का फैसला किया है। वैसे, तेदेपा और भाजपा का रिश्ता कोई नया नहीं हैं, दोनों पार्टियों के बीच रिश्ता काफी पुराना है। तेदेपा राजग 1996 में शामिल हुई थी। अटलबिहारी वाजपेयी और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकारों में सफलतापूर्वक काम कर चुकी है। तेदेपा और भाजपा ने 2014 का लोक सभा और विधानसभा चुनाव साथ लड़ा था जबकि जनसेना पार्टी ने 2014 के आम चुनाव और विधानसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन किया था। जेएसपी के अध्यक्ष पवन कल्याण हैं, और इस पार्टी के राज्य के कुछ पॉकेट्स में प्रभाव माना जाता है। तेदेपा का राजग में शामिल होने को लेकर पहले से कोई संशय नहीं था

## क्या इन संस्थाओं को अपनी विश्वसनीयता की भी फिक्र है ?

**यह और बात है कि मीडिया के बढ़ते दायरे व इसके बढ़ते प्रभाव के चलते इसे भी लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाने लगा। जबकि संवैधानिक दृष्टि से चौथा स्तम्भ नाम की कोई चीज नहीं है। आम अवधारणा है कि विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहे जाने वाला भारत जिसे पिछले कुछ समय से मदर ऑफ डिमॉक्रेसी भी कहा जा रहा है यह इन्हीं उपरोक्त चार स्तम्भों पर टिका हुआ है। परन्तु आज देश में जो हालात दिखाई दे रहे हैं उसे देखकर साफ लग रहा है कि अकेले विधायिका ही इस महान लोकतंत्र को अपने ही तरीके से संचालित व निर्देशित करना चाह रही है। इंतेहा तो यह है कि संविधान की शपथ लेने वाला कर्नाटक राज्य का भारतीय जनता पार्टी का ही एक सांसद जो एक सार्वजनिक सभा में कहता सुना गया है कि -हिंदुओं को फायदा पहुंचाने के लिए संविधान से धर्मनिरपेक्ष शब्द हटाया जा सकता है। अगर यह सब बदलना है, तो सिर्फ लोकसभा में बहुमत के वोटों से नहीं होगा। हमें लोकसभा के साथ-साथ राज्यसभा में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी। उधर भाजपा इस सांसद के विरुद्ध कोई कार्रवाई करने के बजाय खुद ही अबकी बार 400 पार का नारा भी दे रही है। इस पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि -भाजपा का आखिरी लक्ष्य बाबासाहेब के संविधान को खत्म करना है। राहुल ने कहा कि भाजपा सांसद का बयान कि उन्हें 400 सीट संविधान बदलने के लिए चाहिए, नरेंद्र मोदी और उनके संघ परिवार के छिपे हुए मंसूबों का सार्वजनिक ऐलान है।**





**तनवीर जाफरी**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

भारतीय संविधान में लोकतंत्र के जिन तीन स्तम्भों का जिक्र किया गया है वे हैं विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका। यह और बात है कि मीडिया के बढ़ते दायरे व इसके बढ़ते प्रभाव के चलते इसे भी लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाने लगा। जबकि संवैधानिक दृष्टि से चौथा स्तम्भ नाम की कोई चीज नहीं है। आम अवधारणा है कि विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहे जाने वाला भारत जिसे पिछले कुछ समय से मदर ऑफ डिमॉक्रेसी भी कहा जा रहा है यह इन्हीं उपरोक्त चार स्तम्भों पर टिका हुआ है। परन्तु आज देश में जो हालात दिखाई दे रहे हैं उसे देखकर साफ लग रहा है कि अकेले विधायिका ही इस महान लोकतंत्र को अपने ही तरीके से संचालित व निर्देशित करना चाह रही है। इंतेहा तो यह है कि संविधान की शपथ लेने वाला कर्नाटक राज्य का भारतीय जनता पार्टी का ही एक सांसद जो एक सार्वजनिक सभा में कहता सुना गया है कि -हिंदुओं को फायदा पहुंचाने के लिए संविधान से धर्मनिरपेक्ष शब्द हटाया जा सकता है। अगर यह सब बदलना है, तो सिर्फ लोकसभा में बहुमत के वोटों से नहीं होगा। हमें लोकसभा के साथ-साथ राज्यसभा में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी। उधर भाजपा इस सांसद के विरुद्ध कोई कार्रवाई करने के बजाय खुद ही अबकी बार 400 पार का नारा भी दे रही है। इस पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि -भाजपा का आखिरी लक्ष्य बाबासाहेब के संविधान को खत्म करना है। राहुल ने कहा कि भाजपा सांसद का बयान कि उन्हें 400 सीट संविधान बदलने के लिए चाहिए, नरेंद्र मोदी और उनके संघ परिवार के छिपे हुए मंसूबों का सार्वजनिक ऐलान है।

आश्चर्य है कि एक तरफ तो वर्तमान सत्ता मदर ऑफ डिमॉक्रेसी की आजादी का अमृत महोत्सव मनाने का उद्घोष कर रही है दूसरी तरफ न केवल संविधान बदलने बल्कि लोकतंत्र के स्तम्भों को भी धराशायी करने की कोशिश की जा रही है? विधायिका द्वारा अपने को ही सर्वोच्च समझते हुये कार्यपालिका और न्यायपालिका जैसे स्तंभों को भी पंगु बनाने की कोशिश की जा रही है। लोकतंत्र के स्वयंभू चौथे स्तंभ को तो लगभग पूरी तरह अपाहिज बनाकर उसे सत्ता की बैसाखियों पर चलने के लिये मजबूर कर दिया गया है। पूरा विश्व भारतीय मीडिया के गोदी मीडिया जैसे नये नामकरण से हतप्रभ है। यदि न्यायपालिका का कोई निर्णय संकीर्ण मानसिकता रखने वाले सत्ता के चाहवानों को नहीं भाता तो वे सीधे मुख्य न्यायाधीश को अपमानित करने वाले वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे हैं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में न्यायपालिका खासकर मुख्य न्यायाधीश का इस कद्र अपमान होते पहले कभी नहीं देखा गया। इसी तरह कार्यपालिका से सम्बंधित प्रवर्तन निदेशालय व सी बी आई जैसी अत्यंत महत्वपूर्ण व प्रतिष्ठित संस्थाओं को भी सत्ता कथित तौर पर अपने इशारों पर नचा रही है। प्रवर्तन निदेशालय ( ई डी )पर तो यह आरोप है कि गत कुछ वर्षों में ई डी ने जिन नेताओं के विरुद्ध कार्रवाई की उनमें 95 प्रतिशत विपक्षी दलों के ही नेता हैं। पिछले कुछ ही दिनों के अंदर जिस तरह हेमंत सोरेन व अरविंद केजरीवाल जैसे मुख्य मंत्री पद पर आसीन विपक्षी नेताओं को गिरफ़्तार किया गया और असम में हिमन्त बिश्व शर्मा और महाराष्ट्र में अजित पवार जैसे भ्रष्टाचार के आरोपियों पर सत्ता द्वारा नज़्र-ए-इनायत की गयी इसे देख कर भी पक्षपात व विद्वेष के पहलू साफ नजर आ रहे हैं। यह भी साफ दिखाई दे रहा है कि किस तरह ईडी व सीबीआई जैसी प्रतिष्ठित व सम्मानित संस्थाओं का दुरूपयोग दल बदल करने से लेकर चुनावी बॉन्ड के नाम पर की गयी धन वसूली तक के लिये कथित रूप से किया जा रहा। कई ऐसे भी उदाहरण भी हैं कि सत्ता का मिशन पूरा होते ही ईडी व सीबीआई की कार्रवाई रुकवा दी गयी। यहाँ तक कि अभी भी कई प्रमुख विपक्षी नेता ऐसे हैं जो सत्ता विरोधी होने के बावजूद सिर्फ इसलिये खुलकर सत्ता की मुखालिफत नहीं कर पा रहे क्योंकि उन्हें ईडी व सीबीआई की कार्रवाई का खतरा है।

इसी तरह देश का सबसे बड़ा, सबसे प्राचीन, विश्वसनीय व सबसे प्रतिष्ठित बैंक स्टेटबैंक ऑफ इण्डिया इसी सत्ता के दबाव में आकर अपनी साख गँवा बैठा। 2 जून 1806 को बैंक ऑफ कलकत्ता के नाम से गठित वर्तमान स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया या एसबीआई ने इलेक्टोरल बॉन्ड मामले में अपनी प्रतिष्ठा दांव दी है। अनुमानतः इस विशाल उपक्रम में करीब 260033 कर्मचारी कार्यरत हैं। वर्तमान में 20, 400 शाखाओं व लगभग 64, 000 से अधिक एटीएम/एवं आहरण मशीन की सुविधा प्रदान करने वाले देश के इस सबसे बड़े बैंक ने सुप्रीम कोर्ट में इलेक्टोरल बॉन्डने मामले में चल रही सुनवाई के दौरान 6 मार्च को दायर एक याचिका में पहले तो इसका विस्तृत ब्यौरा देने में अपनी असमर्थता जताते हुए 30 जून तक की मोहलत मांगी थी, जिसे 11 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। और अगले दिन 12 मार्च तक यानी 24 घंटों में ही ब्यौरा पेश करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा एसबीआई पर बरती गयी सख़्ती का नतीजा यह हुआ कि इसी दौरान शेयर मार्केट में 6 घंटे के कारोबार के दौरान एसबीआई का शेयर मूल्य गिर गया। देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई के शेयर मूल्य में उस समय तेज गिरावट देखी गई। एक ही दिन में इसके मार्केट कैपिटलाइजेशन में 13,075 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। और निवेशकों के 13,075 करोड़ रुपए हवा में उड़ गये। जाहिर है ऐसी स्थिति तभी आती है जब किसी संस्थान या उपक्रम पर विश्वसनीयता का संकट गहराता है और लोगों का विश्वास उठ जाता है। कार्यपालिका से संबंधित सभी संस्थाओं व संस्थानों व उपक्रमों को आँखें मूँद कर या सरकार के दबाव में आकर काम करने के बजाय अपने विवेक से तथा निष्पक्ष तरीके से काम करना चाहिये। आज जो लोग सरकारें चला रहे हैं और लोकतंत्र के विभिन्न स्तम्भों को ध्वस्त करना चाह रहे हैं कोई जरूरी नहीं कि यही हमेशा सत्ता में रहें परन्तु सत्ता के इशारों पर नाचने वाली ईडी, सीबीआई, एसबीआई जैसी अनेक संस्थाओं के प्रमुखों को यह फिक्र जरूर करनी चाहिये कि इन्हीं स्वार्थी सत्ताधारियों की वजह से देश विदेश में इन संस्थाओं की जो विश्वसनीयता धूमिल हो रही है क्या उसकी भरपाई यह दागदार स्वार्थी व सत्ता के भूखे राजनेता कभी कर सकेंगे?

## दिग्विजय के लिए अंतिम प्रयास दिग्गी राजा का.....

**मुझे नहीं लगता कि ये फैसला दिग्विजय सिंह के मन का होगा, लेकिन वे कांग्रेस के उम्रदराज निष्ठावान सिपाही हैं इसलिए उन्होंने इस फैसले को विनम्रता से शिरोधार्य कर लिया होगा। चुनावी राजनीति में मुमकिन है कि ये दिग्विजय सिंह का अंतिम अवसर हो। पूरे सत्तर [77] पार कर चुके दिग्विजय सिंह को बहुत से लोग स्नेह से, सम्मान से अपनेपन से दिग्गी राजा कहते है। उन्हें ये नाम हमारी बिरादरी के स्वर्गीय बालकवि बैरागी ने दिया था। आज की पीढ़ी के कांग्रेसियों को और मुमकिन है कि हमारे पाठकों को भी शायद पता नहीं हो कि सार्वजनिक जीवन में दिग्विजय सिंह 53 साल पूरे कर चुके है। एक सामंती परिवार में जन्मे दिग्विजय सिंह ने अपना पहला चुनाव 1971 में राघौगढ़ नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए लड़ा था वे 1977 में पहली बार चुनाव जीतकर विधानसभा की सीढ़ियां चढ़े थे। इस लिहाज से दिग्विजय आधी सदी का चलता-फिरता इतिहास हैं। दिग्विजय सिंह को जानते हुए मुझे भी कोई 40 साल तो हो ही चुके हैं, इसलिए उनके बारे में लिखने में न मुझे कोई संकोच होता है और न कोई निराशा। दिग्विजय सिंह के भीतर का का सामंत जिन्दा होकर भी मर चुका है। दिग्विजय सिंह का सीना 56 इंच का हो या न हो लेकिन वे एक जबरदस्त योद्धा है। अपने आधी सदी से ज्यादा के जीवन में दिग्विजय चुनाव भी लड़े और अपने विरोधियों से व्यक्तिगत लड़ाइयां भी।**





**-राकेश अचल-**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को कांग्रेस है कमान ने अंततोगत्वा 18 वीं लोकसभा के लिए होने वाले आमचुनाव में राजगढ़ संसदीय सीट से प्रत्याशी घोषित कर ही दिया। मुझे नहीं लगता कि ये फैसला दिग्विजय सिंह के मन का होगा, लेकिन वे कांग्रेस के उम्रदराज निष्ठावान सिपाही हैं इसलिए उन्होंने इस फैसले को विनम्रता से शिरोधार्य कर लिया होगा। चुनावी राजनीति में मुमकिन है कि ये दिग्विजय सिंह का अंतिम अवसर हो।

पूरे सत्तर [77] पार कर चुके दिग्विजय सिंह को बहुत से लोग स्नेह से, सम्मान से अपनेपन से दिग्गी राजा कहते है। उन्हें ये नाम हमारी बिरादरी के स्वर्गीय बालकवि बैरागी ने दिया था। आज की पीढ़ी के कांग्रेसियों को और मुमकिन है कि हमारे पाठकों को भी शायद पता नहीं हो कि सार्वजनिक जीवन में दिग्विजय सिंह 53 साल पूरे कर चुके है। एक सामंती परिवार में जन्मे दिग्विजय सिंह ने अपना पहला चुनाव 1971 में राघौगढ़ नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए लड़ा था वे 1977 में पहली बार चुनाव जीतकर विधानसभा की सीढ़ियां चढ़े थे। इस लिहाज से दिग्विजय आधी सदी का चलता-फिरता इतिहास हैं।

दिग्विजय सिंह को जानते हुए मुझे भी कोई 40 साल तो हो ही चुके हैं, इसलिए उनके बारे में लिखने में न मुझे कोई संकोच होता है और न कोई निराशा। दिग्विजय सिंह के भीतर का का सामंत जिन्दा होकर भी मर चुका है। दिग्विजय सिंह का सीना 56 इंच का हो या न हो लेकिन वे एक जबरदस्त योद्धा है। अपने आधी सदी से ज्यादा के जीवन में दिग्विजय चुनाव भी लड़े और अपने विरोधियों से व्यक्तिगत लड़ाइयां भी। उन्हें अपने आपसे भी लड़ना पड़ा, लेकिन वे पीछे नहीं हटे। यही उनकी विशेषता है। दिग्विजय सिंह ने विधानसभा, लोकसभा और राज्यसभा की यात्रा निर्विघ्न पूरी की। जिद्दी इतने कि 2003 में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सत्ता जाते ही एक दशक तक चुनाव न लड़ने का फैसला किया तो उसे भीष्म प्रतिज्ञा की तरह निभाया भी।

दिग्विजय सिंह कि सामने कांग्रेस में बहुत कुछ बदला है, घटा है लेकिन दिग्विजय सिंह न बदले और न घटे। उनका कद लगातार बढ़ा, असफलताओं और सफलताओं कि बीच बढ़ा। विवादों कि बीच बढ़। फिर चाहे ये विवाद उनके निजी जीवन को लेकर हों या राजनीतिक। वे कभी हासिये पर नहीं गए और आज भी मोर्चे पर खड़े हैं एक खुद्दार सिपाही की तरह। दिग्विजय ने राजनीति में अदावतें भी कम नहीं पाली। उनके जितने दोस्त हैं शायद उससे कहीं ज्यादा दुश्मन भी है। अनेक को तो मै निजी तौर पर जनता हूँ। दिग्विजय ने दोस्ती और दुश्मनी पूरी शिद्दत से की। वे आधा-अधूरा काम नहीं करते, किन्तु अब मुझे लगता है कि वे अपना अंतिम चुनाव आधे-अधूरे मन से लड़ रहे हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि दिग्विजय जितने सरल हैं उतने ही जटिल भी है। जिद्दी भी हैं। राजहठ उनके गुणसूत्र में शामिल है, बावजूद इसके उनका अपना वजूद है और उसे कोई चुनौती नहीं दे पाया। उनके खास विरोधी स्वर्गीय माधवराव सिंधिया हों या फिर ज्योतिरादित्य सिंधिया।

दिग्विजय मोदी युग में अपना तीसरा लोकसभा चुनाव जीतेंगे या हारेंगे मै इसकी भविष्यवाणी नहीं करता, क्योंकि ये ज्योतिषियों का काम है। मेरा नहीं। लेकिन मै इतना कह सकता हूँ कि राजगढ़ से कांग्रेस ने आजादी कि बाद से अब तक हुए 17 चुनावों में से 11 चुनाव जीते है। यहाँ से इस समय भाजपा के रोडमल डामोर सांसद हैं। दिग्विजय सिंह इसी सीट से 1984 और 1991 में भी चुनाव जीत चुके है। दिग्विजय के सगे भाई लक्ष्मण सिंह ने भी इसी सीट से चार चुनाव कांग्रेस में रहकर और एक चुनाव भाजपा में रहकर जीता है, इसलिए कहा जा सकता है कि रोडमल डामोर दिग्विजय सिंह के लिए चुनौती नहीं बन पाएंगे, किन्तु जिस तरीके से भाजपा ने 2019 के चुनाव में गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया को हराया था उसी तरह से आज की भाजपा दिग्विजय सिंह को भी आसानी से चुनाव जीतने नहीं देगी।

मध्यप्रदेश की २९ सीटों में से राघौगढ़ अकेली ऐसी सीट है जो भाजपा और कांग्रेस के लिए सचमुच प्रतिष्ठा का प्रश्न बनेगी। गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया हालाँकि इस बार सत्तारूढ़ भाजपा के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की वजह से सुरक्षित हैं किन्तु जिस तरह से गुना के मौजूदा सांसद का टिकिट काटा गया है वो भी ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए भारी पड़ सकता है। राजगढ़ से दिग्विजय के चुनाव मैदान में उतरने का लाभ भले ही सिंधिया को मिल जाये क्योंकि दिग्विजय का सारा फौज-फांटा गुना के बजाय राजगढ़ में श्रम करेगा। दिग्विजय राघौगढ़ की आभासी रियासत के आभासी राजा हैं, ठीक उसी तरह जैसे की आभासी ग्वालियर रियासत के महाराजा ज्योतिरादित्य सिंधिया है। दोनों राज परिवारों के बीच बड़ी पुरानी अदावत भी है। तीन पीढ़ियों से चली आ रही ये अदावत निजी भी है और सियासी भी। आम धारणा है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 2020 में कांग्रेस की अपनी पांच दशक पुरानी विरासत दिग्विजय और की वजह से ही छोड़कर भाजपा की शरण ली थी।

बहरहाल राजगढ़ का चुनाव पहले के मुकाबले ज्यादा दिलचस्प होगा, क्योंकि दिग्विजय यहां की जनता से मुमकिन है अपना अंतिम चुनाव कहकर वोट मांगे। भाजपा के लिए भी ये सीट प्रतिष्ठा की हो गयी है, क्योंकि इसी सीट से भाजपा के मोदी ब्रांड का भी परीक्षण होना है। । दिग्विजय यदि चुनाव जीतकर लोकसभा में पहुँचते हैं तो आप तय मानिये कि मोदी जी के ऊपर घड़ों पानी पड़ जाएगा। क्योंकि दिग्विजय ही एकमात्र ऐसा कांग्रेसी चेहरा हैं जो खुलकर भाजपा और आरएसएस को गरियाते रहे हैं। आगे-आगे देखिये होता है क्या? दिग्विजय से मै लम्बे आरसे से मिला भी नहीं हूँ, लेकिन अब मिलना चाहूंगा।

## देश को लेना होगी एक रंग में रंगने की शपथ

डा. रवीन्द्र अरजरिया

होली के सतरंगी वातावरण में भी देश के अनेक परिवार साम्प्रदायिकता की कालिमा के तले आंसू बहा रहे हैं। कश्मीर में आंखों के सामने हुए क्रूर घटना क्रम के मध्य जान बचाकर भागे लोग आज भी शरणार्थी कैम्पों में लहू के रंग में रंगे छुपे बैठे हैं। बदायूं जैसे आज के हालात भी देश में कट्टरता की बेलगाम होती स्थिति को ही रेखांकित करते हैं। जिस देश में सडक पर नमाज की आड में शक्ति प्रदर्शन करने वालों को संवैधानिक नियम सिखाने के विरोध में धनबल, जनबल और बाहुबल एक साथ हमला बोल देता हो वहां पर मासूमों की निर्मम हत्या पर किसी के मुंह से एक शब्द भी नहीं फूट रहा है। उल्टे पुलिस कार्यवाही पर ही अनेक प्रश्नचिन्ह अंकित किये जा रहे हैं ताकि गिरफ्तार किये गये आरोपी को कडी पूछतांछ से बचाया जा सके। आम आदमी पर आरोप लगते ही उसे थर्ड डिग्री से गुजार कर सच्चाई उगलवायी जाती है परन्तु इस मामले में आरोपी के संरक्षणदाताओं ने पहले से ही सारी रणनीति तैयार कर रखी है। बीमारी, ऊपरी हवा, मानसिक असंतुलन, तनाव जैसे शब्दों से आरोपी को बचाने हेतु राष्ट्रघाती लोगों की फौज खडी है। अनेक सफेदपोशों के इशारे पर काले कोटधारियों की फौज कानून के लचीलेपन का फायदा उठाने के लिए कसरत करने लगी है। बदायूं में पुलिस को मासूमों की हत्या के आरोपी से वास्तविकता जानने के लिए नार्को टेस्ट का सहारा लेना पड रहा है जबकि आम नागरिक पर लगने वाले आरोप की हकीकत जानने के लिए रात का समय, आबादी से बाहर का थाना और शारीरिक उत्पीडन का चरम ही सामने आता रहा है। देश में शक्ति प्रदर्शन करने का फैशन चल निकला है। कभी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को ढाल बनाया जाता है तो कभी धार्मिक आजादी के नगमे गाये जाते हैं। कभी आराध्य की तौहीनी का बहाना बनाकर कत्लेआम किया जाता है तो कभी शौक के साथ-साथ पूरे समाज को जलील करने के लिए खुलेआम अबलाओं की आबरू लूटी जाती है। निरीह आवाम का मुखौटा ओढकर आतंकवादी अब अराजकता फैलाने के लिए भीड की शक्ल में खुलेआम सडकों पर गुण्डागिरी करने लगे हैं। सरकारी सम्पत्तियों से लेकर निजी सामग्री तक जलाई, तोडी और लूटी जा रही है। यह राष्ट्रविरोधी घटनायें कुछ दिनों तक मीडिया में सुर्खियां बनकर छायी रहतीं है, परिणामविहीन बहस होती है, लोगों में उत्तेजना फैलाने वाले वक्तव्य आते हैं और फिर समय के साथ सब कुछ शान्त हो जाता है। इन घटनाओं से जो प्रभावित होते हैं, केवल वही जिन्दगी भर आंखों के गर्म पानी से स्वयं का मुह धोते रहते हैं। संवेदनाओं पर व्यवसायिकता हावी होती जा रही है। दुःखद घटनाओं पर राजनीति करने वाले भी पार्टी हित के लिए कैमरे के सामने भावुकता भरा अभिनय, दर्द भरे संवाद और पूर्व लिखित कथानक को चित्रित करके किसी और घटना की प्रतीक्षा करने लगते हैं। विश्व परिदृश्य को देखें तो मास्को में स्थित क्रोकस कान्सर्ट हाल की घटना मानवता के मुंह पर तमाचा है। निरीह लोगों की हत्या करने वाले कट्टरपंथियों के आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट आफ ईरान एण्ड सीरिया यानी आईएसआईएस ने बेखौफ होकर इस हत्याकाण्ड की जिम्मेवारी ही नहीं ली बल्कि ईसाइयों की निर्मम हत्या का ठहाका भी लगाया। वर्तमान में अल्लाह का इस्लाम हाशिये के बाहर हो चुका है। अब तो केवल और केवल मुल्ला का इस्लाम आतंक की शक्ल में दुनिया पर राज्य करने का सपना देख रहा है। गैर मुस्लिम समुदायों पर जुल्म करने की इबारत पढाने वाले मदरसे अब गली-गली मुहल्ले-मुहल्ले खुलते जा रहे हैं। गाजा के दयनीय हालातों के बाद भी वहां के वासिन्दे हमास के साथ खडे हैं। इजराइल में बेकसूरों को मौत, प्रताडना और अपहरण का दण्ड देने वाले आतंकियों के संगठन हमास की करतूत का जब जबाब मिलना शुरू हुआ तो मानवता की दुहाई का राग अलापने वाले अनगिनत ठेकेदार गला फाडकर चीखने लगे मगर फिर भी गाजावासियों ने हमास के आतंकियों को पकडकर इजराइल के हवाले नहीं किया। खुद मर रहे हैं, औलादों को मरता हुआ देख रहे हैं और देख रहे है किस्तों में कत्ल होते अपने के चेहरे मगर हमास के साथ खडे हैं। ऐसे में इजराइल के प्रतिशोध को विश्व सम्मान से सम्मानित होना ही चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### गरीब महिलाओं एवं बच्चों के बीच किया कपड़ा वितरण

लहलादपुरः रंगों के त्यौहार होली तथा रमजान के मौके पर प्रखंड क्षेत्र के ताजपुर गांव में एक शिविर का आयोजन कर कलाम मैमोरियल वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से क्षेत्र के गरीब परिवार के महिलाओं और बच्चों के बीच कपड़े वितरण किये गये. इस मौके पर ट्रस्ट के राष्ट्रीय सचिव मिट्ठू शाह, जिला सचिव कन्हैया राम, जिला अध्यक्ष शमसेर अली (रौशन), प्रखंड सचिव अजमुल्लाह शाह, और प्रखंड अध्यक्ष सह समाज सेवी पप्पू खान तथा बहूत सारे गणमान्य लोग मौजूद रहे.

### शराब जब्त, दो गिरफ्तार

रिविलगंज। थाना पुलिस ने नाव गस्ती के क्रम में 2 मोटरसाइकिल के साथ 450 लीटर देशी शराब जप्त कर 2 शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया। थाना पुलिस ने नाव गस्ती के दौरान इनई के सामने दियारा क्षेत्र सरयू नदी के किनारे पर 5 देशी शराब भट्ठी ध्वस्त कर दो मोटरसाइकिल के साथ साढ़े चार सौ लीटर देशी शराब के साथ दो शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार कारोबारी में सेंगरटोला निवासी संपद यादव एवं मुन्ना राम को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### दहेज पड़ताना में एक गया जेल

बेतिया ।सिरिसिया थाने की पुलिस ने दहेज पड़ताना के लम्बे समय से फरार नामजद अभियुक्त को नाटकीय ढंग से उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मदन कुमार मांझी ने बताया कि गिरफ्तार नामजद अभियुक्त उतम चौबे सवेया चरगांहा गांव निवासी हैं ।जिसे लम्बे समय से पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी।

### शराब के साथ धंधेबाज धराया, गया जेल

बेतिया ।मनुआपुल पुलिस ने गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई कर एक धंधेबाज को पांच लीटर चुलाई दारू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष नरेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज सेमरा परसा गांव निवासी हैं ।उसे घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# मास्टर ट्रेनर की माइक्रो लेवल की ट्रेनिंग आयोजित

## उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल ने सिखाए सफलता के गुर



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्मिकों का प्रशिक्षण चुनाव प्रक्रिया का मुख्य आधार है. स्मूथ और पारदर्शी चुनाव में इसकी अहम भूमिका है. उक्त बातें उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल ने ट्रेनर ऑफ मास्टर ट्रेनर की विशेष कार्यशाला में कहीं. उन्होंने माइक्रो लेवल की ट्रेनिंग का संचालन करते हुए डिस्कशन विधि को अपनाया. उन्होंने बिन्दुवार परिचर्चा के माध्यम से कार्मिकों की ट्रेनिंग को डिजाईन करने की जरूरत जतायी. श्री एकबाल ने कहा कि प्रशिक्षण बोरिंग बिल्कुल नहीं होना चाहिए. उतनी ही बातें की जानी चाहिए जो आवश्यक और महत्वपूर्ण हैं. अधिक भाषणबाजी या ज्ञान देने से परहेज किया जाना चाहिए. विभिन्न प्रकार की गतिविधि को शामिल कर इसे रूचिकर बनाया जाना चाहिए. अधिक समय विभिन्न प्रकार के प्रपत्र भरने और इवीएम के संचालन को सिखाने में देना होगा. श्री एकबाल ने ट्रेनिंग के समय को अलग अलग खण्डों में विभक्त कर वार्ता, प्रश्नोत्तरी, पुनरावृत्ति को भी उपादान के रूप में शामिल करने को कहा. उन्होंने नियुक्ति पत्र प्राप्त होने से लेकर इवीएम जमा करने तक के कार्यों को स्टेपवार सामने रखते हुए कहां जोर देना है और कहां केवल जानकारी देते हुए आगे निकलना है. उन बिंदुओं को इंगित किया. कार्मिकों को प्रशिक्षण के दौरान दी जाने वाली हस्त पुस्तिका के साथ ही अहम कार्यों और बिंदुओं का एक या दो पन्ने का बुलेट पॉइंट देने. डूज और डांट्स के साथ इवीएम में आने वाली त्रुटियों के निराकरण की सूची मास्टर ट्रेनर को स्वंय कंठस्थ करते हुए कर्मियों को सिखाने को कहा. उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कोषांग को सामग्री कोषांग से समन्वय स्थापित कर प्रपत्र और सामग्री की सूची को अपडेट करना होगा. साथ ही डिस्पैच और रिसीविंग कर्मियों से भी समन्वयन स्थापित करना होगा. ताकि मतदान कर्मियों को परेशानी से बचाया जा सके. उन्होंने सभी प्रशिक्षकों को कार्मिक प्रशिक्षण के पूर्व मास्टर ट्रेनरों को छोटे-छोटे ग्रूप में उन्मुखिकरण आयोजित करने की सलाह दी ताकि प्रशिक्षण की एकरूपता बरकरार रहे. प्रशिक्षण में मंटू कुमार, रामाधार कुमार, विनय कुमार तिवारी, संतोष कुमार, शुभनारायण ओझा, कृष्णानंद प्रसाद, नागेंद्र कुमार मिश्र, अंसार आलम, सुशील कुमार, व्यास कुमार आदि मौजूद थे.

# इंटर के परीक्षा परिणाम मे नाज कोचिंग के छात्र-छात्राओं ने भी लहराया परचम



प्रात : किरण संवाददाता

पानापुर (सारण)शनिवार को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी इंटर की विज्ञान, कला तथा वाणिज्य संकाय मे कोध भगवानपुर मे संचालित नाज कोचिंग के छात्र-छात्राओ ने भी अच्छे परिणाम लाकर परचम लहराया है ।कोचिंग पढ़ने वाले छात्र-छात्राओ ने अच्छे अंक लाकर माता पिता तथा क्षेत्र का नाम रौशन किया है ।विज्ञान संकाय मे निर्मला कुमारी 437,नूरतारा 428,निभा कुमारी 421, रानी कुमारी419,काजल कुमारी 389,काजल कुमारी 405,मुस्कान कुमारी 325,रव्या खातुन 321,काजल यादव 375, रूपेश कुमार 350 ओमकुमार 348,कैसर अली 344 सहित दर्जनो छात्र-छात्राओ ने सफलता का परचम लहराया है ।कोध पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि डॉ वकिल राय,सरपंच प्रतिनिधि तारकेश्वर राय,कोचिंग संचालक नाज सर ने सभी सफल छात्र-छात्राओ के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने अवैध बालू के परिवहन एवं भंडारण की औचक छापेमारी



- 18 वाहनों को जब्त कर की जा रही है फाइन की कार्रवाई, 1.35 लाख घन फिट अवैध रुप से भंडारित बालू को किया गया जब्त, भंडारण करने वाले के विरुद्ध की गई प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ० गौरव मंगला द्वारा अवैध रूप से बालू का परिवहन एवं कारोबार करने वाले असमाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को तड़के सुबह जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा अन्य पदाधिकारियों के साथ सदर अनुमंडल के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के विशुनपुरा एवं डोरीगंज थाना क्षेत्र के बिनगामा में औचक छापामारी की गई। छापामारी के क्रम में अवैध रूप से बालू कक परिवहन करने को लेकर मुफस्सिल थाना क्षेत्र में 11 तथा डोरीगंज थाना क्षेत्र में 7 वाहनों को जप्त किया गया। इन सभी वाहनों के विरुद्ध फाइन की कार्रवाई की जा रही है। बिनगामा में अवैध रुप से भंडारित 1 लाख 35 हजार घन फिट बालू को भी जप्त किया गया तथा भंडारण करने वाले के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। इस अभियान में अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला खनिज विकास पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी आदि भी शामिल थे।

# फगुआ महोत्सव में झूमे सभी, लोक कलाकारों ने मचाई धूम



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा. सामाजिक साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था वैश्य समाज छपरा, सर्राफा स्वर्णकार संघ छपरा द्वारा फगुआ महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया जहां एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गई साहेबगंज स्थित डीएवी गली में आयोजित इस समारोह में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे. उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि होली का त्योहार शत्रुता को मित्रता से जोड़ता है होली रंग प्रेम और त्याग का प्रतीक है.कार्यक्रम का अध्यक्षता श्याम बिहारी अग्रवाल धन्यवाद कृष्ण कुमार वैष्णवी ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत जादूगर द्वारा किया गया वही कार्यक्रम में लोक गायिका प्रियंका कुमारी हैप्पी श्रीवास्तव ज्योत्सना पांडे उज्जवल निर्मल रवि निगम राजन कुमार वह अन्य कलाकार ने चार चांद लगा दिया. इस अवसर पर मुख्य रूप से शत्रुघ्न प्रसाद गुप्ता उर्फ चतुरी जी वीरेंद्र साह मुखिया छठी लाल प्रसाद धर्मेंद्र साह विकास कुमार गुप्ता डॉक्टर हरिओम प्रसाद जयचंद प्रसाद प्रदीप कुमार छठी लाल प्रसाद बाबूलाल गुप्ता उर्फ बबली जी शंकर प्रसाद सोनी मुकेश आनंद सावन स्वर्णकार, राजेश कुमार, अविनाश कुमार, अशोक कुमार, सुभाष जी शिवनाथ प्रसाद आर्य, ओम प्रकाश गुप्ता, कृष्ण कुमार वैष्णवी, जितेंद्र प्रसाद, पप्पू प्रसाद, राजू प्रसाद, रामानंद प्रसाद, कुबेर कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे.

# इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छा अंक लाने वाले छात्र को कोचिंग के संस्थापक द्वारा मिठाई खिलाकर दिया बधाई

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल जिले के करपी प्रखंड क्षेत्र के झुनाठी गांव निवासी योगेंद्र कुमार ने इंटरमीडिएट परीक्षा में विज्ञान संकाय में 468 अंक लाकर जिला टॉप किया है वंशी प्रखंड की नीलम कुमारी ने 468 अंक लाकर विज्ञान संकाय में जिला टॉपर बनने का सौभाग्य प्राप्त किया है`योगेंद्र कुमार महावीर गंज इंटर स्तरीय उच्च विद्यालय झुनाठी से पढ़ाई की है उनके पिता जीतू पंडित कपड़ा एवं अन्य निर्माण कार्य करते हैं योगेंद्र कुमार ने बताया कि आगे चलकर एनडीए कर भारतीय सेवा का हिस्सा बनेगा सेवा का पदाधिकारी बनकर देश का रक्षा करूंगा इसी प्रकार राजकीय उच्च विद्यालय कुर्था के विकास कुमार ने आट्र्स में संकाय 457 अंक लाकर जिला टॉप किया है वही परासी गाँव निवासी किशन कुमार 444 अंक एवं गुल्ली बीघा गांव कौशल कुमार 444अंक के साथ दोनों छात्र एसडीएस कॉलेज में पढ़ाई किया था` छात्र से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि ब्रिलिएंट कोचिंग सेंटर परासी में पढ़ाई कर इस मुकाम तक पहुंचा हूं और मैं इसका श्रेय ब्रिलिएंट कोचिंग सेंटर के संस्थापक संकेश सर को देता हूं किशन कुमार ने बताया कि मैं पूरी निष्ठा से पढ़ाई करूंगा तथा यूपीएससी के तैयारी कर आईएएस का हिस्सा बनेगें वही कौशल ने बताया कि यूपीएससी का तैयारी कर आईएएस का हिस्सा बनूंगा` कोचिंग सेंटर में कोचिंग सेंटर के संस्थापक के द्वारा उत्तीर्ण दोनों छात्रों को मिठाई खिलाकर प्रोत्साहित किया गया `मालूम हो कि 2022 मैट्रिक के परीक्षा में ब्रिलिएंट कोचिंग सेंटर परासी के छात्र किशन कुमार 472 अंक लाकर अरवल जिला टॉप किया था` वही मौके पर ब्रिलिएंट कोचिंग सेंटर के संस्थापक संकेश कुमार ने बताया कि हमारे कोचिंग सेंटर में बच्चों के प्रति पूरी तरह मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करवाया जाता है।

# होली में केमिकल वाले रंगों से बच्चों को रखे दूरः डॉ इशिका



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा : रंगो के त्यौहार होली में आप ने देखा होगा की बच्चे सबसे ज्यदा मस्ती करते है नजर आते है ।होली हिन्दूओं का महत्वपूर्ण त्यौहार है। इस त्यौहार को बड़े ही धूम धाम से पूरे देश में मनाया जाता है। लोग इस दौरान एक दूसरे को रंग लगाकर और नाच-गाकर इस त्यौहार को मनाते हैं। वहीं बच्चे भी इस दिन को लेकर बेहद ही एक्साइटेड रहते हैं। लेकिन हम जो कलर होली खेलने के दौरान उपयोग में लाते हैं उसमें कई तरह के केमिकल होते हैं। जो बच्चों की त्वचा और बालों सहित सेहत को कई नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको कुछ टिप्स देने वाले हैं जिनको फॉलो करके आप सुरक्षित होली मना सकती हैं। और अपने बच्चों की सेहत का भी ध्यान रख सकती हैं। छपरा सदर अस्पताल में पदस्थापित व नगरपालिका चौक स्थित सात्विका न्यूबॉर्न एंड चाइल्ड केयर की शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ इशिका सिन्हा ने बताया की केमिकल वाले रंगों से रखे दूर होली बच्चों का पसंदीदा त्यौहारों में से एक है। बच्चें मना करने का बाद भी होली खेलने की जिद करते हैं। होली में गुलाल-अबीर और पक्के रंग मिलते हैं। जो ज्यादा तर केमिकल युक्त होते हैं, जो त्वचा और आंखों के लिए नुकसान पहुंचा सकते हैं। केमिकल युक्त रंगों की बजाए हर्बल रंग बच्चों को होली पर ला कर दें। आंखो के रंगों से बचाएं बच्चों की आंखे बहुत ही नाजुक होती है ऐसें में अगर उनके आंखों में रंग जाएगा तो उनकी आंखों पर बुरा असर पड़ सकता है। कई बार रंग जाने से आंखे लाल पड़ जाती है और खुजली भी होने लगती है। ऐसे में आप बच्चों की आंखों को रंगों से बचाने के लिए उन्हें कलरफुल और फंकी गॉगल पहना सकते हैं। होली खेलते समय पूरी बाजू के कपड़े भी पहनाएं, ताकि उनकी अधिक से अधिक त्वचा ढकी रहे। ऑर्गेनिक रंग से भी रखे सावधानी केमिकल फ्री रंगों का इस्तेमाल करने के लिए बाजार से ऑर्गेनिक कलर खरीदकर ला सकते हैं। लेकिन ध्यान रखें कि सिंथेटिक कलर हों या ऑर्गेनिक कलर हो, मुंह के अंदर चले जाने पर यह खतरनाक साबित हो सकते हैं और फूड प्वाइजनिंग व इंफेक्शन का खतरा हो सकता है। इसलिए कलर मुंह में नही जाना चाहिए। उन्होंने कहा की ज्यादा देर ना रखें गीला बच्चे बलून और पिचकारी से होली खेलते हैं और गीले हो जाते है। मार्च का मौसम सर्दी और गर्मी के बीच का है। इस मौसम में कभी हल्की सर्दी महसूस होती है तो कभी तेज धूप के कारण गर्म महसूस होता है। इस तरह का मौसम बच्चों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। अधिक देर बच्चों को गीले कपड़ों में न रहने दें। इसे उनके तबियत खराब हो सकती है।

# होली गीतों पर जमकर थिरके रोटेरियन, रोटरी सारण ने मनाया होली मिलन समारोह



प्रात : किरण संवाददात

छपरा कार्यालय। शनिवार की शाम छपरा शहर के लिए रंगो से सराबोर रहा मौका था प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संस्था रोटरी सारण द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह का ।स्थानीय गोपेश्वर नगर स्थित जन्नत विवाह भवन में जब होली के धुन बजाने लगे सभी सदस्य महिलाएं एवं बच्चे आगंतुक मेहमान अपने आप को रोक नहीं पाए एवं सभी के पैर थिरकने लगे ।जब होली आयी रे कन्हायी रंग भर के सुना दे जरा बांसुरी और आज न छोड़ेंगे बस हमजोली जैसे गाने बजे तो सभी धुन पर नाचने गाने लगे। क्लब अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने सभी सदस्यों को होली की बधाई दी और बताया कि यह त्योहार आपसी भाई चारे एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाये कोई भी किसी के प्रति वैमनस्यता ना रखें ।कार्यक्रम के संयोजक राजकुमार गुप्ता एवं सह संयोजक पंकज जायसवाल ने अपने प्रदर्शन से वहाँ का समां बांधकर रखा ।महिलाएं एवं बच्चे खूब आनंदित हुए। कार्यक्रम में सचिव महेश गुप्ता कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता,पूर्व अध्यक्ष राजेश फैशन के साथ,धर्मेंद्र कुमार साह,राजू ब्याहुत,गंगोत्री प्रसाद,संतोष कुमार ऊ्ड एवं सभी सदस्य मौजूद रहे ।सभी सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा।

# मरहा पंचायत के मुखिया ने शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने की अपील



प्रात : किरण संवाददाता

माँझी प्रखंड के मरहा पंचायत के मुखिया मुन्ना साह ने पंचायत के समस्त ग्रामीणों से शांतिपूर्ण तरीके से होली पर्व मनाने की अपील की है मुखिया ने बुद्धजीवियों की टीम गठित कर ने पंचायत के नटवर परसुराम, नटवर बीरबल, गौरी, सबदरा, माड़ीपुर, रसीदपुर सहित सभी वार्ड में जाकर पंचायत के लोगों से आग्रह किया है कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी होली पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाना है ग्रामीणों के साथ भाईचारा बनाकर एक दूसरे को रंग अबीर लगाना है उन्होने कहा कि अचार संहिता को देखते हुए किसी तरह का अफवाह नही फैलाना है होली जैसे महान पर्व को खुशनुमा माहौल में मानना है मुखिया के इस पहल की चर्चा पंचायत के लोगों में दिख रही है ।

# विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान एवं बाल गृह में रह रहे बच्चों की करें समुचित देखभाल : जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी ने विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान एवं बाल गृह का किया निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददात

बेतिया(घनश्याम)। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने 23 मार्च की संध्या विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान एवं बाल गृह का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बाल गृह निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परामर्श कक्ष, स्मार्ट क्लास, रसोई घर आदि का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बाल गृह में रह रहे बच्चों से पूछताछ कर व्यवस्था आदि की जानकारी ली। बच्चों द्वारा बताया गया कि उनका अच्छे तरह से ख्याल रखा जा रहा है। उन्हें कोई परेशानी नहीं है। इसके साथ ही विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान के विभिन्न कक्षों का भी जिलाधिकारी द्वारा जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान एवं बाल गृह के बच्चों की समुचित देखभाल अत्यंत ही आवश्यक है। अपने बच्चों की तरह यहां के बच्चों की भी देखभाल करें। उनकी संवेदनाओं को समझें। उन्हें किसी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ा, इसका विशेष ख्याल रखें। उन्होंने निर्देश दिया कि समय-समय पर खाने-पीने, पठन-पाठन, स्वास्थ्य परीक्षण आदि की सुदृढ़ व्यवस्था रहनी चाहिए। साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था को निरन्तर मेंटेन किया जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि नियमित रूप से बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण हर हाल में किया जाय। इस अवसर पर प्रभारी पदाधिकारी ब्रजभूषण कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आपसी प्रेम-सौहार्द और भाईचारा बढ़ाने की सोच के साथ मनाएं होली का त्योहार:गरिमा



प्रात : किरण संवाददात

- नगर निगम कार्यालय परिसर में संपन्न होली मिलन समारोह में शामिल नगर पार्षद, पदाधिकारी और कर्मियों को महापौर ने दिया संदेश
- पकवानों के सहभोज के बाद एक दूसरे के माथे पर गुलाल लगाकर लोगों ने एक दूसरे को दी होली की शुभकामना

बेतिया(घनश्याम) ।बेतिया नगर निगम कार्यालय परिसर में शनिवार की शाम रंगारंग होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पार्षद, निगम के अधिकारी और कर्मचारी गण के साथ दर्जनों मीडियाकर्मी भी शामिल रहे। इस मौके पर आयोजित पकवान के सहभोज में सैकड़ों लोग सहभागी रहे। नगर पार्षद, पदाधिकारी और निगम कर्मियों ने भी एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी। इस मौके पर आपने संदेश में महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि समस्त भारतवर्ष में हर साल मनाए जाने वाले रंग और उमंग के बीच होली मानने की परंपरा है। हर साल हजारों विदेशी पर्यटक में हमारे इस पावन पर्व का आनंद लेने के लिए देश में मथुरा, वृंदावन और बरसाने आदि स्थानों पर आते हैं। श्रीमती सिकारिया ने होली के मौके पर अपने विशेष संदेश में कहा कि हम सबको होली मानने के दौरान आपसी प्रेम-सौहार्द और भाईचारा बढ़ाने की सोच हर दम कायम रखनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आपस में खुशियां बांटना इस पर्व की सबसे बड़ी विशेषता है। होली मिलन समारोह में दर्जनों नगर पार्षद गण के साथ नगर आयुक्त शंभू कुमार, सिटी मैनेजर अरविंद कुमार आदि की सहभागिता रही।

# कुमना मुखिया डब्ल्यू सिंह बने जदयू के व्यवसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव



प्रात : किरण संवाददात

जलालपुरेकुमना मुखिया व युवा नेता धर्मेन्द्र कुमार सिंह उर्फ डब्ल्यू सिंह को जदयू द्वारा पार्टी के व्यवसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव बनाया गया हैइस सम्बन्ध मे पार्टी कार्यालय द्वारा पटना मे जदयू के वरीय पदाधिकारियों द्वारा पत्र निर्गत कर उन्हे गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी ग ई `जदयू पार्टी द्वारा दिए गए दायित्व पर उन्होने बताया कि जो भी जिम्मेवारी मिली है उसे मैं 100% ईमानदारी से पूरा करने का प्रयास करूंगोउनको मिली इस उपलब्धि पर वरिष्ठ नेता ललनदेव तिवारी , प्रा शि सघ्र के प्रधान महासचिव दिनेश सिंह ,जलालपुर. प्रखंड जदयू अध्यक्ष मनोज सिंह प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह, सुभाष सिंह अमित सिंह,उत्तम बैठा हीतेश सिंह बबलू सिंह सहित कई अन्य ने बधाई दी है

# होली मिलन समारोह में होली गीतों पर झूमे श्रोता

प्रात : किरण संवाददात



भेल्दी(सारण) ।पुनीत राय रंगमंच पटराही खुर्द में भेल्दी इप्टा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में होली गीत गोरिया करिके सिंगार अंगना में पिसेली हरदिया,अखिया भईले लाल,एक नींद सुते द बलमुआ,होरी खेले महादेव गगन में उड़े अबीरा,सोनपुर में रंग लूटे महादेव सोनपुर में रंग आदि पारंपरिक होली गीतों पर श्रोता खूब झूमते नजर आए ।प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारतीय जननाट्य संघ की भेल्दी इकाई द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में गायकों ने एक से बढ़कर एक पारंपरिक होली गीत प्रस्तुत किए ।छपरा से आई महिला कलाकारों ने अपनी गायकी से समा बांध दी ।कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन पूर्व मुखिया रमेश कुमार यादव,पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय,पत्रकार राजेश उपाध्याय प्राचार्य रामकिशोर यादव,रामप्रवेश पंडित,राजेन्द्र राय,ठाकुर प्रसाद,रामजीनिश सिंह,बसंत सिंह ने संयुक्त रूप से किया ।इस मौके पर इप्टा कलाकार बीरेन्द्र ब्यास,नागेंद्र निराला,वकील राज,रतन श्रीवास्तव,नागेंद्र शर्मा आदि ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए ।मंच संचालन शिक्षक सुरेश रंजन ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मटका फोड़ को लेकर एसडीओ ने की बैठक

शेरघाटी।थाना परिसर में मटका फोड़ विधि व्यवस्था को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी सारा असरफ एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डॉ. के रामदास शेरघाटी थानाध्यक्ष सह आईपीएस शिवम धकड़ के नेतृत्व में रविवार को मटका फोड़ विधि वयवस्था को।लेकर बैठक आयोजित किया उक्त दौरान एसडीओ ने कहा कि आपसी भाईचारे व मिलजुल कर त्योहार को मनाये, उक्त बैठक के दौरान कहा दोनों पक्ष के लोग मौजूद रहे और आपसी भाईचारे के मिलजुल कर होली का त्योहार मनाने की बात कही। वही त्योहार को लेकर शहर में आईपीएस शिवम धाकड़ के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया ताकि शांति पूर्ण तरीके से त्योहार मनाया जा सके। उक्त बैठक के दौरान दीनानाथ पांडेय,इमरान अली, आबिद इमाम,गुगुन सिंह,मनीष कुमार उर्फ लड्डू,कंचन गुप्ता के अलावा अन्य लोग शामिल थे।

### भाजपा महामंत्री ने होली मिलन समारोह में स्नेह का दिया संदेश

बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के धारूपुर गांव स्थित भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डॉ. मनीष रंजन कार्यकताओं सहित जनप्रतिनिधियों साथ मनाया होली मिलन समारोह। मौके पर काराकाट विधानसभा सहित नगर क्षेत्र के सभी पंचायत के जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने समारोह में जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया। जहां लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल रंग लगा गले मिल होली पर्व की हार्दिक बधाई भी दी। होली मिलन अवसर पर महामंत्री के आवास स्थित सभागार में फागुन की होली संगीत पर थिरकते हुए सभी लोगों ने एक-दूसरे से गले मिल अबीर-गुलाल लगा होली की शुभकामनाएं दी। वही भाजपा नेता डॉ. मनीष ने समाज को होली का संदेश देते हुए बताया कि हिंदू समाज का महान पर्व होली लोगों को एक दूसरे को स्नेह के बंधन में बांधने का प्रतीक है। साथ ही यह त्योहार आपसी प्रेम,भाईचारगी एवं शांति सहित होली रंगों के तरह ही समरस होने का संदेश देता है। जो असत्य पर सत्य की जीत का पैगाम इस त्योहार में समाहित है ।होली सिर्फ त्योहार ही नहीं है अपितु पाप पर पुण्य की विजय और अधर्म पर धर्म की विजय का भी त्योहार है। मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह, भाजपा कार्यकर्ता - सुनील सिंह, अजीत सिंह, ललित मोहन तिवारी, लल्लू सिंह व पूर्व मुखिया विनोद सिंह, पूर्व वार्ड ललन चौरसिया, पहाड़ सिंह, दीपू सिंह, सरोज सिंह, भूलेटन सिंह, गुडडू सिंह, मुन्ना राय, बब सिंह, पूर्व उप सभापति विकास सिंह, मुन्ना सिंह, विनोद सिंह, प्रियतम, हरेंद्र सिंह सहित सभी जनप्रतिनिधि मिलन समारोह में उपस्थित थें।

### पुलिस ने 96 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

अरवल लोकसभा चुनाव एवं होली पर्व को देखते हुए परासी थाने के पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है इस मामले में परासी थाना अध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि शनिवार कि रात्रि गश्ती के दौरान परासी के समीप से एक युवक को 96 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार तस्कर फर्नीचर की दुकान में शराब के कारोबार करता था जहां पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है फिलहाल गिरफ्तार शराब तस्कर के खिलाफ शराब अधिनियम का मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है उन्होंने बताया कि जो भी शराब अधिनियम का उल्लंघन करेंगे उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगो

# आरा रोटी बैंक के द्वारा महादलित बस्ती में जरूरत मंद बच्चों, बच्चियों, महिलाओं के बीच नया फ्रॉक, पैंट शर्ट, पिचकारी, अबीर गुलाल, टोपी, मास्क वितरित किया गया

प्रात : किरण संवाददाता



आरा : आरा रोटी बैंक के तत्वाधान में अनाइट महादलित बस्ती टोला आरा में जरूरतमंद बच्चो, बच्चियों,महिलाओं के बीच नया फ्रॉक,पैंट शर्ट, पिचकारी,अबीर गुलाल,टोपी,मास्क आदि वितरित किया गया।

इस अवसर पर संतोष सिंह भारद्वाज ने कहा आरा रोटी बैंक को आज जरूरतमंद बच्चो को सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ।आरा रोटी बैंक विगत पांच वर्षो से सामाजिक समानता से वंचित वर्ग के बच्चो के साथ होली मुहिम मनाता आ रहा है ।बच्चो के बीच होली सामग्री वितरित किए जाने का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त भेदभाव को मिटाना है जिससे बच्चो को भी बराबर समानता का अधिकार मिले। संतोष सिंह भारद्वाज ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चो को मुख्य रूप से खूब खेलना,खूब खाना और खूब पढ़ना चाहिए जिससे समाज के ये बच्चे भी मुख्यधारा में शामिल हो इस प्रकार है समाज का सर्वांगीण विकास संभव है। अखौरी दीपक बिहारी ने कहा आरा रोटी बैंक विगत 5 वर्षो से सामाजिक कार्यों में ना सिर्फ सक्रिय है बल्कि आज नई आशा के साथ समन्वय के साथ आगे बढ़ रहा है और समाज में व्याप्त भेदभाव को मिटाने के लिए कटिबद्ध है। मुक्तिकांत ने बतलाया आज आरा रोटी बैंक परिवार के साथ समाज के हर वर्ग का समर्थन है और आरा के नवयुवकों में जुड़ने का सिलसिला अनवरत है जो कहीं न कहीं इंगित करता है आज का युवा सामाजिक कार्यों के प्रति जागरूक है ।आरा रोटी बैंक का ये पांचवा होली मुहिम का बेमिसाल साल रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनाली देवा,मधुलिका पांडे,सुजाता,नेहा सिंह,हर्षिता,श्रुति अग्रवाल,राकेश केशरी,राजीव रंजन,अभिषेक ओझा, रौशन सोनी, टोनू सोनी,मनीष,राजा,विशाल, यशवीर सिंह,, दीपू,रितेश साह, राहुल आनंद आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।धन्यवाद ज्ञापन अभिषेक ओझा ने दिया।

# होली मिलन समारोह का आयोजन






प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जिले के कोइलवर स्थित भाजपा नगर मंडल के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखण्ड समेत जिले के कई भाजपा कार्यकर्ता और नगर के प्रबुद्ध और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। होली मिलन कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकताओं सहित अन्य ग्रामीण लोगों ने होली के पारंपरिक गीत पर जमकर थिरके व एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दिया। होली मिलन समारोह में पहुँचे भाजपा नेता राम दिनेश ने कहा कि इस बार होली के त्योहार के दौरान पूरे देश मे आचार संहिता लागू है इस कारण भव्य आयोजन नहीं किया जा रहा है लेकिन होली का त्योहार आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देता है। हमें रंगों के इस पर्व को मिल-जुलकर मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि होली के त्योहार पर सभी को परस्पर प्रेम एवं सद्भावना का परिचय देना चाहिए। होली रंगों की तरह आपस में मिल कर रहने का संदेश देती है। मौके पर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, राकेश शर्मा, ऋतु राज, संजीत, मिथलेश राय, नीरज सिंह, सोनू पाठक, श्याम प्रकाश महतो, उपेंद्र तिवारी, प्रशांत मिश्रा, महेंद्र, आलोक, नीरज, दीपक,श्याम आर्यन, अजित सिंह समेत दर्जनों लोगों ने अबीर गुलाल लगा होली की शुभकामनाएं दिया।

# शहीद भगत सिंह का शहादत दिवस मनाया



प्रात : किरण संवाददाता

आरा : भोजपुर के हरिगांव में शाहिद आजम भगत सिंह का सहादत दिवस मनाई गई जिसकी अध्यक्षता पंचायत समिति हरेंद्र कुमार गुप्ता जी ने किया साथ ही साथ बबन ठाकुर मनन ठाकुर वीरेन्द्र ठाकुर,अरविंदर ठाकुर ,विद्यानंद ठाकुर,पंकज ठाकुर अजय ठाकुर विकाश कुमार आकाश कुमार इंदरजीत गुप्ता विजय ठाकुर एवम अन्या सदस्य लोग उपस्थित रहे। हरेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि भगत सिंह का सपना था की सोसिट विहित समाज का निर्माण हो भगत सिंह समाजवादी भारत देखना चाहते थे वे भ्रष्टाचार विरोधी थे वे चाहते थे कि भारत का हर लोग स्वतंत्र हो, रग रग में देश प्रेम हो, इन्ही सारी बातों को लेकर लोगो पुष्प अ अर्पित करते हुवे उनकी शहादत दिवस को याद किया।

# पिछले दिनों समाप्त हुए वार्षिक परीक्षा का परिणाम किया गया घोषित

प्रात : किरण संवाददाता



गया। शहर के नैली रोड स्थित श्री शिक्षा निकेतन स्कूल में होली मिलन समारोह के साथ वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित कर प्रमाण पत्र का वितरण किया गया है। इस कार्यक्रम की शुरूआत वरिस्ठ पत्रकार श्याम भंडारी एवं प्राचार्य पूनम सिन्हा ने भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति पर अविर गुलाल चढ़ा कर किया है। उसके प्राचार्य पूनम सिन्हा ने कार्यक्रम में पहुंचे वरिस्ठ पत्रकार श्याम भंडारी को अंग वस्त्र एवं पुष्प पौधा देकर स्वागत किया। उसके बाद वार्षिक परीक्षा के परिणाम को बच्चों एवं उनके अभिभावकों के बीच वितरण किया गया। अपने कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को वरिस्ठ पत्रकार श्याम भंडारी मेडल एवं मोमेंटो देकर उनके उज्वबल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर वरिस्ठ पत्रकार श्याम भंडारी ने विद्यालय के प्राचार्य एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ आये हुए बच्चों और अभिभावकों को होली की शुभकामनाएं दी हैं। वहीं इस मौके पर प्राचार्य पूनम सिन्हा ने कहा कि बच्चों के परीक्षा परिणाम पत्र के अव्वल करने वाले छात्रों के बीच मेडल व मोमेंटो देकर उनके हौसला को बढ़ाया जा रहा है। इसके साथ होली के पावन मोके पर सभी बच्चों और उनके अभिभावकों को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई भी दिया गया है। बच्चों को सावधानी पूर्वक होली मनाने की सलाह दिया है। केमिकल युक्त रंगों से बचने की सलाह दिया गया है।

# दुसाध जागृति एवं सांस्कृतिक चेतना मंच कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

## 4 अप्रैल को बाबा चौहरमल जयंती धूम धाम से मनाया जायेगा:संजय पासवान

प्रात : किरण संवाददाता



रोहतास जिले के डिहरी के एनिकट में दुसाध जागृति संस्कृति चेतना मंच के अध्यक्ष संजय पासवान की अध्यक्षता में एनिकट में बने भव्य मंदिर बाबा चौहरमल धाम में कार्यकारिणी की बैठक रखी गई जिसमें 4 अप्रैल को जयंती मनाने और पूजा पाठ का कार्यक्रम रखा जाएगा जिसमें ज़िले के तमाम जन प्रतिनिधियों को धाम में बुलाने का निमंत्रण भेजा जाएगा वहीं शहर गाँव में जयंती को लेकर बड़े स्तर पे प्रचार प्रसार किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग शामिल हो शाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा बाबा चौहरमल के इतिहास व जीवनी के बारे में बताया जाएगा वही प्रसाद का वितरण तथा खाना पीना का वेवस्था किया जायेगा मौके पर मौजूद मंच के अध्यक्ष संजय पासवान मुख्य संरक्षक राजाराम पासवान उपाध्यक्ष प्रकाश पासवान हरे राम पासवान मीडिया प्रभारी अनुज पासवान कोषाध्यक्ष चंदन पासवान उप कोषाध्यक्ष अनूप पासवान महासचिव दीपू पासवान सचिव दिनेश पुजारी कृष्णा पासवान रवि पासवान वार्ड प्रतिनिध धीरज पासवान अमरेन्द्र पासवान सुनील पासवान आदि।

# भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम के नेतृत्व में होली-मिलन समारोह मनाया गया




प्रात : किरण संवाददाता

आराः पार्टी कार्यालय शहीद भवन,आरा में भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम जी के नेतृत्व में होली-मिलन समारोह अबीर-गुलाल, ढोल-नगाड़ें और फाल्गुन की पाराम्परिक गीतों की बीच बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। होली मिलन समारोह में सभी ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर खूब जश्न मनाया। होली मिलन समारोह में पार्टी अध्यक्ष अशोक राम ने उपस्थित सभी कांग्रेसियों एवं जिले वाशियों को होली की बधाई देते हुए नशें से देश,प्रदेश एवं जिले के सभी सम्मानित जनता हर हाल में दूर रहें। होली-मिलन समारोह में भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम, सत्य प्रकाश राय, प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी डॉ अमित कुमार द्विवेदी, राकेश कुमार त्रिपाठी, प्रो.अरुण सिंह, उपेंद्र कुमार सिंह, अरबिंद सिंह, सम्पत सिंह, सत्य नारायण सिन्हा, अशोक सिंह, नागेंद्र मिश्र, रविन्द्र तिवारी, प्रमोद राय, नर्वदेश्वर ओझा, रवि कुमार रवि, सूरज प्रकाश, श्यामसुंदर पांडेय उर्फ बिजली बाबा, सहित सैकड़ों पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवम आम जनता शामिल हुए है।

# ब्लू हेवन रिसॉर्ट में आयोजित हुआ होली मिलन समारोह

प्रात : किरण संवाददाता

आराः आरा शहर के बायपास रोड में स्थित ब्लू हेवन रिजॉर्ट में आज होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय जीवन बीमा निगम के विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमार एवं अन्य गण्यमान्य लोगों के द्वारा किया गया इस मौके पर आगत अतिथियों का स्वागत जोरदार तरीके से किया गया रंगों के त्योहार होली के इस पावन पर्व के अवसर पर आयोजित इस समारोह में भोजपुरी के कलाकारों ने परंपरागत एवं देसी होली गीत को गाकर लोगों को झूमने को मजबूर कर दिया और इस फगुआ गायन के माध्यम से घंटे कार्यक्रम में समां बांधे रखा कलाकारों ने एक से बढ़कर एक फगुआ गीत को प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया इस मौके पर आसपास के कई पंचायत के मुखिया भारतीय जीवन बीमा निगम के सैकड़ो अभिकर्ता के साथ-साथ काफी संख्या में लोग शामिल हुए इस मौके पर सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी वही कार्यक्रम के आयोजन कर्ता प्रवीण कुमार ने बताया कि होली बुराई पर अच्छाई के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है और सभी लोग इस दौरान एक दूसरे के गिले शिकवे को भूलाकर गले मिलते हैं और यह शांति का पर्व है इसलिए सभी लोगों से हम यह अपील करते हैं की होली हंसी खुशी और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाए ताकि जो हजारों वर्ष पुरानी हमारी परंपरा चली आ रही है

# होली एवं लोकसभा चुनाव को लेकर शहर में जिला प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

प्रात : किरण संवाददाता



आरा : रंगों के त्योहार होली होली और लोक सभा चुनाव को लेकर विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर प्रशासन चुस्त दुरूस्त दिखने लगा है, रविवार को इस पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने और लोक सभा चुनाव शांति पूर्वक संपन्न कराने को लेकर भोजपुर जिला प्रशासन के द्वारा शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। भोजपुर के जिला पदाधिकारी राजकुमार पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पूरे आरा शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया इस दौरान भोजपुर के सहायक पुलिस अधीक्षक उप विकास आयुक्त सदर अनु मंडल पदाधिकारी सदर डीएसपी एसएसबी के कमांडेंट के साथ-साथ कई थानों के पुलिसकर्मी और एसएसबी के जवान मौजूद रहे इस दौरान भारी संख्या में तैनात पुलिस के जवानों ने रामगढ़िया, शिवगंज, अस्पताल रोड, जज कोठी मोड़, पकड़ी, कतीरा समेत शहर के पूरे इलाके में फ्लैग मार्च किया। वही फ्लैग मार्च के दौरान भोजपुर डीएम राजकुमार ने कहा कि अगर होली त्यौहार को लेकर कोई भी हुगदंग करता है या विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करता है तो उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी , वही भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बातचीत के के दौरान कहा कि शहर में लहरिया कट और असमाजिक तत्वों पुलिस की नजर है और कई जगह पर सीसीटीवी कैमरा का भी व्यवस्था की गई है उससे भी नजर रखा जा रहा है ' फ्लैगमार्च में भोजपुर के जिलाधिकारी राजकुमार पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार उप विकास आयुक्त विक्रमवीरकर सहायक पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार सदर अनुमंडल पदाधिकारी लाल ज्योति नाथ शाहदेव सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट विवेक कुमार यातायात पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार सुधांशु समेत कई थानों के थाना अध्यक्ष एवं पुलिसकर्मी शामिल थे

# फागुन गीतों से सराबोर हुआ होली मिलन समारोह



प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) रविवार को डुमरांव रोड स्थित भाजपा कार्यालय पर काराकाट पूर्व विधायक राजेश्वर राज के नेतृत्व में होली मिलन समारोह आयोजित हुई। होली मिलन समारोह में दो गांवों के गायक मंडली ने भाग लेकर ढोलक एवं करताल की थाप से पूरे वातावरण को मनमोहक बना दिया।

उक्त अवसर पर लोगों ने जमकर रंग-अबीर गुलाल उड़ाए व पकवान का आनंद उठाया। पूर्व विधायक श्री राज ने खुद होली मिलन समारोह में आनेवाले लोगों का अभिनंदन किया तथा उन्हें अबीर- गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। मौके पर विधायक ने कहा कि होली प्रेम व आपसी भाईचारे का पर्व है । यह पर्व हमें एहसास दिलाता है कि हम अपने अंदर छुपे अवगुणों को दूर करें तथा समाज में मिल-जुलकर रहें । उक्त दौरान दोनों गांवों के गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक होली गीत गाकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मौके पर विमल किशोर पांडेय,दिनेश कुमार सिंह , रितेश राज ,अजीत सिंह ,मुन्ना पांडेय , निप्पू तिवारी विशाल पाण्डेय,सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# तीर्थराज श्री सम्मेद शिखर जी की यात्रा के लिए आरा से 2 बसें खुली



प्रात : किरण संवाददाता

आरा। श्री आदिनाथ ट्रस्ट, आरा के तत्वावधान में शाश्वत तीर्थ श्री सम्मेद शिखर जी की यात्रा के लिए जेल रोड स्थित हर प्रसाद दास दिगम्बर जैन धर्मशाला से 2 बस खुली। आदिनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष शैलेश कुमार जैन ने यात्रा का शुभारंभ श्रीफल समर्पित कर किया। उन्होंने बताया की जैन धर्म के चौबीस तीर्थंकरों में से 20 तीर्थंकरों निर्वाण स्थली श्री सम्मेद शिखर जी है जोकि झारखंड राज्य की गिरिडीह जिला में स्थित है। इस तीर्थयात्रा में करीब 100 तीर्थयात्री यात्रा कर रहे है। उन्होंने सभी तीर्थयात्रियों को मंगल यात्रा के लिए शुभकामना दिए। धर्म प्रभारी सुशील कुमार जैन ने बताया कि ट्रस्ट का मूल उद्देश्य धार्मिक, सामाजिक कार्य करते रहना है इसी निमित्त धार्मिक यात्रा कराई जा रही है। तीर्थयात्रा में ट्रस्ट के अजय कुमार जैन, अंशु जैन के साथ सैकड़ो तीर्थयात्री यात्रा में शामिल थे। इस आशय की जानकारी आरा जैन समाज के मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने दी।

# मतदाता जागरुकता मतदान के लिए मतदाताओं को अभियान चलाकर प्रेरित किया गया



प्रात : किरण संवाददाता

आरा : समाहरणालय भोजपुर (स्वीप कोषांग ) लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त भोजपुर जिला अंतर्गत चल रही गतिविधियाँ जिला स्तरीय स्वीप कोषांग के तहत जिला स्तरीय स्वीप कोषांग मतदाता जागरुकता मतदान के लिए मतदाताओं को अभियान चलाकर प्रेरित किया जा रहा है। जिसमें नेहरू युवा केंद्र और सामाजिक संस्था प्रयास ह्लएक कोशिश बदलाव काह्वके द्वारा हेवेन म्यूजिक एंड डांस एकेडमी में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और वहा मौजूद युवाओं को मतदाता जागरूकता के बारे में बताया गया कि सब कोई अपने-अपने माध्यम से लोगों को वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूक करें।

# पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर भारी मात्रा में शराब किया बरामद



प्रात : किरण संवाददाता

चांद। चांद थाना के मोरवा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध शराब की भारी मात्रा बरामद किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली मोरवा गांव में सिवाना में गेंहू की फसल में भारी मात्रा में शराब छिपाई गई है। पुलिस को सूचना मिली थी की देर शाम शराब को गंतव्य स्थान पर पंहुचा दिया जाएगा। पुलिस के द्वारा होली त्योहार का सीजन होने से शराब की तस्करी में काफी बढ़ोतरी हुई है। पुलिस उत्तर प्रदेश से शराब की तस्करी रोकने के लिए विशेष छापेमारी अभियान चला रही है। पुलिस ने सूचना मिलने पर मोरवा गांव में छापेमारी किया तो सिवाना में कुल देशी विदेशी 271 लीटर शराब बरामद किया। पुलिस ने बरामद शराब स्थल से मोटरसाइकिल जब्त किया ।इस संबंध में थाना प्रभारी मो इरफान रजा ने कहा शराब तस्करी में लिप्त तीनों आरोपी की पहचान कर ली है। थाना प्रभारी ने कहा बबलू उपाध्याय दीपक प्रसाद बिंद आदि पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने ने कहा शराब रखने एवं शराब की तस्करी रोकने के लिए कई कड़े कदम उठाए गए हैं।

इंटर साइंस परीक्षा में सरिता बनी रोहतास की सेकेंड टॉपर

# दावथ प्रखंड में सरिता ने प्रथम स्थान प्राप्त कर लहराया परचम



प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) बिहार इंटर मीडिएट साइंस की परीक्षा में रोहतास जिला की सेकेंड टॉपर बन सरिता कुमारी ने जिले का नाम रोशन किया। ज्ञात हो कि 23 मार्च को बिहार सरकार द्वारा जारी इंटर साइंस परीक्षा की रिजल्ट घोषित होते ही सरिता ने 460 अंक प्राप्त कर 92 प्रतिशत के साथ रोहतास में सेकेंड स्थान और बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के अपने दावथ प्रखंड में प्रथम स्थान प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया। जिसकी सफलता पर उसे मार्गदर्शक देने वाले बिक्रमगंज के अनुभवी शिक्षक मैथ गुरु संजीव सिंह, रसायन गुरु अभिषेक पांडे सहित अंग्रेजी गुरु एके पांडे ने दावथ प्रखंड क्षेत्र के उसके देवगना गांव पहुंच उसे मिठाई खिलाते हुए सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकनाएं देते हुए बताया जो विद्यार्थी गुरु के मार्गदर्शन में शिक्षा क्षेत्र में अध्यन करते है। उसे कामयाबी की सफलता अवश्य मिलती है। वही सरिता ने अपनी परीक्षा की सफलता पर मीडिया से रुबरु होते हुए बताया कि उसके सफलता में उसके पिता सरोज कुमार यादव, माता सुनीता देवी सहित दादा राम निवास सिंह का योगदान रहा। साथ ही उसने इसका मुख्य श्रेय साइंस विषय में उसे मार्गदर्शन देने वाले शिक्षक में संजीव सिंह के गाइड लाइन में मैथ में 98, अभिषेक पांडे के मार्गदर्शन में रसायन में 93 सहित शिक्षक एके पांडे के अथक प्रायस अंग्रेजी विषय में 94 अंक प्राप्त कर परीक्षा में सफलता का परचम लहराने का सौभाग्य प्राप्त हो सका। वही इसकी सफलता पर उसे बढ़ाई देते हुए जीनियस द्रोणाचार्या क्लासेज के निदेशक सोनू सिंह ने घोषणा करते हुए बताया कि इंटर मीडिएट परीक्षा में सभी टॉप टेन में शामिल छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु उनकी संस्थान बिक्रमगंज में निःशुल्क शिक्षा देगी। जिनकी घोषणा से छात्रों में खुशी व्याप्त है।



# अब न्यूकमर्स से मिलने के लाखों चार्ज करेंगे अनुराग कश्यप

अनुराग कश्यप बॉलीवुड के सबसे प्रतिभाशाली निर्देशकों में से एक हैं, जिन्होंने अपने पूरे करियर में स्वतंत्र आवाजों का भी समर्थन किया है। हाल ही में, अनुराग कश्यप न्यूकमर्स पर भड़कते दिखे हैं। बॉलीवुड फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप ने कहा कि वह न्यूकमर्स लोगों पर अपना समय बर्बाद करके थक गए हैं और जो लोग उनसे मिलना चाहते हैं वह उनसे पैसे लेंगे। दरअसल, उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपने रेट का भी खुलासा किया। निर्देशक ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, मैंने नए लोगों की मदद करने की कोशिश में बहुत समय बर्बाद किया और ज्यादातर औसत दर्जे की चीजें ही हासिल कीं। इसलिए अब से मैं न्यूकमर्स से मिलकर अपना समय बर्बाद नहीं करना चाहता हूं, जो सोचते हैं कि वे क्रिएटिव जीनियस हैं। इसलिए अब मेरे पास रेट हैं। अगर कोई मुझसे 10-15 मिनट के लिए मिलना चाहता है तो मैं 1 लाख, आधे घंटे के लिए 2 लाख और 1 घंटे के लिए 5 लाख चार्ज करूंगा। उन्होंने आगे कहा, मैं लोगों से मिलकर समय बर्बाद करते-करते थक गया हूं। अगर आपको सच में लगता है कि आप इस फीस का भुगतान कर सकते हैं, तो मुझे फोन करें या दूर रहें। और सभी को इसे भुगतान करना होगा क्योंकि यह अनिवार्य है। कैप्शन में अनुराग ने लिखा, और मेरा मतलब यह है... मुझे टेक्स्ट या डीएम या कॉल न करें। भुगतान करें और आपको समय मिलेगा। मैंने कोई चैरिटी नहीं खोल रखा है और मैं शॉर्टकट ढूंढने वाले लोगों से थक गया हूं।

# भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन की होगी शानदार एंट्री

बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 को लेकर आए दिन नई-नई अपडेट्स सामने आ रही है। पहले इसमें कौन होगा, इसको लेकर खबर आई थी। फिर इसके बाद बताया गया कि इसमें रूह बाबा की एंट्री के लिए कार्तिक आर्यन बहुत मेहनत कर रहे हैं। गणेश आचार्य बड़े पैमाने पर गाने की कोरियोग्राफी कर रहे हैं। पहले अक्षय कुमार और फिर कार्तिक आर्यन ने भूल भुलैया में जो तड़का लगाया, उसे दर्शक आज भी नहीं भुला पाए हैं। और इसी उत्साह को बरकरार रखने के लिए अब अनीस बज्मी इसका पार्ट 3 ला रहे हैं, जिसकी वह टूटे हुए पैर के साथ मुंबई में शूटिंग भी शुरू कर चुके हैं। पहले इसके कास्ट्स को लेकर कई तरह की खबरें आ रही थीं। और अब एक नया अपडेट सामने आया है, जो एक्टर की एंट्री से जुड़ा हुआ है। दरअसल, भूल भुलैया 3 को लेकर खबर है कि इसमें कार्तिक आर्यन की एंट्री ग्रांड होने जा रही है। इनकी एंट्री पर एक गाने का सीक्वेंस होगा, जिसमें 1000 डांसर्स धमाल मचाएंगे। इस गाने को हिंदी सिनेमा में सबसे बड़े गानों में एक माना जा रहा है। जिसके लिए मुंबई कि फिल्म सिटी में एक बड़ा सेट तैयार किया गया है और उसकी कोरियोग्राफी गणेश आचार्य करेंगे। गाने के बारे में बात करते हुए एक सोर्स ने ईटाइम्स को बताया, यह बॉलीवुड के अब तक के सबसे बड़े गाने की शूटिंग में से एक है। इसमें 1000 डांसर्स शामिल हुए हैं और यह फिल्म में रूह बाबा की एंट्री सीन के लिए है।





# प्रिया मणि को इस वजह से मिला 'मैदान' में मौका

**मैदान इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म के निर्माताओं ने आज इसकी रिलीज की तारीख का एलान कर दिया है। यह फिल्म 10 अप्रैल को ईद के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।**

फिल्म में अजय देवगन के साथ प्रिया मणि मुख्य भूमिका में हैं। अब प्रिया मणि की भूमिका को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है।

इस वजह से कीर्ति सुरेश को किया गया रिप्लेस

दरअसल, फिल्म में कीर्ति सुरेश अजय देवगन की पत्नी का किरदार निभाने वाली थीं, लेकिन बाद में उनकी जगह प्रियामणि को ले लिया गया। हाल ही में एक दिए एक साक्षात्कार में फिल्म के निर्देशक अमित शर्मा ने इस बदलाव के पीछे की वजह का खुलासा किया। अमित शर्मा ने कहा कहा कि अब्दुल रहीमी की पत्नी की भूमिका के बारे में मेरे मन में एक निश्चित विचार था और मैं चाहता था कि मुख्य भूमिका उसी तरह दिखे, लेकिन उस दौरान कीर्ति का वजन काफी कम हो गया और इसी वजह से उन्हें रिप्लेस कर दिया गया। वहीं फिल्म की कहानी के बारे में बात करें तो यह गुमनाम नायक सैयद अब्दुल रहीम की सच्ची कहानी की झलक पेश करेगी, जिन्होंने अपना जीवन फुटबॉल के लिए समर्पित कर दिया और भारत को बहुत गौरव दिलाया। उनकी जीवनी पर आधारित स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म कोच सैयद अब्दुल रहीम के नेतृत्व में भारतीय फुटबॉल के स्वर्ण युग को श्रद्धांजलि है, जिसमें 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में टीम की जीत को दर्शाया गया है। वहीं फिल्म के कलाकारों के बारे में बात करें तो अजय देवगन के अलावा मैदान में प्रियामणि, गजराज राव और बंगाली अभिनेता रूद्रनील घोष प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फ्रेश लाइम फिल्म्स, जी स्टूडियोज और बेव्यू प्रोजेक्ट्स द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म का निर्देशन अमित रविंदरनाथ शर्मा ने किया है। फिल्म का संगीत एआर रहमान ने तैयार किया है, वहीं गीत मनोज मुंतशिर शुक्ला ने लिखे हैं। जी स्टूडियोज, बोनी कपूर, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और आकाश चावला द्वारा निर्मित मैदान 10 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।



# मैडनेस मचाएंगे इंडिया को हंसाएंगे को लेकर बोलीं हुमा

मैडनेस मचाएंगे इंडिया को हंसाएंगे में मैडनेस की मालकिन बनीं अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने कहा कि इस कॉमेडी शो के जरिए दर्शकों को उनकी असलियत देखने को मिलती है। हुमा ने टेलीविजन और कॉमेडी के बारे में अपना दृष्टिकोण रखा। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि टेलीविजन एक असाधारण माध्यम है। इसमें हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। मगर इस तरह के शो का हिस्सा बनना दर्शकों के साथ एक साप्ताहिक मुलाकात की तरह है, जिसमें उन्हें मेरे बारे में जानने को मिलता है। हाल ही में वेब सीरीज महारानी 3 में नजर आईं हुमा ने कहा, भविष्य में अगर मुझे दिलचस्प टेलीविजन परियोजनाओं में काम करने का मौका मिलेगा तो मैं उस पर विचार करूंगी। हुमा ने आगे कहा कि मुझे बताया गया है कि मेरी हंसी असरदार है और वास्तव में जब भी मैं हंसती हूं तो मेरे आस-पास के सभी लोग हंसते हैं और मुझे यह पसंद है। मेरा यह भी मानना है कि यही एक मुख्य कारण है कि मैंने इस शो का हिस्सा बनने का फैसला किया। मुझे हास्य की बहुत अच्छी समझ है और मैं कॉमेडी का आनंद लेती हूं, इसलिए जब मुझे यह भूमिका निभाने की पेशकश की गई तो मुझे इसे स्वीकार करने में खुशी हुई और दर्शकों को मेरा यह पक्ष देखने का मौका मिला। रोस्ट्स के साथ वह कितनी सहज हैं, यह पूछने पर हुमा ने कहा कि मैं हास्य को अपनाती हूं। यह हल्के-फुल्के अंदाज में दूसरों को चिढ़ाना प्यार जताने का एक तरीका है। अभी हाल ही में शूटिंग के दौरान सभी ने बारी-बारी से मेरी टांग खींची और मैं इससे ज्यादा खुश नहीं हो सकती थी, क्योंकि इस मजाक का मकसद सिर्फ मनोरंजन करना था। हुमा ने आगे कहा कि रोस्ट्स भी शो का एक हिस्सा हैं और आप मुझे अपने कुछ डिग्स के साथ रोस्ट किए जा रहे मेहमानों का समर्थन करते हुए देखेंगे। यह रोस्ट में संतुलन का एक तत्व जोड़ता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह बहुत अधिक एकतरफा न हो जाए। मैडनेस मचाएंगे सोनी पर प्रसारित होता है।



# पुष्पा 2 द रूल में कैमियो करती नजर आएंगी सामंथा रुथ प्रभु!

अल्लू अर्जुन की पैन इंडिया फिल्म पुष्पा 2 द रूल इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फैंस फिल्म से जुड़ी छोटी से छोटी जानकारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जैसे-जैसे फिल्म की रिलीज डेट नजदीक आ रही है, फिल्म को लेकर फैंस के बीच उत्सुकता बढ़ रही है। फिल्म की शूटिंग तेजी से चल रही है, जिसकी तस्वीरें सेट से लगातार सामने आ रही है। वहीं, इस कड़ी में फैंस के लिए एक और दिलचस्प खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में भी फैंस को सामंथा रुथ प्रभु की एंट्री देखने को मिलेगी। इससे पहले खबर आई थी कि सामंथा रुथ प्रभु ने फिल्म में डांस नंबर करने से इनकार कर दिया है और उनके यह ऑफर ठुकराने के बाद जान्हवी कपूर को यह मौका दिया गया है। हालांकि, इन खबरों पर मुहर नहीं लगी थी। वहीं, अब खबर है कि सामंथा भी सीक्वल का हिस्सा होंगी, लेकिन इस बार वे डांस नंबर नहीं करेंगी, बल्कि फिल्म में उनका कैमियो रोल होगा। फिल्म के निर्देशक सुकुमार चाहते हैं कि सामंथा एक कैमियो भूमिका निभाए। वहीं इस खबर के बाद से लोगों की प्रतिक्रियाएं सामने आने लगी हैं। कुछ लोगों का कहना है कि यह या तो अंत में एक छोटा सा गीत होगा या पहले भाग में जो उनकी भूमिका थी, वही दूसरे भाग में भी रहेगी। अटकलें तो यह भी है कि निर्माता पहले भाग में सामंथा के किरदार को दूसरे भाग में जारी रखना चाहते हैं और फिल्म के तीसरे भाग में उनकी भूमिका को बढ़ा दिया जाएगा।




# अक्षय-टाइगर की बड़े मियां छोटे मियां से टकराएगी अजय देवगन की फिल्म मैदान

अजय देवगन इन दिनों अपनी आने वाली बहुप्रतीक्षित फिल्म मैदान को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फैंस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी किया था, जिसे देख फैंस उत्साहित हो गए थे। वहीं अब आखिरकार निर्माताओं ने फिल्म की आधिकारिक रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। यह फिल्म ईद के मौके पर सिनेमाघरों में धमाल मचाने के लिए तैयार है। अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म का नया पोस्टर जारी किया, जिसमें वे फुटबॉल खेलते नजर आ रहे हैं। पोस्टर के साथ ही अजय ने फिल्म की रिलीज की तारीख का भी खुलासा किया है। मैदान ईद के मौके पर 10 अप्रैल, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। अजय ने पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, असली खिलाड़ी दिखेंगे, असली मैदान में। आइए, खुश होइए और हमारे साथ 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में ही जश्न मनाइए। यह फिल्म गुमनाम नायक सैयद अब्दुल रहीम की सच्ची कहानी की झलक पेश करेगी, जिन्होंने अपना जीवन फुटबॉल के लिए समर्पित कर दिया और भारत को बहुत गौरव दिलाया। उनकी जीवनी पर आधारित स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म कोच सैयद अब्दुल रहीम के नेतृत्व में भारतीय फुटबॉल के स्वर्ण युग को श्रद्धांजलि है, जिसमें 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में टीम की जीत को दर्शाया गया है। दिलचस्प बात यह है कि मैदान की भिड़ंत बॉक्स ऑफिस पर दूसरे मेगा बजट की फिल्म से होगी। अजय देवगन की फिल्म बड़े पर्दे पर अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की बड़े मियां छोटे मियां से टकराएगी। यह फिल्म भी 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी एक्शन-थ्रिलर फिल्म का भी क्रेज दर्शकों के बीच खूब छाया हुआ है।



# ऋतिक रोशन ने फिल्म खो गए हम कहां के लिए अनन्या पांडे की तारीफ की

एक्टर ऋतिक रोशन ने फिल्म खो गए हम कहां में एक्ट्रेस अनन्या पांडे की जमकर तारीफ की। पिछले साल दिसंबर में रिलीज फिल्म का निर्देशन अर्जुन वरैन सिंह ने किया है। इसमें सिद्धांत चतुर्वेदी, अनन्या और आदर्श गौरव मुख्य भूमिका में हैं। यह तीन दोस्तों की कहानी है, जो सोशल मीडिया के दबाव के बावजूद अपने लक्ष्य और रिश्तों को आगे बढ़ाते हैं। एक्स पर ऋतिक ने लिखा कि कुछ दिन पहले खो गये हम कहां देखी। मैंने इसका भरपूर आनंद लिया। यह कोई आसान शैली नहीं थी। अनन्या पांडे आप एक स्टार हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव आप लोगों का प्रदर्शन क्या शानदार था। अर्जुन वरैन ने बहुत अच्छा निर्देशन किया है। पूरी टीम को बधाई, यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिए।

जवाब देते हुए अनन्या ने कहा कि ऋतिक सर, आपने मेरा दिन बना दिया, आपके प्यारे शब्दों और सराहना के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। यह मेरे लिए बहुत प्रेरक है। फिल्म अर्जुन, जोया अख्तर, रीमा कागती ने लिखी है। यह एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी फिल्म्स के बैनर तले रितेश सिधवानी, अख्तर, कागती और फरहान अख्तर द्वारा निर्मित है। अनन्या की अगली फिल्म कॉल मी बे, कंट्रोल और द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सी शंकरन नायर हैं।

# ना भूल पाने वाली फिल्म है द गोट लाइफ की स्क्रिप्ट

पृथ्वीराज सुकुमारन जल्द ही द गोट लाइफ फिल्म में नजर आएंगे। ये फिल्म फेमस मलयालम नॉवेल अदुजीविथम पर आधारित है। फिल्म जीवन नजीब की रियल जिंदगी पर बेस्ड है, जहां उनके बेहतर जीवन की तलाश में परेशानियों से भरी अवास्तविक यात्रा को दिखाया जाएगा। इस पर पृथ्वीराज ने कहा- मुझे अपने रोल से स्विच ऑन और स्विच ऑफ होना आता है। मैंने अपने करियर में अब तक कम से कम 120 फिल्में की हैं। इसलिए अब मेरे लिए स्विच ऑन/ स्विच ऑफ होना आसान हो गया है। जब से मैंने द गोट लाइफ की स्क्रिप्ट सुनी थी, तब से ऐसा कई दफा हुआ कि किसी फिल्म की शूटिंग के दौरान अचानक से मुझे द गोट लाइफ की कहानी याद आ जाती, और मैं स्तब्ध रह जाता। सोचिए कितनी पावरफुल स्क्रिप्ट होगी। मुझे ऐसा लगता है कि भले ही मैंने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है, लेकिन फिर भी नजीब, जो किरदार मैं फिल्म में निभा रहा हूं, उनका एक अंश असल में मेरे अंदर हमेशा रहेगा। मैंने इस किरदार के लिए बहुत मेहनत की है। द गोट लाइफ में पृथ्वीराज सुकुमारन की तुलना बड़े बड़े स्टार्स जैसे कि प्रभास, टॉम हैंक्स, लियोनार्डो डिकैप्रियो से की जा रही है। इस बात पर एक्टर कहते हैं- मैं खुद को ऐसे बड़े-बड़े एक्टर्स की लीग में नहीं देखता। मैं अभी भी सीख रहा हूं। मुझे अभी बहुत कुछ सीखना रहता है। इस फिल्म में निभाए गए नजीब किरदार से मैंने अपनी असल जिंदगी में बहुत कुछ सीखा। हम लोग इस फिल्म के जरिए ग्लोबल सिनेमा दिखाना चाहते हैं।



# दुलकर सलमान के बाद जयम रवि ने छोड़ी कमल हासन की फिल्म!

**साउथ सुपरस्टार कमल हासन की अपकमिंग फिल्म ठग लाइफ इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। मणिरत्नम के निर्देशन में बनी इस फिल्म में कमल हासन के साथ-साथ दुलकर सलमान और जयम रवि भी नजर आने वाले थे। बीते दिनों चर्चा थी कि दुलकर ठग लाइफ का हिस्सा नहीं होगे। उन्होंने इस प्रोजेक्ट से बाहर निकलने का फैसला कर लिया था।**

वहीं, अब बताया जा रहा है कि जयम रवि ने भी तारीख न मैच होने के कारण इस परियोजना से बाहर होने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ठग लाइफ में जयम रवि महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आने वाले थे, लेकिन अपने शेड्यूलिंग टकराव के चलते उन्होंने ठग लाइफ को छोड़ दिया है। खबर बताया गया है कि तारीखों की समस्या के चलते वह फिल्म से बाहर हो गए हैं। इससे पहले दुलकर सलमान ने अपने व्यस्त शेड्यूल के कारण इस फिल्म को छोड़ दिया था। हालांकि, फिल्म की टीम की तरफ से फिलहाल दुलकर सलमान और जयम रवि के जाने को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। ठग लाइफ में जयम रवि के कैमियो रोल करने की जानकारी थी। हालांकि, जयम रवि के फिल्म में शामिल होने को लेकर भी मेकर्स की तरफ से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स की अनुसार, ठग लाइफ का पहला शेड्यूल 30 जनवरी को खत्म हो चुका है, जिसमें कमल हासन, जोजू जॉर्ज और अभिरामी ने हाई-ऑक्टेन एक्शन सीन्स को शूट किया। फिल्म में कमल हासन, जोजू जॉर्ज और अभिरामी के अलावा त्रिशा, ऐश्वर्या लक्ष्मी, जयम रवि नास्सर, गौतम कार्तिक जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।






### 49 के शेयर में आने वाला है तूफान!

नई दिल्ली, एजेंसी।शेयर बाजार में एक बार फिर रौनक लौट आई। इस माहौल के बीच 50 रुपये से कम के कुछ शेयरों की जबरदस्त डिमांड देखने को मिली। ऐसा ही एक शेयर-उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक का है। इस शेयर पर शुक्रवार को निवेशक टूट पड़े। अहम बात ये है कि इस शेयर के लिए एक्सपर्ट बुलिश हैं। हाल ही में घरेलू ब्रोकरेज आइसीआइसीआइ सिक्योरिटीज ने उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के शेयर को खरीदने की सलाह दी है।

### पेटीएम में बड़े पैमाने पर होने वाली है छंटनी?

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ने जब से पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ एक्शन लिया है, तभी से पेटीएम के भविष्य को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इसी बीच पेटीएम के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (बिजनेस) प्रवीण शर्मा ने भी इस्तीफा दे दिया है। इससे पेटीएम से जुड़े सवाल और भी उलझ गए हैं।

# अमेरिका में आखिरी सांसें गिन रही है कपड़ा इंडस्ट्री, कभी देश की इकॉनमी में था जलवा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका की इकॉनमी में किसी समय कॉटन इंडस्ट्री का बड़ा बोलबाला था। देश के दक्षिणी राज्यों की प्लांटेशन इकॉनमी में इसकी काफी अहमियत थी। लेकिन आज यह इंडस्ट्री बुरी स्थिति में है। अमेरिका में इस फसल की मांग लगातार तेजी से घट रही है। साल 1893 में शिकागो एक्सपो के समय देश में लगभग 900 अमेरिकी कपास मिलें चल रही थीं। 1900 के दशक में तो यह संख्या और भी बढ़ गई थी लेकिन नेशनल कॉटन काउंसिल की मानें तो आज देश में कॉटन मिल्स की संख्या करीब 100 रह गई है। देश में कपड़ा बनाने का काम लगभग बंद हो चुका है। ऐसे में कैलिफोर्निया से कैरोलिना तक लाखों एकड़ में बुवाई करने वाले कपास किसानों को अपनी अगली फसल के लिए देश में खरीदार मिलने की संभावना पहले से कहीं कम है।



ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस साल अमेरिका की कपड़ा मिलों में 139 वर्षों में सबसे कम कॉटन प्रोसेस होने की उम्मीद है। अमेरिकी किसान विदेशी खरीदारों के लिए कॉटन उगा रहे हैं लेकिन इसमें भी कई चुनौतियां हैं। अमेरिका से कॉटन का निर्यात लगातार तीसरे साल गिरावट की राह पर है। इससे ब्राजील टॉप पर पहुंचने के करीब पहुंच गया है। विदेशों में सस्ते उत्पादन से मिल रही प्रतिस्पर्धा और सिंथेटिक मटीरियल के बढ़ते इस्तेमाल से अमेरिका में कॉटन इंडस्ट्री की यह दुर्गति हुई है। 2016 में संसद ने 1930 टैरिफ अधिनियम में संशोधन किया था। इसमें आयातकों को 800 डॉलर से कम मूल्य के ग्राहकों के ऑर्डर को ड्यूटी-फ्री कर दिया गया।

### सबसे बड़ा एक्सपोर्टर

इसके साथ ही कोरोना-काल में ई-कॉमर्स में उछाल से शेन जैसी विदेशी फास्ट-फैशन कंपनियों ने अमेरिका में गहरी पैठ बना ली। साल 2022-23 अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा कॉटन एक्सपोर्टर रहा। इस दौरान अमेरिका ने 28 लाख मीट्रिक टन कॉटन का एक्सपोर्ट किया। ब्राजील 14 लाख मीट्रिक टन के साथ दूसरे नबर पर रहा। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, भारत, बेनिन, तुर्की, बुर्किना फासो, माली और कैमरून का नंबर रहा।

## सोल-जेजू सिटी के बीच रोजाना उड़ती हैं 226 फ्लाइट्स, दूर-दूर तक कोई नहीं है टक्कर में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में दिल्ली-मुंबई रूट को एयरलाइन कंपनियों के लिए सबसे व्यस्त रूट माना जाता है। इस रूट पर रोजाना 115 फ्लाइट्स ऑपरेट होती हैं। लेकिन दुनिया में सबसे व्यस्त घरेलू रूट की बात करें तो इसमें दिल्ली-मुंबई तीसरे नंबर पर है। इसमें पहले नंबर पर दक्षिण कोरिया का जेजू सिटी-सोल रूट है। इस पर रोजाना 226 फ्लाइट्स ऑपरेट होती हैं। यानी इस रूट पर दिल्ली-मुंबई की तुलना में करीब दोगुना है। सोल दक्षिण कोरिया की राजधानी है जबकि जेजू सिटी जेजू प्रांत की राजधानी और जेजू द्वीप का सबसे बड़ा शहर है। इसकी आबादी करीब सात लाख है और यह सोल से करीब 450 किमी दूर है। इस शहर में एक इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी है।

इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के दो शहर हैं। सिडनी और मेलबर्न के बीच रोजाना 158 फ्लाइट्स ऑपरेट होती हैं। तीसरा नंबर नई दिल्ली और मुंबई का है। इन दोनों शहरों के बीच रोजाना 115 उड़ानें संचालित होती हैं। दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया के दो शहरों बगोटा और मेडेलिन के बीच रोजाना 114 फ्लाइट्स चलती हैं। वियतनाम के हो ची मिन्ह और हनोई के बीच रोजाना 113 फ्लाइट्स, सऊदी अरब के जेद्दाह और रियाद के बीच



113 फ्लाइट्स, जापान के फुकुओका और टोक्यो के बीच 108 फ्लाइट्स और ब्राजील के साओ पाउलो और रियो डी जेनेरियो के बीच 102 फ्लाइट्स चलती हैं। दिलचस्प बात है कि टॉप 10 में अमेरिका और चीन का कोई भी रूट शामिल नहीं है।

### सबसे बड़ी एयरलाइन

डेली फ्लाइट्स के हिसाब से देखें तो टॉप चार में अमेरिका की एयरलाइन कंपनियां हैं। अमेरिकन एयरलाइन रोजाना 5,726 फ्लाइट्स ऑपरेट करती है। डेल्टा एयरलाइन्स 4,466 फ्लाइट्स के साथ दूसरे, यूनाइटेड एयरलाइन्स (4,140) तीसरे और साउथवेस्ट एयरलाइन्स (3,880) चौथे नंबर पर है।

## अफगानिस्तान में एक भी आदमी के पास नहीं क्रेडिट कार्ड, पाकिस्तान-बांग्लादेश का भी है बुरा हाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत समेत पूरी दुनिया में क्रेडिट कार्ड की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में क्रेडिट कार्ड्स की संख्या 10 करोड़ के आसपास है। कई लोगों के पास एक से ज्यादा क्रेडिट कार्ड हैं। वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 4.62 फीसदी लोगों के पास क्रेडिट कार्ड है। आबादी के प्रतिशत के हिसाब से देखें तो भारत दुनिया के टॉप देशों की लिस्ट में नहीं है। लिस्ट में सबसे नीचे मौजूद दस देशों में भारत का नाम है। लेकिन दुनिया में एक ऐसा देश भी है जहां किसी के भी पास क्रेडिट कार्ड नहीं है। पाकिस्तान और बांग्लादेश का भी बुरा हाल है।

वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक क्रेडिट कार्ड के यूज के मामले में कनाडा पहले नंबर पर है। इस देश की 82.74 फीसदी आबादी क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करती है। इजरायल में 79.05



प्रतिशत, आइसलैंड में 74 प्रतिशत, हॉन्ग कॉन्ग में 71.63 प्रतिशत, जापान में 69.66 प्रतिशत, स्विट्जरलैंड में 68.21 प्रतिशत, साउथ कोरिया में 68.44 प्रतिशत, नॉर्वे में 66.74 प्रतिशत और अमेरिका में 66.7 प्रतिशत लोग क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं। इसी तरह ब्रिटेन में 62.11 प्रतिशत, इटली में 57.88 प्रतिशत, जर्मनी में 56.52 प्रतिशत, ऑस्ट्रेलिया में 51.41 प्रतिशत, सिंगापुर में 41.74 प्रतिशत और चीन में 37.95 प्रतिशत लोग क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं। क्रेडिट कार्ड एक पेमेंट कार्ड है, जो आमतौर पर बैंक द्वारा जारी किया जाता है। आप इसके जरिए पेमेंट कर सकते हैं और बाद में इसका बिल चुकाना पड़ता है।

### अफगानिस्तान का हाल

अफगानिस्तान दुनिया का अकेला देश है जहां कोई भी व्यक्ति क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल नहीं करता है। इस इस्लामी देश में तालिबान का शासन है। नीचे से दूसरे नंबर पर पाकिस्तान है। इस देश में क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करने वालों की आबादी महज 0.22 प्रतिशत है। बांग्लादेश में यह संख्या 0.62 प्रतिशत है। इसके बाद इंडोनेशिया (1.6 प्रतिशत), नाइजीरिया (1.61 प्रतिशत) और मिस्र (2.8 प्रतिशत) का नंबर है। भारत 4.62 फीसदी के साथ इस लिस्ट में नीचे से सातवें नंबर पर है। हालांकि भारत में क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। दिसंबर, 2023 तक देश में 9.79 करोड़ क्रेडिट कार्ड जारी किए जा चुके थे। दिसंबर में ही देश में 19 लाख क्रेडिट कार्ड जारी किए गए थे।

## एनपीएस कर्मियों को अप्रैल से आधार वेरीफिकेशन कराना अनिवार्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने अपने एनपीएस खाता धारकों की सुरक्षा के मद्देनजर पहली अप्रैल से आधार वेरीफिकेशन कराना अनिवार्य कर दिया है। द्विस्तरीय दृष्टिकोण के माध्यम से सीआरए प्रणाली के अनधिकृत उपयोग के जोखिम को कम किया जा सकता है। पीएफआरडीए ने इसके लिए सीआरए प्रणाली को टू फैक्टर प्रमाणीकरण प्लेटफार्म तैयार किया है। इसे सुलभ बनाने के मकसद से आधार बेस्ड लॉग-इन प्रमाणीकरण को वर्तमान उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड-आधारित लॉग-इन प्रक्रिया के साथ एकीकृत करेंगे। आधार बेस्ड लॉग इन वेरिफिकेशन को एनपीएस अभिदाता, अपने यूजर आईडी से जोड़ेंगे। इसके बाद आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा। इसे दर्ज करने के बाद ही एनपीएस खाते को लॉग-इन किया जा सकेगा।

पीएफआरडीए द्वारा पिछले दिनों जारी सर्कुलर में कहा गया है कि एनपीएस के नए लॉग-इन मानदंडों के अनुसार, सीआरए प्रणाली को दो-कारक प्रमाणीकरण के जरिए अधिक सुरक्षित बनाया गया है। पहली अप्रैल, 2024 से एनपीएस की सेंट्रल रिकॉर्ड कीपिंग एजेंसी (सीआरए) प्रणाली में लॉग इन करने वाले सभी पासवर्ड-आधारित उपयोगकर्ताओं के लिए नई सुरक्षा प्रणाली अनिवार्य कर दी गई है। सीआरए प्रणाली तक पहुंचने में सुरक्षा उपायों को बढ़ाने और ग्राहकों एवं हितधारकों के हितों की रक्षा के लिए, सीआरए प्रणाली में लॉग-इन के लिए आधार-आधारित प्रमाणीकरण के माध्यम से अतिरिक्त सुरक्षा सुविधाएं लाने का निर्णय लिया गया है। नई सुरक्षा प्रणाली के तहत, एनपीएस ग्राहक आधार-आधारित प्रमाणीकरण और अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजे गए ओटीपी दर्ज करने के बाद ही अपने खातों तक पहुंच सकते हैं।

पीएफआरडीए परिपत्र के अनुसार, पीआरएओ/डीटीए/पीएओ/डीटीओ/डीडीओ सहित सरकारी और कॉर्पोरेट नोडल कार्यालयों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) से संबंधित कार्यों के संचालन, गतिविधियों के निष्पादन और विभिन्न रिपोर्ट को तैयार करने के लिए केंद्रीय अभिलेखपालन अभिकरण (सीआरए) प्रणाली का उपयोग करने की अनुमति दी गई है। सीआरए सिस्टम में लॉग इन करने वाले सभी पासवर्ड आधारित उपयोगकर्ताओं के लिए एक अतिरिक्त सुरक्षा स्तर, द्विस्तरीय आधार आधारित प्रमाणीकरण, को अनिवार्य रूप से लागू किया जा रहा है।

### अतिरिक्त सुरक्षा सुविधा

वर्तमान में केंद्र और राज्य सरकारों के तहत नोडल कार्यालय, उनके अंतर्निहित स्वायत्त निकायों सहित, एनपीएस लेनदेन के लिए सीआरए का उपयोग करने की खातिर पासवर्ड आधारित लॉग-इन प्रयोग करते हैं। सुरक्षा विशेषताओं को बढ़ाने और अभिदाताओं और हितधारकों के हितों की रक्षा करने के मद्देनजर सीआरए प्रणाली लॉग-इन के लिए आधार आधारित प्रमाणीकरण के माध्यम से अतिरिक्त सुरक्षा सुविधाओं को शुरू करने का निर्णय लिया गया है। यह आधार आधारित लॉग-इन प्रमाणीकरण वर्तमान यूजर आईडी और पासवर्ड आधारित लॉग-इन प्रक्रिया के साथ एकीकृत किया जाएगा। इसके माध्यम से सीआरए प्रणाली का उपयोग करने के लिए द्विस्तरीय प्रमाणीकरण को सक्षम करेगा।

## आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड और जेएम फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स लिमिटेड की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड और जेएम फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स लिमिटेड की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दरअसल, केंद्रीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) नियामक उल्लंघनों की जांच के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड और जेएम फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स लिमिटेड का एक स्पेशल ऑडिट शुरू करेगा। यह स्पेशल ऑडिट आगामी 12 अप्रैल से किया जाएगा। बता दें कि आईआईएफएल फाइनेंस को गोल्ड लोन देने से रोक दिया गया है। वहीं जेएमएफपीएल की बात करें तो शेयरों या डिबेंचर के फाइनेंसिंग पर प्रतिबंध का सामना करना पड़ रहा है। इन दोनों कंपनियों पर प्रतिबंध लगाते समय आरबीआई ने कहा था कि एक स्पेशल ऑडिट पूरा होने और कमियों को दूर करने के बाद ही प्रतिबंधों की समीक्षा की जाएगी। आरबीआई ने इन दोनों कंपनियों का स्पेशल ऑडिट करने के लिए एक ई-टेंडर जारी किया है।




## संक्षिप्त समाचार

### रेखा झुनझुनवाला ने खरीदे 12 आलीशान अपार्टमेंट, 156 करोड़ की है डील



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार की दिग्गज निवेशक रेखा झुनझुनवाला रियल एस्टेट सेक्टर में ताबड़तोड़ निवेश कर रही हैं। इसी कड़ी में उन्होंने परिवार के साथ दक्षिण मुंबई के मालाबार हिल के वॉकेश्वर रोड पर 12 आलीशान अपार्टमेंट खरीदे हैं। यह डील 156 करोड़ रुपये में हुई है। यह अपार्टमेंट एक पुरानी इमारत में है, जो रेखा झुनझुनवाला के 14 मंजिला आवास रेयर विला के बगल में है। लगभग 50 साल पुरानी इस हाउसिंग सोसाइटी और आसपास की कुछ अन्य संपत्तियों के संभावित पुनर्विकास पर चर्चा के बीच रेखा झुनझुनवाला परिवार पिछले कुछ महीनों में इस इमारत, रॉकसाइड अपार्टमेंट में कई निवेश किए हैं। ईटी की रिपोर्ट में एक ब्रोकर के हवाले से बताया गया है कि यह परिवार के लिए एक निवेश की तरह लगता है या वे सिर्फ यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि पुनर्विकास परियोजना के कारण उनका सी-फेसिंग व्यू में दिक्कत न हो। मतलब ये कि अपार्टमेंट से समुंद्र के किनारे के व्यू साफ-साफ देखे जा सकें। ईटी की रिपोर्ट की मानें तो अपार्टमेंट का औसत क्षेत्रफल 2100 वर्ग फुट और कुल क्षेत्रफल 26,119 वर्ग फुट है। पिछले 2-3 महीनों में हुए सौदों के रजिस्ट्रेशन के लिए परिवार ने अकेले स्टांप ड्यूटी के रूप में 9.02 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया है। आखिरी डील 15 मार्च को हुई थी। इसके तहत इमारत की तीसरी मंजिल पर 1,666 वर्ग फुट के एक अपार्टमेंट के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया था। बता दें कि पिछले साल नवंबर में रेखा झुनझुनवाला समर्थित किन्नटीस्टो एलएलपी ने मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) और अंधेरी में कॉमर्शियल टावरों में लगभग 740 करोड़ रुपये का प्राइम ऑफिस स्पेस हासिल किया था।

### चीन के वाणिज्य मंत्री से मिले एपल के सीईओ टिम कुक, शंघाई में नए स्टोर की ओपनिंग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन के वाणिज्य मंत्री वांग वेंताओ ने शुक्रवार को एपल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टिम कुक से मुलाकात की। दोनों लोगों ने चीन में एपल के विकास और चीन-अमेरिका आर्थिक व व्यापार संबंधों पर अपने विचार साझा किए। यह बैठक कुक द्वारा शंघाई में एपल का सबसे नया स्टोर खोलने के एक दिन बाद हुई। फोन निर्माता एपल चीन में आईफोन की बिक्री में गिरावट और हुआवेई जैसे घरेलू प्रतिद्वंद्वियों से बढ़ती प्रतिस्पर्धा से जूझ रहा है। वांग ने कहा कि चीन-अमेरिका के बीच आर्थिक और व्यापारिक सहयोग द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक स्थिर शक्ति है। चीन दोनों देशों के बीच व्यापार सहयोग के लिए एक निष्पक्ष, स्थिर और अनुमानित वातावरण बनाने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ काम करने के लिए तैयार है। कुक के अगले सप्ताह बीजिंग में चीन विकास मंच में भाग लेने की उम्मीद है। इस दौरान शीर्ष चीनी नीति निर्माताओं के साथ विदेशी कंपनियों के सीईओ की एक सभा होगी।

### अंतरराष्ट्रीय हुआ अमूल, अमेरिकी बाजार में लॉन्च किया ताजा दूध, जल्द ही कई उत्पाद पेश करने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपनी टैगलाइन 'टेस्ट ऑफ इंडिया' के लिए मशहूर प्रतिष्ठित डेयरी ब्रांड अमूल ने पहली बार अमेरिकी बाजार में अपने ताजा उत्पाद दूध को लॉन्च कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई शुरुआत कर दी है। इसके लिए अमूल ने अमेरिका में 108 साल पुरानी डेयरी सहकारी संस्था मिशिगन मिल्क प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के साथ साझेदारी की है। अमूल का संचालन करने वाले गुजरात सहकारी दूध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने कहा कि भारत की तरह अमेरिका में भी अमूल ने एक और आधा गैलन पैक में ताजा दूध की अपनी श्रृंखला लॉन्च की है, जिसमें अमूल गोल्ड, अमूल शक्ति, अमूल ताजा और अमूल स्लिम एन ट्रिम शामिल है।

## घर बेचकर बनाई कंपनी, वेस्ट मटेरियल से खड़ा कर दिया करोड़ों का बिजनेस, आज दुनिया में बज रहा डंका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जिंदगी में अगर कुछ करने की ठान ली जाए तो सफलता जरूर मिलती है। दुनिया में ऐसे लोग कम ही हैं जो तमाम परेशानियों के बावजूद बड़ी सफलता हासिल करते हैं। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है छत्तीसगढ़ के राहुल सिंह ने। राहुल ने वेस्ट मटेरियल से करोड़ों रुपयों का कारोबार खड़ा कर दिया है। राहुल ने घर बेचकर इकोसोल होम नाम से कंपनी की शुरुआत की थी। यह कंपनी पेड़ के पत्तों और बांस जैसे पदार्थों से इकोफ्रेंडली प्रोडक्ट बना रही है। आज कंपनी का टर्नओवर करोड़ों रुपयों में है। राहुल आज पर्यावरण को बचाने के साथ अपने बिजनेस को भी तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। कंपनी का बिजनेस आज कई देशों में फैला हुआ है। आईए आपको बताते हैं छत्तीसगढ़ के राहुल ने इतनी बड़ी सफलता कैसे हासिल की है। राहुल सिंह का जन्म छत्तीसगढ़ के भिलाई में एक



मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था। राहुल ने अपने शहर के स्थानीय सरकारी स्कूल से पढ़ाई की। साल 2005 में सूरत से बीटेक किया। इसके बाद जमशेदपुर के ज़ेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से एमबीए करने के बाद 2008 में राहुल अमरीका चले गए। राहुल ने वहां 2008 से 2019 तक अलग-अलग कंपनियों में काम किया। राहुल अपना खुद का बिजनेस करना चाहते थे। वह हमेशा से ही पर्यावरण के बारे में सोचा करते थे। ऐसे में उन्होंने खुद की कंपनी शुरू करने का निर्णय लिया। लेकिन ये इतना आसान नहीं था। राहुल को शुरुआत में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। राहुल जब अमेरिका में एक कंपनी में काम कर रहे थे। वहां पर उनकी मुलाकात अरविंद गणेशन से हुई। दोनों ने साल 2020 में मिलकर वाशिंगटन में इकोसोल होम नाम से कंपनी की शुरुआत की। जब बिजनेस चलने लगा तो उन्होंने इसे और आगे बढ़ाने का सोचा। इसके लिए साल 2022 में राहुल परिवार के साथ भारत लौट आए। आज भारत सहित अमेरिका, कनाडा, यूके, जर्मनी आदि कई देशों में इनका बिज़नेस फैला हुआ है और सभी जगह इनकी 150 से ज्यादा मैन्युफैक्चरिंग यूनिट काम कर रही हैं। आज कंपनी का कारोबार 300 करोड़ रुपये से ज्यादा का हो चुका है। राहुल ने अपनी कंपनी के जरिए 1.3 मिलियन टन प्लास्टिक अभी तक बचाई है। राहुल का बिजनेस कई देशों में फैला हुआ है। आज सभी जगह पर इसकी 150 से ज्यादा मैन्युफैक्चिरिंग यूनिट काम कर रही हैं।

## भारत ने प्याज के निर्यात पर जारी प्रतिबंध अनिश्चितकाल के लिए बढ़ाया

### कई देशों में बढ़ सकती हैं कीमतें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने प्याज के निर्यात पर अपने प्रतिबंध को अनिश्चित काल के लिए बढ़ा दिया है। आम चुनाव से पहले सरकार के इस कदम से विदेशी बाजारों में प्याज की कीमतों में इजाफा हो सकता है। दुनिया के सबसे बड़े प्याज निर्यातक भारत द्वारा दिसंबर में लगाया गया प्रतिबंध 31 मार्च को समाप्त होने वाला था। इससे पहले व्यापारियों ने अनुमान लगाया था कि इसे हटा दिया जाएगा क्योंकि निर्यात प्रतिबंध लागू होने के बाद से स्थानीय कीमतें आधी से कम हो गई हैं और इस सीजन के उत्पाद की ताजा आपूर्ति भी शुरू हो गई है। हालांकि, सरकार ने शुक्रवार देर रात जारी एक आदेश में कहा है कि प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध अगली सूचना तक लागू रहेगा।



मुंबई की एक निर्यात कंपनी के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, नई फसल से बढ़ती आपूर्ति के साथ गिरती कीमतों को देखते हुए यह विस्तार आश्चर्यजनक और पूरी तरह अनावश्यक है। सबसे बड़े प्याज उत्पादक राज्य महाराष्ट्र के कुछ थोक बाजारों में प्याज की कीमतें दिसंबर के 4,500 रुपये से घटकर 1,200 रुपये (14 डॉलर) प्रति 100 किलोग्राम हो गई हैं। देश में 19 अप्रैल से उसके बाद सात सप्ताह के दौरान आम चुनाव होने हैं। बांग्लादेश, मलेशिया, नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश प्याज की आपूर्ति में अपनी जरूरतों को पूरा करने में भारत से आयात पर निर्भर हैं। इनमें से कई देश इस प्रतिबंध के बाद से उच्च कीमतों से जूझ रहे हैं।

# भारत को उसका नगीना वापस मिल गया...

## ऋषभ पंत के कमबैक पर बोले नवजोत सिंह सिद्धू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज नवजोत सिद्धू को भरोसा है कि कार दुर्घटना के बाद क्रिकेट में वापसी करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत जल्द ही फॉर्म में वापसी कर लेंगे। वह कार दुर्घटना से



उबरने और 'रिहैबिलिटेशन' के कारण पिछले सत्र में नहीं खेल पाये थे। लेकिन वापसी में दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व कर रहे हैं। हालांकि शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ पंत 18 रन ही बना सके। हालांकि वह विकेटों के बीच रन लेने में फुर्तीले थे। उन्होंने स्टंप के पीछे कैच लपका और एक स्टंपिंग भी की।

**ऋषभ पंत की वापसी से खुश नवजोत सिंह सिद्धू-** सिद्धू ने 'स्टार स्पोर्ट्स' पर 'क्रिकेट लाइव' प्रोग्राम के दौरान कहा, 'वह दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व कर रहा है और विकेटों के बीच में अच्छी तरह दौड़ रहा है। वह अच्छा क्रिकेट खेल रहा है। वह बस जल्द ही फॉर्म हासिल कर लेगा, यह बस समय की बात है। लेकिन अहम चीज यह है कि भारतीय क्रिकेट को उसका नगीना वापस मिल गया है और मैदान पर उसकी वापसी के लिए हमें भगवान का शुक्रगुजार होना चाहिए। '

उन्होंने कहा, 'जब यह कार दुर्घटना हुई थी तो मैंने कार की फोटो देखी थी। सबकुछ जल गया था, कार का कोई भी हिस्सा नहीं बचा था। कोई भी उस तरह की भयावह दुर्घटना से कैसे बच सकता है? ' सिद्धू ने कहा, 'फिर उसका ऑपरेशन सफल होगा या नहीं,सब यही सोच रहे थे। लेकिन उनके लिए सब कुछ अच्छा रहा। '

# पंजाब किंग्स की जीत पर प्रीति की फ्लाइंग किस

## पंजाबी एक्ट्रेस सोनम बाजवा और सीएम भगवंत मान की बहन ने स्टेडियम में साथ देखा मैच

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** मोहाली के मुल्लांपुर स्टेडियम में शनिवार को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीमों के बीच खेले गए आईपीएल मैच में पंजाब किंग्स टीम की मालकिन प्रीति जिंटा। पजाबी एक्ट्रेस सोनम बाजवा भी मैच देखने स्टेडियम पहुंचीं।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का दूसरा मैच शनिवार को पंजाब किंग्स और



दिल्ली कैपिटल्स के बीच मोहाली में पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में खेला गया। मुल्लांपुर में बने इस स्टेडियम के आसपास सुबह से ही मेले जैसा माहौल रहा। हर सीजन की तरह पंजाब किंग्स की मालिक और बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रीति जिंटा भी अपनी टीम का उत्साह बढ़ाने स्टेडियम में मौजूद रहीं। उन्होंने मैच के दौरान पंजाब किंग्स के फैंस को टी-शर्ट भी बांटीं। मैच के आखिरी ऑवर में पंजाब किंग्स के लियम लिविंगस्टन ने जब विनिंग सिक्स लगाया तो प्रीति जिंटा खुशी से उछल पड़ीं और फ्लाइंग किस दिया।

# रोहित शर्मा को उम्मीद, नए चेहरे आईपीएल में शुरू से ही छाप छोड़ेंगे

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को उम्मीद है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी चरण के लिए उनकी टीम में शामिल किए गए नए खिलाड़ी शुरू से ही छाप छोड़ने में कामयाब होंगे क्योंकि फ्रेंचाइजी का लक्ष्य नये कप्तान हार्दिक पांड्या की अगुआई में रिकॉर्ड छठा खिताब हासिल करना है।



पांच बार की आईपीएल चैम्पियन मुंबई इंडियंस ने इस बार दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी, अंडर-19 विश्व कप के अनकैप्ड स्टार क्वेना मफाका, इंग्लैंड के ल्यूक वुड, श्रीलंका के नुवान तुषारा, वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड और अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को शामिल किया है।

# न्यूजीलैंड ने 3 रन से जीता तीसरा विमेंस टी-20

## हारकर भी सीरीज में 2-1 से आगे इंग्लैंड, चौथा मुकाबला 27 मार्च को



**नेल्सन (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने विमेंस टी-20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में इंग्लैंड को 3 रन से हरा दिया। आखिरी ओवर में इंग्लैंड को 8 रन चाहिए थे, अनुभवी सूजी बेट्स ने यहां 4 ही रन दिए और 2 विकेट झटक लिए। 60 रन बनाने के बाद 2 विकेट लेने वाली सोफी डिवाइन प्लेयर ऑफ द मैच रहीं।

न्यूजीलैंड ने नेल्सन के स्टेडियम में पहले बैटिंग करते हुए 3 विकेट के नुकसान पर 155 रन बनाए। इंग्लैंड की टीम 8 विकेट खोकर भी 152 रन ही बना सकी। तीसरे टी-20 में जीत के बावजूद न्यूजीलैंड 5 मैचों की सीरीज में 1-2 से पीछे है। चौथा मैच 27 मार्च को खेला जाएगा।सूजी बेट्स ने आखिरी ओवर में 8 रन डिफेंड किए और अपनी टीम को जीत दिलाई।

**न्यूजीलैंड को मिली अच्छी शुरुआत-** नेल्सन में होम टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। सूजी बेट्स ने संभलकर शुरुआत की, उनके साथ बर्नाडीन बेजीनहॉट ने तेजी से रन बनाए। दोनों ने पावरप्ले में कोई विकेट नहीं गिरने दिया फिर 7वें ओवर में बेट्स 14 रन बनाकर आउट हो गईं। उनके बाद बर्नाडीन भी 27 बॉल में 34 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं।

### डिवाइन की फिफ्टी, अमीलिया केर के साथ जोड़े 99 रन

55 रन पर 2 विकेट गिरने के बाद कप्तान सोफी डिवाइन ने अमीलिया केर के साथ न्यूजीलैंड की पारी आगे बढ़ाई। दोनों ने फिफ्टी पार्टनरशिप की और टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचा दिया। डिवाइन आखिरी ओवर में 60 रन बनाकर आउट हुईं और दोनों के बीच 99 रन की पार्टनरशिप टूटी। केर 44 रन बनाकर नॉटआउट रहीं, उनके साथ मैडी ग्रीन भी नॉटआउट रहीं, जिन्होंने एक रन बनाया। टीम ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 155 रन बनाए।

# संजू सैमसन ने 6 छक्के लगाकर तोड़ा रोहित शर्मा का रिकॉर्ड

## राजस्थान ने लखनऊ को 20 रन से हराया



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने आईपीएल 2024 के अपने पहले मुकाबले में केएल राहुल की टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ नाबाद 82 रन की पारी खेली और उनकी इस पारी के दम पर राजस्थान ने लखनऊ के खिलाफ 20 ओवर में 4 विकेट पर 193 रन बनाए।

इस मैच में राजस्थान के शुरुआती विकेट जल्दी गिर गए, लेकिन इसके बाद संजू ने ना सिर्फ पारी को संभाला बल्कि बेहतरीन बल्लेबाजी के दम पर टीम के स्कोर को बेहद मजबूत स्थिति में भी पहुंचाने का काम किया। संजू ने अपनी पारी के दौरान 6 बेहतरीन छक्के लगाए और रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

### 6 छक्के लगाकर रोहित से आगे निकले संजू सैमसन

संजू सैमसन ने लखनऊ के खिलाफ मुकाबले में नाबाद 82 रन बनाए और उन्होंने ये रन 52 गेंदों का सामना करते हुए बनाया और इस दौरान उन्होंने 6 छक्के और 3 चौके लगाए।

इस पारी में 6 छक्के लगाने के बाद संजू सैमसन अब आईपीएल की एक पारी में 5 या उससे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए।

# आनंद महिंद्रा ने पूरा किया वादा, क्रिकेटर सरफराज खान के पिता को गिफ्ट की महिंद्रा थार

**मुंबई (एजेंसी)।** महिंद्रा के चेयरमैन आनंद महिंद्रा अक्सर विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वालों को तोहफे में कारें देते रहते हैं। सरफराज खान ने इंग्लैंड के खिलाफ गुजरात के राजकोट से टेस्ट डेब्यू किया था। मैच में सरफराज ने अर्धशतक बनाकर काफी सुर्खियां बटोरीं थी और अनिल कुंबले ने उन्हें टेस्ट कैप दी तो पिता नौशाद भावुक हो गए थे। उस दौरान आनंद महिंद्रा ने पोस्ट शेयर कर कहा था कि वह सरफराज के पिता नौशाद खान को एक महिंद्रा थार गिफ्ट करेंगे। अब आनंद महिंद्रा ने क्रिकेटर के पिता को थार गिफ्ट कर दी है। थार की डिलीवरी लेते हुए नौशाद खान की तस्वीरें भी सामने आई है, जिसमें वह अपने दोनों बेटों के साथ नजर आ रहे हैं।

इस आईपीएल में सरफराज अनसोल्ड रहे और टूर्नामेंट से बाहर हो गए। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर



(आरसीबी) के जरिए आईपीएल में एंट्री करने वाले सरफराज 2015 से 2018 तक आरसीबी का हिस्सा रहे। उन्होंने 2019 से 2021 तक पंजाब किंग्स के लिए खेला और 2022 और 2023 में दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रह चुके हैं।

### पावरट्रेन और कीमत

महिंद्रा थार में तीन इंजन ऑप्शन मिलते हैं, जिसमें 2-लीटर टर्बो पेट्रोल, 2.2-लीटर डीजल और 1.5-लीटर डीजल शामिल हैं। सभी इंजन के साथ इसमें 6-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स स्टैंडर्ड मिलता है। वहीं इस एसयूवी की कीमत 11.25 लाख रुपये से 17.60 लाख रुपये के बीच है।

### फीचर्स

इस गाड़ी में 7-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, एंड्रॉइड ऑटो, ऐप्पल कार प्ले क्रूज़ कंट्रोल, मैनुअल एसी, एयरबैग, एबीएस (एंटीलॉक ब्रेकिंग सिस्टम), ईबीडी (इलेक्ट्रॉनिक ब्रेकफोर्स डिस्ट्रीब्यूशन) जैसे फीचर्स मिलते हैं।



# रसेल 200 आईपीएल सिक्स लगाने वाले 9वें खिलाड़ी

## एसआरएच ने लगाए पारी में 15 छक्के, टॉप रिकॉर्ड्स

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आंद्रे रसेल जिस तरह के खेल के लिए जाने जाते हैं उनकी वैसी ही पारी हैदराबाद के खिलाफ क्रिकेट फैंस को देखने को मिली। रसेल ने हैदराबाद के गेंदबाजों की बखिया उधेड़ते हुए अपनी पारी में 7 छक्के लगाए और नाबाद 64 रन की पारी सिर्फ 25 गेंदों पर खेली। रसेल ने इन 7 छक्कों की मदद से आईपीएल में अपने 200 छक्के भी पूरे कर लिए और वह इस लीग में सबसे कम गेंद खेलकर इतने छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले स्थान पर पहुंच गए औरह क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

इस मैच में केकेआर को हैदराबाद के खिलाफ 4 रन से जीत मिली और इस मैच में रसेल ने 2 विकेट भी लिए।

### आंद्रे रसेल ने तोड़ा क्रिस गेल का रिकॉर्ड

आंद्रे रसेल ने आईपीएल में अपने 200 छक्के पूरे कर लिए और उन्होंने ये छक्के 1322 गेंदों खेलकर जड़े। रसेल अब इस लीग में सबसे कम गेंद खेलकर 200 छक्के पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए। इससे पहले इस लीग में सबसे कम गेंद खेलकर 200 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज क्रिस गेल थे जिन्होंने यह कमाल 1811 गेंद खेलकर किया था, लेकिन अब वह लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए हैं। वहीं इस लिस्ट में किरोन पोलार्ड तीसरे नंबर पर हैं जिन्होंने 2055 गेंदों पर 200 छक्के पूरे किए थे। आईपीएल में सबसे कम गेंद खेलकर 200 छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज एमएस धोनी हैं जिन्होंने 3126 गेंद पर यह कमाल किया था।

### एबी और कोहली की खास लिस्ट में शामिल हुए रसेल

आंद्रे रसेल आईपीएल में डेथ ओवर्स में 200 प्लस की स्ट्राइक रेट के साथ 1000 रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए। रसेल से पहले इस लीग में ऐसा कमाल एबी डिविलिर्स और विराट कोहली ने किया था। रसेल ने इस लीग में डेथ ओवर्स में 200 प्लस की स्ट्राइक रेट के साथ 1013 रन बनाए हैं तो वहीं एबी ने 1412 रन जबकि कोहली ने 1045 रन बनाए हैं।

### आईपीएल डेथ ओवरों में 200+ स्ट्राइक रेट से सर्वाधिक रन

1421 रन — एबी डिविलियर्स
1045 रन — विराट कोहली
1013 रन — आंद्रे रसेल
534 रन — ऋषभ पंत
414 रन — फाफ डु प्लेसिस
404 रन — क्रिस गेल

### आईपीएल में सबसे कम गेंद खेलकर 200 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज

1322 — आंद्रे रसेल
1811 — क्रिस गेल
2055 — कीरोन पोलार्ड
2790 — एबी डिविलियर्स
3126 — एमएस धोनी
3798 — रोहित शर्मा
3879 — डेविड वॉर्नर



# मयंक-क्लासेन को आउट कर दादागीरी दिखाना पड़ा भारी

## हर्षित राना की कट गई आधी से ज्यादा मैच फीस

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच आईपीएल 2024 का तीसरा मैच बीते शनिवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में केकेआर के हीरो युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा रहे, जिन्होंने आखिरी ओवर में 13 रन डिफेंड कर अपनी टीम को जीत दिलाई। केकेआर 4 रन से यह रोमांचक मैच अपने नाम करने में सफल रही। हालांकि मैच के बाद हर्षित राणा पर फाइन भी लगा। क्या है इसकी वजह, आइये जानते हैं।

**हर्षित राणा पर लगा फाइन-** कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाड़ी हर्षित राणा पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने पर जुर्माना लगाया गया है। राणा के एसआरएच खिलाड़ियों मयंक अग्रवाल और हेनरिक क्लासेन को आउट करने के बाद उनके प्रति व्यवहार के कारण जुर्माना लगाया गया, जो उनकी मैच फीस का 60 प्रतिशत है। आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत दो लेवल 1 अपराधों के लिए दंडित किए जाने के बाद राणा ने मैच रेफरी के फैसले को स्वीकार कर लिया।

बता दें कि मैच रेफरी का फैसला ऐसे उल्लंघनों के लिए अंतिम और बाध्यकारी माना जाता है। विवाद के बावजूद, राणा ने केकेआर की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, आखिरी ओवर में 13 रन का सफलतापूर्वक बचाव किया, जिससे एसआरएच पर 4 रन से जीत हासिल हुई।

हर्षित को लेकर क्या बोले कप्तान श्रेयस अय्यर?

मैच के बाद कोलकाता नाइटराइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने बताया कि उन्होंने हर्षित राणा को आखिरी ओवर से पहले क्या कहा था। अय्यर ने कहा, '17वें ओवर से दबाव बन रहा था। ईमानदारी से कहूं तो अंतिम ओवर में कुछ भी हो सकता था। हर्षित राणा भी जब अंतिम ओवर डालने आ रहा था तो वह भी थोड़ा नर्वस था। लेकिन मैंने हर्षित से कहा कि अगर हम हार भी गये तो भी कोई बात नहीं। मैंने उसकी आंखों में देखा और कहा यह तुम्हारा मोमेंट है।

# MCA ने रणजी ट्रॉफी जीतने के बाद अपनी टीम को दिया खास गिफ्ट

## अब मुंबई के खिलाड़ियों पर होगी पैसों की बारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने शनिवार को घोषणा की है कि वह टीम के सीनियर खिलाड़ियों के लिए आगामी 2024-25 सत्र से घरेलू क्रिकेट में बीसीसीआई द्वारा दी जाने वाली मौजूदा मैच फीस के बराबर राशि बढ़ायेगा। एमसीए अध्यक्ष अमोल काले ने शनिवार को यह घोषणा की।

एमसीए ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य रणजी ट्रॉफी के अहमियत को बढ़ावा देना और एमसीए के अंतर्गत होने वाले लाल गेंद के क्रिकेट के विकास को बढ़ावा देना है। एमसीए अध्यक्ष



काले ने बीसीसीआई की घरेलू फीस के बराबर करने का प्रस्ताव रखा जिसे राज्य इकाई की शीर्ष परिषद ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया।

काले ने कहा, 'एमसीए अगले सत्र से हर खिलाड़ी को रणजी ट्रॉफी मैच के लिए अतिरिक्त मैच फीस का भुगतान करेगा। हमें लगा कि खिलाड़ियों को अधिक कमाई करनी चाहिए, विशेषकर जो रणजी ट्रॉफी क्रिकेट खेलते हैं। '

उन्होंने कहा, 'हमारे लिए लाल गेंद का क्रिकेट बहुत मायने रखता है क्योंकि रणजी ट्रॉफी मुंबई में सभी के लिए एक विशेष स्थान रखती है। ' यह घोषणा मुंबई द्वारा रिकॉर्ड 42वीं बार रणजी ट्रॉफी जीतने के एक हफ्ते के बाद की गयी है। मुंबई की जीत के बाद एमसीए ने भी बीसीसीआई द्वारा दी गयी पांच करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि के बराबर राशि दी थी।

### मुंबई 169 रन से जीती थी फाइनल

मुंबई के वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम में मुंबई और विदर्भ के बीच रणजी ट्रॉफी 2024 का फाइनल मैच खेला गया था। इस मैच में मुंबई ने पहली पारी में 224 रन बनाए थे। इसके जवाब में विदर्भ 105 रन बनाकर ऑल आउट हो गई थी। वहीं दूसरी इनिंग में मुंबई ने 418 रन ठोक डाले और विदर्भ को 538 रन का बड़ा टारगेट दिया। विदर्भ दूसरी पारी में 368 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और मुंबई 169 रन से फाइनल जीत गई।

